

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 01, अंक : 301 | रांची, बुधवार, 16 अक्टूबर 2024 (आश्विन शुक्ल 14, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# झारखंड में चुनावी शंखनाद, 13 और 20 नवंबर को मतदान

## दो चरणों में वोटिंग, 23 नवंबर को मतगणना, आदर्श आचार संहिता लागू

- चुनाव प्रचार में अधिकतम 40 लाख खर्च कर सकते हैं प्रत्याशी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान मंगलवार दोपहर को कर दिया है। इसके तहत महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि झारखंड में 2 फेज में यानी 13 और 20 नवंबर को मतदान किया जाएगा। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। यहां बताते चलें कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है।

विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ 15 अक्टूबर, 2024 की शाम साढ़े तीन बजे से झारखंड में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में मीडिया से मुखातिब थे। श्री कुमार ने बताया कि पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा। शेष पेज 08 पर



### पहले चरण में यहां चुनाव

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर।

### दूसरे चरण में यहां चुनाव

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी।

### एप से मतदान केंद्रों की स्थिति का पता कर सकेंगे वोटर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक एप भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केंद्रों की स्थिति पता कर सकेंगे। मसलन मतदान केंद्र पर कितने लोग मतदान के लिए कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। श्री कुमार ने कहा कि यह एप बुजुर्ग मतदाताओं के लिए काफी लाभदायक होगा। वहीं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा रहेगी। इसके लिए उन्हें फार्म 12डी भरना होगा।

## झारखंडः चुनावी खर्च पर आयोग सख्त, प्रत्याशियों को खोलना होगा नया बैंक खाता

प्रातः नागपुरी संवाददाता

- बैंकों से 10 लाख रुपये से अधिक की निकासी पर इनकम टैक्स की होगी कार्रवाई

**रांची।** भारत के निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए तारीखों का एलान कर दिया है। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता से संबंधित नियमों का भी एलान कर दिया है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी की गई आदर्श आचार संहिता के अनुसार, चुनावी प्रक्रिया के दौरान कोई प्रत्याशी या उसका प्रतिनिधि या राज्य का कोई भी निवासी बैंकों से एकमुश्त 10 लाख रुपये से अधिक की निकासी करता है, तो आयकर विभाग की ओर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**चुनावी खर्च की निगरानी करेगा निर्वाचन आयोग :** भारत के निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी आचार संहिता में दी गई जानकारी के अनुसार, झारखंड में विधानसभा चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से किए जाने वाले खर्च की निगरानी खुद निर्वाचन आयोग करेगा। शेष पेज 08 पर

## मतों की गिनती शुरू होते ही फर्जी ट्रेंड दिखाने पर भड़के चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव समेत देशभर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने नतीजों से एक दिन पहले आने वाले एग्जिट पोल पर भी बात की और इसे 'नॉनसेंस' तक कह दिया। उन्होंने मीडिया का ज़िक्र करते हुए कहा कि मीडिया और खासतौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया को इस पर ध्यान देना चाहिए कि जब काउंटिंग का समय शुरू होता है वह 8 बजकर पांच मिनट से, दस मिनट से रिजल्ट दिखाना शुरू कर देते हैं, यह नॉनसेंस है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक तौर पर पहली काउंटिंग साढ़े आठ बजे शुरू होती है, लेकिन 8.05, 8.15 पर आने लगता है कि इतने की लीड, इतने की लीड, इतने की लीड, जबकि हम शुरुआती परिणाम को साढ़े नौ बजे वेबसाइट पर डालते हैं।

**इससे बहुत गड़बड़ी हो रही है:** मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि एग्जिट पोल और उससे जुड़ी अपेक्षाओं के कारण बहुत बड़ी गड़बड़ी पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रेस के लिए, खास तौर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए विचार-विमर्श और आत्मनिरीक्षण का विषय है। शेष पेज 08 पर

## 14 राज्यों की 48 विस व महाराष्ट्र व केरल की एक-एक लोस सीटों पर भी उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र एवं झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र एवं केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रमों की भी घोषणा की। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। सभी सीटों की मतगणना 23 नवंबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। इसके अनुसार 48 विधानसभा सीटों में से सर्वाधिक 9 सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। इसके अलावा राजस्थान की 7, पश्चिम बंगाल की 6, असम की 5, बिहार एवं पंजाब की 4-4, कर्नाटक की 3, केरल, मध्य प्रदेश और सिक्किम की 2-2, गुजरात, उत्तराखंड, मेघालय और छत्तीसगढ़ की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। आयोग के अनुसार 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड लोकसभा सीट के लिए बुधवार 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर तक हो सकेगी। वहीं, उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांडेड़ लोकसभा सीट के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। इनके लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन, 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच, 4 नवंबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गयी है।



### इन राज्यों की विधानसभा सीटों पर उपचुनाव

- उत्तर प्रदेश- मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी, मझावन।
- राजस्थान- झुंझुनू, रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, सलूंबर (एसटी), चौरासी (एसटी)।
- पश्चिम बंगाल- सीताई (एससी), मदारीहाट (एसटी), नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा।
- असम- धोलाई (एससी), सिडली (एसटी), बोंगाईगांव, बेहाली, सामागुड़ी।
- बिहार- तरारी, रामगढ़, इमामगंज (एससी), बेलागंज।
- पंजाब- डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला।
- कर्नाटक- शिगांव, संदुर (एसटी), चन्नापटना।
- केरल- पलक्कड़ और चेलक्कारा (एससी)।
- मध्य प्रदेश- बुधनी और विजयपुर।
- सिक्किम- सोरेंग-चाकुंग और नामची-सिंघीथांग।
- छत्तीसगढ़- रायपुर सिटी साउथ।
- गुजरात- वाव सीट।
- मेघालय- गाम्बेग्रे (एसटी)।
- उत्तराखंड- केदारनाथ।

## संक्षिप्त खबरें

### वायनाड सीट से प्रियंका गांधी लड़ेंगी चुनाव, कांग्रेस ने की घोषणा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अब वायनाड सीट पर उपचुनाव लड़ेंगी। इसकी घोषणा कांग्रेस की तरफ से कर दी गई। इसके साथ ही प्रियंका गांधी की चुनावी करियर अब शुरू हो गया। वैसे प्रियंका गांधी राजनीति में बहुत पहले ही एंट्री ले चुकी थीं, लेकिन वो सिर्फ पार्टी से ही जुड़ी हुईं थीं और किसी सदन की सदस्य नहीं थीं। प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने और लड़ाने की अटकलें काफी सालों से लगाई जा रही थी।

### झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किए 3 सीनियर ऑब्जर्वर

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बीच बड़ी खबर आ रही है। चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने तीन ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से राज्य में अगले विधानसभा चुनावों के लिए झारखंड के लिए तारिक अनवर, अधीर रंजन चौधरी और भट्टी विक्रमार्क मल्लू को एआईसीसी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के रूप में नियुक्त किया है। भट्टी विक्रम मल्लू तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री हैं।

## रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री हटाए गए, वरुण रंजन नए डीसी

- बोकारो के एसपी भी बदले

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव शेड्यूल जारी करने के ठीक पहले रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर वरुण रंजन को रांची का नया डीसी बनाया गया है। इसके अलावा बोकारो के एसपी भी बदले हैं। वहीं कई अन्य आईएएस अधिकारियों का भी तबादला किया गया है।



**बीजेपी ने की थी मंजूनाथ भजंत्री को हटाने की मांग :** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की ओर से इसे लेकर मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। बीजेपी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य निर्वाचन आयोग से मुलाकात कर रांची के उपायुक्त को हटाने की मांग की थी। शेष पेज 08 पर

## झारखंड चुनाव पर बीजेपी केंद्रीय समिति की बैठक प्रधानमंत्री मोदी हुए शामिल, उम्मीदवारों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** अगले महीने होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की मंगलवार शाम यहां बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष सीईसी सदस्यों में शामिल हुए।

बैठक में संभावित उम्मीदवारों की सूची पर विचार-विमर्श किया।



बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, झारखंड के लिए भाजपा की प्रभारी अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ के अलावा पार्टी की झारखंड इकाई के प्रमुख बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी बैठक में भाग लिया। चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि झारखंड में चुनाव 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी। शेष पेज 08 पर

## झारखंड विधानसभा चुनाव में मायावती ने मारी एंट्री
# अकेले चुनावी मैदान में उतरने की कर दी घोषणा

**रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव तारीखों के एलान के बाद राजनीतिक गलियारों में सरगरमियां तेज हो गई हैं। लेकिन विधानसभा की तारीखों के एलान होते ही मायावती ने बड़ा एलान कर दिया है।

**मायावती ने झारखंड विधानसभा चुनाव में मारी एंट्री :** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने झारखंड विधानसभा चुनाव में अकेले मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है। शेष पेज 08 पर



## 'चुनाव से पहले दी जाने वाली फ्री की योजनाएं रिश्वत'

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों की तारीखों की घोषणा आज चुनाव आयोग कर दी है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इस अर्जी पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र और इलेक्शन कमीशन को नोटिस जारी किया है और याचिका को लंबित मामलों के साथ में टैग भी कर दिया है। कर्नाटक के रहने वाले शशांक जे श्रीधर ने अपनी याचिका में कहा कि चुनाव से ठीक पहले फ्री वाली स्कीमों के एलान को रिश्वत घोषित करना चाहिए। यह मतदाता को एक तरह से रिश्वत का झांसा देना है। इसमें यह भी कहा गया कि फ्री की स्कीम से सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ता है। राजनीतिक पार्टियां अक्सर इस तरह की मुफ्त योजनाओं की घोषणा कर देती हैं और यह भी नहीं बताती हैं कि वह इनको पूरा कैसे करेंगे। याचिका में यह भी कहा गया कि पारदर्शिता की कमी ऐसे वादों को पूरा करने में समर्थ नहीं होती है। इससे वोटरों के साथ में धोखाधड़ी होती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग से मांगा जवाब



**चुनावी प्रक्रिया लेन-देन की प्रक्रिया बन कर रह जाती- याचिकाकर्ता :** याचिकाकर्ता ने कहा कि इस तरह की स्कीम से चुनाव की प्रक्रिया लेन-देन की प्रक्रिया बनकर रह जाती है। शेष पेज 08 पर



## जम्मू कश्मीर के सीएम पद की शपथ आज लेंगे उमर

**जम्मू-कश्मीर।** अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत के बाद उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए मंच तैयार है। शेष पेज 08 पर

## गढ़वा में भाजपा नेता समेत 52 लोगों पर केस दर्ज

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** पिछले रविवार को भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन को लेकर रविवार को हुए पुलिस पर पथराव, वाहनों में तोड़फोड़, आगजनी सहित माहौल खराब के मामले में संगीन धाराओं में 52 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। यह प्राथमिकी दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त कनीय अभियंता धर्मेंद्र कुमार यादव की शिकायत पर भंडरिया थाने में कांड संख्या 85/24 के तहत दर्ज की गयी है।

### मां दुर्गा के विसर्जन के दौरान हुई हिंसा का मामला



**बीजेपी जिलाध्यक्ष समेत 52 पर नामजद प्राथमिकी दर्ज :** बीजेपी जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूजा समिति के लाइसेंसी अध्यक्ष रामचंद्र महतो, समिति के वर्तमान अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, सचिव लव यादव, कोषाध्यक्ष मनोज कुशवाहा, संजय कुशवाहा, जीप सदस्य हिरवंती देवी, भाजपा नेता बबलू सिन्हा व नितेश वर्मा के नाम शामिल है। इन पर साम्प्रदायिक रूप देने के लिये भड़काऊ बयानबाजी करने का आरोप है।

**क्या है मामला ? :** बता दें कि, विवादित रास्ते पर निषेधाज्ञा लागू होने के बाद रविवार को विवादित रास्ते पर बैरिकेटिंग तोड़ने के प्रयास के बाद डीएसपी सहित पुलिसकर्मियों ने लाठीचार्ज की थी। शेष पेज 08 पर

## इस्लामाबाद पहुंचे जयशंकर, नौ साल में भारत के विदेश मंत्री की पहली पाक यात्रा

**इस्लामाबाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। यह दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पिछले करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है। जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। शेष पेज 08 पर



## वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम बनाने की जरूरत : पीएम मोदी

एजेंसियां

- प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में डब्ल्यूटीएसए 2024 का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने यहां अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा, "समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।" उन्होंने कहा, "डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार डेटा के अंतरराष्ट्रीय प्रवाह पर निर्भर करता है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल उपकरण और अनुप्रयोग किसी भी भौतिक सीमा से परे हैं और कोई भी देश अकेले अपने नागरिकों को साइबर खतरे से सुरक्षित नहीं रख सकता है। "इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। शेष पेज 08 पर



## अल्जीरियाई विवि ने राष्ट्रपति मुर्मू को प्रदान की मानद डॉक्टरेट की उपाधि

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** ल्जीरिया के शहीद इहादादेन अब्देलहाफिद वैज्ञानिक और तकनीकी विश्वविद्यालय ने मंगलवार को यहां एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। भारत में सभी सामाजिक समूहों के लिए विज्ञान और ज्ञान की वकालत के लिए उन्हें राजनीति विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक व्यक्ति से अधिक भारत के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने इस सम्मान के लिए विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्तिगत सशक्तीकरण, बल्कि राष्ट्रीय विकास का भी साधन है। छात्रों को प्रबुद्ध नागरिक के रूप में विकसित करने और भारत को 'ज्ञान अर्थव्यवस्था' में ले जाने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में कई सुधार किए हैं। शेष पेज 08 पर



# विस चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू

▸ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रेस वार्ता




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव की घोषणा से संबंधित प्रेस वार्ता किए जाने के उपरांत मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए सभी को बताया निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। उन्होंने सभी को बताया कि 22 बड़कागांव 23 रामगढ़ एवं 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 732292 मतदाता आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 22 बड़कागांव अंतर्गत पतरातू क्षेत्र में कुल 187006, 23 रामगढ़ क्षेत्र में 356262 एवं 24 मांडू अंतर्गत 189024 मतदाता शामिल हैं । स्वच्छ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न करने को लेकर सभी तरह की तैयारी जिला प्रशासन के द्वारा पूरी कर ली गयी है। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। स्वतंत्रता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जिसकी दूरभाष संख्या 06553 261427 है। मौके पर उपायुक्त ने सभी को आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों सहित निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर की गई तैक्यारियों की जानकारी दी।

प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा सभी को चुनाव के मद्देनजर जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अंतर राज्य व अंतर जिला चेक पोस्ट के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तैयारी की जानकारी दी। झारखंड में विधानसभा आम निर्वाचन के तहत दो चरणों में चुनाव होंगे प्रथम चरण के लिए गैजेट नोटिफिकेशन का प्रकाशन 18 अक्टूबर को किया जाएगा वहीं नामांकन करने की आखिरी तिथि 25 अक्टूबर 2024 होगी, स्क्रुटनी का कार्य 28 अक्टूबर तक किया जाएगा वही 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे, मतगणना 13 नवंबर 2024 को होगी ।

वहीं 23 रामगढ़ के लिए दूसरे चरण के तहत गजट नोटिफिकेशन का प्रकाशन 22 अक्टूबर 2024, नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर 2024, स्क्रुटनी 30 अक्टूबर एवं नाम वापसी 1 नवंबर तक निर्धारित है।22 बड़कागांव के लिए 13 नवंबर एवं 23 रामगढ़ के लिए 20 नवंबर मतदान की तिथि निर्धारित है, 23 नवंबर 2024 को मतगणना निर्धारित है वहीं 25 नवंबर 2024 के पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव सह भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### दर्जनों लोगों ने की आजसू की सदस्यता ग्रहण



**राहे ।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के राहे प्रखंड अंतर्गत दोकाद पंचायत के जेएलकेएम ओर झामुमो कार्यकर्ता कनक महतो, लंकेश्वर अहीर, तुलसीदास महतो, जयदेव महतो, तारकेश्वर महतो, कमलेश महतो, बसंत मुंडा, दिवाकर महतो ,हरेश महतो, बासुदेव महतो, हलधर महतो आदि आजसू पार्टी में शामिल हुए। राहे में आयोजित एक सादे समारोह में आजसू अध्यक्ष सह विधायक श्री सुदेश महतो के समक्ष सभी लोगों ने अशोक की सदस्यता ग्रहण किया। सभी को विधायक श्री सुदेश महतो ने पार्टी का पट्टा बनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नहीं लोगों को आने से पार्टी और संगठन में मजबूती आएगी।

### हाई स्कूल में खिलाया गया मिड डे मील

**सोनाहातू/राहे।** गूंज परिवार के पहल पर प्रगति प्रयास फाउंडेशन ने मंगलवार से प्रखंड के सभी हाई स्कूल में 9, 10,11 ओर 12 कक्षा के बच्चों को मध्यान्ह भोजन खिलाया। विधायक सुदेश महतो के सोच का परिणाम है कि सिल्ली में मेगा किचन में पकाया खाना हाई स्कूल में पहुँचा कर बच्चों को खिलाया गया।प्रगति प्रयास फाउंडेशन ने राहे ओर सोनाहातू के सभी हाई स्कूल में मैं ध्यान में भोजन खिलाने की जिम्मेवारी ली है।

### सोनाहातू: दर्जनों लोगों ने ली आजसू की सदस्यता

**सोनाहातू।** प्रखंड के जिंतु पंचायत में आयोजित मिलन समारोह में पंचायत के विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकताओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण किया। आजसू अध्यक्ष सह विधायक सुदेश महतो के समक्ष डॉ गंगाधर महतो के नेतृत्व में गंगाधर महतो, शिवनाथ महतो, काशीनाथ महतो, साइन नाथ महतो, नंदकेश्वर महतो, देवेंद्र नाथ महतो, राज किशोर महतो, नागेश्वर महतो, संजय महतो, हराधन मुंडा ,सनातन मुंडा, शिव धन मुंडा, लखीचरण स्वांसी, कपिल देव महतो, योगेश्वर महतो, परमेश्वर मेहता, आदि ने आजसू की सदस्यता अभियान किया। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव संजय महतो ,प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक, बीरेंद्र सिंह मुंडा, मुकेश महतो,वार्ड सदस्य शिवेश्वर महतो,घासीराम महतो, उपेन महतो, पुस्तम मुंडा बिपिन पाल, देवेंद्र महतो, आदि मौजूद थे।

### मतदाता जागरुकता के लिए स्वीप कोषांग की बैठक

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मंगलवार को स्वीप कोषांग की बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में हुई। बैठक स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी ने सभी महाविद्यालयों के नोडल पदाधिकारियों को मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए मतदाता जागरुकता अभियान के लेकर सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में चार-चार वॉलिंटियर एवं दो कैंपस एंबेसडर का चयन करने का निर्देश दिया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए द हंस फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सोनाहातू।** देश के प्रतिष्ठित संस्था द हंस फाउंडेशन के साथ गूंज के साथ एमओयू किया गया। द हंस फाउंडेशन पंडाडीह ,राहे और सोनाहातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 बेड डायलिसिस सम्बधित बीमारी, ओपीडी सेंटर में 140 तरह के मेडिसिन और जांच सुविधा उपलब्ध करायेगी। 35 प्रकार के फोटोजेनिक जांच सुविधा उपलब्ध होगी ,जो निशुल्क होगा। आंख ,कान, दांत,शिशु रोग, फैमिली प्लानिंग सर्विस, डॉट आदि का निशुल्क जांच होगा। एमओयू के दौरान विधायक सुदेश महतो ने बताया कि डायलिसिस सेंटर और जांच केंद्र के शुरू होने से लोगों को न सिर्फ आर्थिक रूप में लाभ मिलेगा बल्कि रांची के सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों पर से भी निर्भरता खत्म होगी।हम सिल्ली विधानसभा को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर संकल्पित हैं।

## युवा मध्याह्न भोजन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर कर किया गया रवाना

▸ सिल्ली के 29 हाई स्कूलों के 5 हजार बच्चों को भेजा गया पौष्टिक भोजन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के हाई स्कूल के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना के तहत पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, आर्चरी कोच प्रकाश राम व शिशिर महतो ने मंगलवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित सामुहिक किचन से युवा मध्याह्न भोजन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उपस्थित गूंज के संयोजक जयपाल सिंह व अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा सिल्ली स्टेडियम परिसर के समीप स्थित सामुहिक किचन के माध्यम से तैयार भोजन विधानसभा क्षेत्र के 29 हाइस्कूलों में पहुंचाया जा रहा है, जहां प्रथम दिन विद्यालयों में युवा मध्याह्न भोजन समारोह आयोजन कर वर्ग 9 वीं से 12 वीं छात्र-छात्राओं के बीच पोष्टिक भोजन परोसा जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के आजसू पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय गन्यमान्य लोग एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल होंगे। मध्यान भोजन का संचालन प्रगति प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किया ज रहा है।

वहीं उन्होंने कहा कि यह सामुहिक किचन सुदेश कुमार महतो के सोच का नतीजा है।इस मेगा किचन में पकाया खाना पूरे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हाई स्कूलों में पहुँचाया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा विद्यर्थियों को निःशुल्क बस सेवा स्टूडेंट एक्सप्रेस, निःशुल्क उड़ान कोचिंग सेंटर, स्मार्ट क्लास, वीआर लैब जैसी सुविधाएं मिल रही है।विधायक की तैयारी शिक्षा के क्षेत्र में जल्द नए और व्यापक बदलाव लाने की है।युवा मध्याह्न भोजन योजना से 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार से अधिक बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। मौके पर सुरेश मुंडा, शशि सोनार, मनोज कोइरी समेत आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

### रामगढ़ विधानसभा विकास के मामले में पूरे राज्य के लिए उदाहरण है : सुनीता चौधरी

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी के तहत उन्होंने मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया।



इसके तहत मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने वार्ड नंबर 31 अंतर्गत चेटर में 4 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बनने वाले मिनी वाटर स्पलाई,बरधरवा काली मंदिर में 9 लाख 91 हजार रूपए की लागत से बनने वाले पेवर्स ब्लॉक रोड एवं गार्डवाल निर्माण योजना एवं वार्ड नंबर 15 अंतर्गत नीमटोला नाली से पोखर तक 20 लाख 22 हजार रूपए की लागत से बनने वाले पीसीसी निर्माण कार्य और सिरका पुराना मार्केट से पुराना एरिया सिरका फुटबॉल मैदान तक 17 लाख 53 हजार रूपए की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की विकास के मामले में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र पूरे राज्य में एक उदाहरण बन चुका है। क्योंकि रामगढ़ विधानसभा क्षैत्र में हर घर नल योजना सहित सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया गया है। विधायक श्रीमति चौधरी ने कहा की मैं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण विकास को लेकर कार्य कर रही हूं। कहा की हम अपने लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ रहे हैं। आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा की आजसू पार्टी ने हमेशा लोगों से किये गये वादों को धरातल पर उतारने का कार्य किया है और आगे भी करती रहेगी। मौके पर ललिता देवी, अरविंद महतो, जयशंकर प्रसाद, नागेश्वर महतो, विकास कुमार, रामदयाल महतो, रामजीत महतो, सुशीला देवी, सरिता देवी, ममता देवी, महेश महतो, सुगंध महतो, गुड्डू महतो, अमरलाल महतो, छोटू पटेल, गोपाल महतो, हरबिन्दर महतो, सत्येन्द्र महतो आदि उपस्थित थे।

## राजनीतिक बैनर पोस्टर और होर्डिंग हटाने का चला अभियान

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** विधान सभा चुनाव की घोषणा होते ही इटकी में स्थानीय प्रशासन ने विभिन्न पार्टियों द्वारा लगाये गये राजनीतिक पोस्टर बैनर और होडिंग को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। मंगलवार को कर्मचारियों एक टीम ने प्रखण्ड मुख्यालय और पंचायत सचिवालय परिसर सहित अन्य स्थलों में लगे सरकार की मईयां योजना,फुलो झानो आर्शिवाद योजना,अबुआ आवास योजना सहित कई अन्य विकास योजना के पोस्टर बैनर को हटा दिया है।




बीडीओ प्रवीण कुमार ने 72 घण्टों के अंतराल में सभी दलों के जन प्रतिनिधियों के द्वारा प्रचार प्रसार के लिए लगाई गई पोस्टर,बैनर, झण्डा,दिवार लेखन सहित अन्य वस्तुओ को हटा लेने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने चेताया है कि किसी भी राजनीतिक दल के बैनर पोस्टर निर्धारित समय पर नही हटाये गये तो उनके विरुद्ध न्याय संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इधर चुनाव को लेकर प्रशासन व्यापक रूप से तैयारी में जुट गई है। प्रखण्ड के 49 मतदान केन्द्रों में डोर-टू -डोर मतदाता जागरूकता अभियान चला रखा है इस दौरान एवीएम और वीवीपैड का प्रदर्शनी कर ग्रामीण मतदाताओं को वोटिंग करने की प्रक्रिया सहित कई अन्य जानकारी दी जा रही है। प्रखण्ड में मतदाता पुर्नरीक्षन कार्य को पूरा किया जा चुका है। अब बुथों का भौतिक सर्वेक्षण के लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारी जुट गये है। अधिकारी मतदान केन्द्रों के भूतल में प्रर्याप्त प्रकाश, पेयजल, शौचालय और वर्तमान समय में भवन की स्थिति के अलावे मूलभूत व्यवस्थानों का सर्वेक्षण में लग गये है।

## कला सांस्कृतिक भवन परिसर में अतिरिक्त निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** आजसू पार्टी सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली व नगर अध्यक्ष भरत देव साय ने मंगलवार को सिल्ली अम्बेडकर पार्क के समीप स्थित नवनिर्मित कला एवं सांस्कृतिक भवन परिसर में अतिरिक्त निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पुर्व मुखिया सुरेश मुंडा, मनोज साव, पंकज साहु, शशि सोनार, निर्मल मंडल, हेमंत नायक, बादल मुंडा, मधु कोइरी, अजित महतो आदि उपस्थित थे।



कला संस्कृति भवन परिसर में अतिरिक्त निर्माण कार्य यथा ओपन एयर थियेटर निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, गार्ड वाल निर्माण , कम्पाउन्ड वाल की उंचाई में वृद्धि , फेब्रीकेशन आफ स्टेज एरिया आदि कार्य शामिल है।निर्माण कार्य कला संस्कृति, खेल कुंद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के मद से 2 करोड़ 50 लाख की लागत राशि किया जाना है। मौके पर भरत देव साय ने कहा कि विधायक सुदेश कुमार महतो के पहल पर कला केंद्र परिसर को सुसज्जित एवं आकर्षक बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। कार्य पूर्ण होने पर कला भवन की भव्यता बढ़ेगी। वहीं उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में तत्कालीन गृहमंत्री व वर्तमान विधायक सुदेश कुमार महतो ने इस भवन की आधारशिला रखी थी। कुछ दिनों पुर्व विधायक के द्वारा इसका उद्घाटन भी किया गया है।आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्राकृतिक सौंदर्य को ध्यान में रखकर पहाड़ी के उपर इस भवन का निर्माण किया गया है। परिसर में अतिरिक्त निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर क्षेत्र में कला के साथ साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।इस मौके पर राजु रजक, धीरज महतो, लखी नारायण नायक, पुष्कर मछुआ, विनय महतो, बबलु गोस्वामी आदि उपस्थित थे ।

## ऑपरेशन के बाद महिला की मौत से परिजनों ने नर्सिंग होम में किया हंगामा



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** मुरी सिंगपुर चौक स्थित मातृछाया नर्सिंग होम में बीते रात कुछ लोगों ने हंगामा कर दिया। घटना करीब बारह बजे की है। गुस्साए लोगों ने अस्पताल में मामूली तोड़ फोड़ की। संचालक विष्णु चरण महतो के साथ हाथा पाई भी किया।

लोगों का आरोप है कि अस्पताल में लापरवाही के कारण झालदा निवासी 30 वर्षीय मधु स्वर्णकार नामक महिला की मौत हो गई। उसका पिछले 13 की रात नौ बजे अपरेशन किया गया था। अपरेशन से महिला एक बच्चे को जन्म दिया है। बच्चा तो स्वस्थ है लेकिन 14 की रात 11:36 बजे महिला की मौत हो गई। घटना के बाद महिला के पति समेत अन्य परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल के संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रातू : सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत



**रातू।** रातू सिमलिया रिंग रोड स्थित राजू ढाबे के समीप सोमवार की देर रात किसी बड़े वाहन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। उसकी उम्र करीब 45 वर्ष थी। दुर्घटना में उसके दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गये थे। मृतक खाकी पैंट-शर्ट पहने हुये था। इससे उसके ऑटो चालक होने की संभावना जताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मंगलवार की सुबह मृतक का पंचनामा कर रिम्स भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त होने की कोई खबर नहीं है। थानेदार रामनारायण सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को अगले 72 घंटे के लिये रिम्स के डीप फ्रीजर में रखा गया है। ताकि, इस अवधि में परिजन उसकी पहचान कर अंतिम संस्कार कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि मामले को लेकर रातू थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## राहे में चार योजनाओं का हुआ शिलान्यास



**राहे।** प्रखंड में मंगलवार को विधायक सुदेश महतो ने 16 करोड़ 46 लाख रुपए लागत वाली चार योजनाओं का शिलान्यास किए।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनता के जन भावना के अनुसार गांव को विकसित करने का काम किया गया है,जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रखंड अध्यक्ष,महिला प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख, महिला समिति,बुद्धिजीवी मंच,युवा आजसू आदि मौजूद थे। इन योजनाओं का शिलान्यास किया गया - दोकाद से राजाबेड़ा सड़क निर्माण 1करोड़ 72 लाख अंबाझरिया से बांदुलहर सड़क निर्माण 2 करोड़ 21 लाख चन्दनडीह से दिलगुमारा सड़क निर्माण 1करोड़ 53 लाख तथा राहे में अस्पताल निर्माण 11 करोड़।

## विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के चार लोगों की हालत गंभीर

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के अड़ाल गांव में मंगलवार की दोपहर खाने में छिपकिली गिर जाने के कारण विषाक्त भोजन ग्रहण करने से एक ही परिवार के चार लोग की हालात खराब हो गई है।जानकारी मिलते ही सभी लोग 108 एम्केबुलेंस के सहारे सिल्ली स्थित सामुदायिक अस्पताल में भर्ती हो गए। समाचार लिखे जाने तक इलाज के बाद सबकी हालत में सुधार हो रहा है। जिन लोगों की तबियत बिगड़ी है उनमें रघुनाथ गोंझू(54) उनकी पत्नी सुभद्रा देवी(45), सहचरी देवी(75) और अभरण गोंझु(75) शामिल है।सुभद्रा देवी ने बताया कि घर पर खाना बनाकर सभी खा रहे थे कि अंतिम में वह खाने लगी तो उसकी थाली में सब्जी वाले कटोरे में एक छिपकली मिल गई। सभी समझ गए कि बिना ढके ही सब्जी की कढ़ाई में ऊपर से छिपकली गिरी है। आनन फानन उन्होंने जल्दी से एंबुलेंस मंगवा कर सिल्ली सामुदायिक अस्पताल आ गए। समाचार लिखे जाने तक सबका इलाज चल रहा है।

# विधायक ने कार्डियक एम्बुलेंस सिल्ली की जनता को किया समर्पित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश के सौजन्य से प्राप्त मेडिकल सुविधाओं से संम्पन्न एक कार्डियक एम्बुलेंस वाहन सिल्ली के जनता को समर्पित किया।




इस दौरान विधायक सुदेश कुमार महतो, पुर्व मंत्री सह चंदनकियारी के पुर्व विधायक उमाकांत रजक, रौशनलाल चौधरी, जयपाल सिंह, सीओ अरुणिमा एक्का, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रियंका सिन्हा आदि ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस वाहन को रवाना किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सिल्ली आसपास क्षेत्रों में रोड एक्सीडेंट का दर काफी बढ़ गया है। पेशेंट को हॉस्पिटल तक ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, इसलिए लोगों के स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर करते हुए मेडिकल उपकरण से लिप्त एम्बुलेंस वाहन सिल्ली को समर्पित किया गया। जिससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। एम्बुलेंस को सुचारु रूप से चलाने के लिए गूंज परिवार और सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जिम्मेदारी दी गई है। मौके पर डॉ रीचा, डॉ कोमल, डॉ अनुराधा, छोटेलाल पटेल, दीपक कुमार, एएनएम सुनंदा जयसवाल, बबीता कुमारी, हिल्दा लकड़ा , लखीमनी कुमारी, अनिता गाड़ी, सुरेंद्र नाथ महतो, आनंद यादव, कमल दे, आजसू प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र करमाली, नगर अध्यक्ष भरत देव साय, मनोज सिंह, मो चांद हुसैन, शशि सोनार, निर्मल मंडल, पंकज साहु, बादल मुंडा, सुरेश मुंडा, मधु कोइरी, नरेश महतो समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## 178 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास



**सिल्ली/राहे ।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को सिल्ली प्रखंड के बंता मे 178.22करोड़ रुपए के लागत से बनने वाली बंता- राहें- बुंडू पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।30.470 किमी 2 लेन पेव्ड सोल्डर पथ निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा किया जाना है। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वे प्रतिबद्ध है।योजना के तहत बंता से भाया राहें बुंडू तक पथ चौड़ी करने एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बाइपास सड़क का निर्माण किया जाना है। उन्होंने ग्रामीणों भुमि अधिग्रहण एवं निर्माण कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने संवेदक को समय पर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने की निर्देश दए।इस मौके पर जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, पुर्व उप प्रमुख प्रफुल्ल कुम्हार, जयंत भगत, प्रवीण कोइरी, जयंत भगत ,कमल सिंह मुंडा, अनिल कुम्हार, गुहीराम कुम्हार, मिनाक्षी देवी, यशोदा देवी, राजकिशोर प्रजापति, शशि सोनार, सुरेश मुंडा, बिनोद कोइरी, समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन होगा लॉन्च

**रांची।** सैमसंग भारत में गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन जल्द लॉन्च करेगा। यह उपभोक्ताओं को 6 जेनरेशन के ओएस अपग्रेड और छह वर्षों का सुरक्षा अपडेट प्रदान करता है। फोन में कई बेहतरीन फीचर्स हैं। की आइलैंड स्मार्टफोन की डिजाइन का खास स्टाइल है। गैलेक्सी ए16 5जी स्मार्टफोन तीन आकर्षक रंगों, गोल्ड, लाइट ग्रीन और ब्लू ब्लैक आदि रंगों में उपलब्ध होगा।

### प्रथम चरण की तिथि पर पुनर्विचार करे चुनाव आयोग

**रांची :** मंगलवार को प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा झारखंड में दो चरण में चुनाव कराने का स्वागत किया है लेकिन तिथि पर आपत्ति व्यक्त किया है। यादव ने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्य में प्रथम चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को घोषित किया है लेकिन राजद की ओर से चुनाव आयोग को सुझाव है कि इस बीच हिन्दू धर्म का कई बड़ा त्यौहार है, जिसमें 31 अक्टूबर को दीपावली 2 नवंबर को भैयादूज एवं आस्था का महान पर्व छठ 6 एवं 7 नवंबर को होना है। इसलिए चुनाव आयोग प्रथम चरण का चुनाव की तिथि 15 नवंबर के बाद घोषित करने पर पुनर्विचार करने पर निर्णय लेने चाहिए। यादव ने कहा कि चुनाव आयोग राज्य में समय से पूर्व चुनाव कराने का फैसला लिया लेकिन कहीं न कहीं स्पष्ट संकेत है कि झारखंड में दो चरण में तिथि निर्धारण में निश्चित रूप से बीजेपी के इशारे पर घोषणा की गई है इसलिए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कुछ सवाल भी खड़े होते हैं !

### अजय नाथ शाहदेव युवाओं से कर रहे हैं सीधे संवाद

**रांची :** पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव के युवा संवाद कार्यक्रम में हटिया विधानसभा के हजारों युवा जुटें हैं। हटिया विधानसभा क्षेत्र के विकास को अजय नाथ शाहदेव युवाओं से सीधे संवाद कर रहे हैं और उनकी बातों को सुन रहे हैं। सेक्टर 2 स्थित गाला बैंक्वेट में आयोजित इस कार्यक्रम में हटिया विधानसभा में बदलाव को लेकर युवा उत्साहित हैं। मौके पर बजरंग महतो, निरंजन महतो, कुशल उरांव, सहाबीर लोहरा, नीतेश नागपाल, रमेश शाहदेव, अरसद कुरैशी, रमन मिश्र सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित हैं?

### श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ आयोजन

**रांची :** संकट ते हनुमान छुड़ावें, मन क्रम बचन ध्यान जो लावै, जो सत बार पाठ कर कोई, छूटही बंदी महा सुख होई। श्री हनुमान चालीसा के उपरोक्त श्लोको के पाठ से हरमू रोड़ का श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। श्रीश्याम मित्र मण्डल, रांची के द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में 123वां श्री सुन्दरकाण्ड-श्री हनुमान चालीसा का पाठ सामुहिक पाठ का दिव्य आयोजन किया गया था।
श्रीश्याम मित्र मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने श्री हनुमान जी महाराज की दिव्य पावन अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करके गुड़, चना, केशरिया पेड़ा, नारियल का प्रसाद अर्पित किया। श्रीरामचरितमानस महाग्रन्थ व पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा, व अन्य का चंदन-वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पाठ वाचकों ने श्रीगणेश वन्दना करके श्री हनुमान चालीसा व सुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारंभ किया उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने सामुहिक रूप से श्रीहनुमान जी की सेवा में पाठ किया।

### शरद् पूर्णिमा की रात्रि साधना के लिए ऊंचे आदर्श को बतलानेवाली रात्रि है

**रांची :** आश्विन पूर्णिमा के दिन शरद् पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में 16 अक्टूबर बुधवार को यह शरद् पूर्णिमा का पुनीत पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रातः 4:30 बजे से अनुष्ठान शुरू किये जायेंगे और देर रात्रि श्रीभगवान के शयन आरती के साथ संपन्न होगा। प्रातः महाभिषेक, अलंकार, महाआरती, नैवेद्यम्, महास्तुति आदि के बाद रात्रिः आठ बजे से सामुहिक हरिनाम संकीर्तनम् और श्रीविष्णु सहस्त्रनाम का पाठ होगा। फिर नित्याराधन, भोग, महाआरती के बाद सुपक्व खीर प्रसाद को परम् स्थान (बलिपीठम्) गरुड़ध्वज के पास रखा जाएगा।

# राज्य सरकार के खिलाफ भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ युवा-छात्रों ने मशाल जुलूस निकाला। जुलूस जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर अलबर्ट एक्का चौक तक गया। युवाओं को 5 लाख सरकारी नौकरी देने के नाम पर सिर्फ ठगा गया है। इस निरंकुश सरकार ने उनपर लाठी डंडे से अंकुश लगाने का काम किया है। नारों के साथ युवाओं ने अपने आक्रोश को सड़कों पर दिखाया।




मौके पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि जब से इस सरकार का गठन हुआ है, तब से सिर्फ ट्रांसफर-पोस्टिंग का उद्योग चल रहा है। जल, जंगल, जमीन को लूटने, खसोटने और बेचने का काम किया है। अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। राज्य के युवा ठान चुके है कि इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे।
मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि 5 साल युवाओं को ठगने का काम सरकार ने किया है। उसी का आक्रोश सड़कों पर देखने को मिल रहा है। युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि राज्य के युवा खुद को ठगा, हताश और बेसहारा महसूस कर रहे हैं। राज्य के युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। नौकरी के नाम पर सिर्फ आजतक उन्हें आश्वा सन ही मिला है। इस निकम्मी ओर दमनकारी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं।
सरकार ने सीजीएल, जेपीएससी, आईटीआई इंस्ट्रक्टर की परीक्षा, सहायक पुलिस कर्मियों की मांग, आंगनवाड़ी सहायिका का मामला आदि में राज्य सरकार ने सर्फ ठगने का काम किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुबोध सिंह गुड्डू, ललित ओझा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, प्रिंस कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, अमन, अमिताभ धीरज, सचिन साहू, पूजा सिंह, देवराज सिंह, तूलिका अपूर्वा, सनोज सिंह, बबलू महतो, जितेंद्र सिंह पटेल, धीरज अग्रवाल, नीरज कुमार, रवि मुंडा आदि मौजूद थे।

## वंदना दादेल ने किया झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन, कहा

# झारखंड पुलिस की वजह से ही जमीन पर उतर रहे विकास के कार्य

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 में मंगलवार को 19वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। मौके पर वंदना दादेल ने झारखंड पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि आज झारखंड पुलिस की वजह से ही विकास के कार्य जमीन पर उतर रहे हैं। झारखंड पुलिस बेहतरीन काम कर रही है, जिसे और बेहतर करना है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि राज्य की सुरक्षा के लिए अपराधियों का जेल में बंद रहना बेहद जरूरी है। बेहतर अनुसंधान से ही दोषियों को सजा दिलाई जा सकती है। इसके लिए झारखंड पुलिस लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आईटी, साइबर क्राइम, अपराध नियंत्रण, महिलाओं की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर भी दिन-रात पुलिस अधिकारी काम कर रहे हैं।



डीजीपी ने कहा कि अब हमें किसी अपराधी के प्रोफाइल के लिए छापेमारी करने और उसके पीछे भागने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि एक बटन दबाते ही उसका पूरा प्रोफाइल सामने आ जाता है। बेहतर तकनीक के बल पर अब कांडों का खुलासा संभव है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस ड्यूटी मीट तनाव से भरे पल से निकलने का एक जरिया भी है। आने वाले दिनों में ऑल इंडिया पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए हमारे पुलिसकर्मी अच्छी तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान अनुसंधान की तरह-तरह के तरीके को भी प्रैक्टिकल रूप में दिखाया गया। इस दौरान सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज ने बताया कि बेहतर तकनीक, सूझबूझ, अनुसंधान के तौर तरीकों पर पुलिस खुद अपनी कसौटी पर कितनी खरी उतर रही इसके लिए हर वर्ष झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी झारखंड पुलिस के जवान बेहतर तकनीक के बल पर अपराधियों को सजा दिलाने के गुर सीखेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाली टीमों को मिलाकर राज्य की टीम तैयार की जाएगी, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा।
पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान राज्य भर की आठ टीमों में शामिल 80 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के बीच मुकाबला होगा। जैप वन परिसर रांची में 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। इस दौरान फॉरेंसिक साइंस (लिखित), क्राइम जांच, कंप्यूटर अवेरनेंस, फोटोग्राफी, लिफ्टिंग पैकिंग, डॉग स्क्वायड एक्सप्लोसिव ट्रैक्टर, फिंगर प्रिंट, (प्रैक्टिकल व ओरल) जैसे विषयों पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में राज्य के वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# रांची-गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस का शुभारंभ



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे ने रांची-गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने वर्चुअल माध्यम से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर 15 अक्टूबर, 2024 को रवाना किया। उद्घाटन के दिन यह ट्रेन रांची से (संख्या-08629) रांची-गोरखपुर स्पेशल के रूप में चली। इस ट्रेन के नियमित होने की सूचना जल्द दी जाएगी।
ट्रेन संख्या 18629 रांची-गोरखपुर एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को 17.10 बजे रांची से प्रस्थान करेगी। अगले दिन 11.30 बजे इस ट्रेन का गोरखपुर आगमन होगा।
ट्रेन संख्या 18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार को 15.30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। अगले दिन 09.25 बजे इस ट्रेन का राँची आगमन होगा।
इस ट्रेन में 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित 2-टियर, 7 वातानुकूलित 3-टीयर, 06 द्वितीय श्रेणी स्लीपर एवं 04 सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।
ट्रेन का मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चंद्रपुरा, धनबाद, चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, मोकामा, पटना साहेब, पटना, पाटलिपुत्र, दिघवारा, छपरा, सीवान, भटनी और देवरिया सदर स्टेशन पर ठहराव होगा।

# झामुमो ने निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर खड़े किये सवाल

- हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से घबरा कर भाजपा ने समय से पहले कराया चुनाव : विनोद पांडेय

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड में चुनाव की घोषणा को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि आखिर चुनाव आयोग ने इतनी जल्दबाजी में झारखंड में चुनाव की घोषणा क्यों की है। महाराष्ट्र में चुनाव समय पर हो रहे हैं, क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को पूरा हो रहा है। पंचम झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को पूरा होगा।
श्री पांडेय ने कहा कि चुनाव आयोग की घोषणा से एक दिन पहले असम के मुख्यमंत्री व भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने यह बता दिया था कि मंगलवार को चुनाव आचार संहिता लग जाएगा। इससे दो प्रश्न उठते हैं। एक चुनाव आयोग भाजपा के निर्देश पर चल रहा है या दूसरा चुनाव आयोग के फैसले की जानकारी भाजपा को पहले मिल जाती है। दोनों की स्थिति में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़ा होता है। श्री पांडेय ने कहा कि कहीं न कहीं भाजपा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता और उनके नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार में जनहित में लिए जा रहे ऐतिहासिक निर्णयों से भाजपा घबरा गई है। यही वजह है कि हेमंत सोरेन को अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया जा रहा है। जनादेश से बनी इंडिया गठबंधन की सरकार को गठन के एक घंटे बाद से ही भाजपा तमाम तरह के असंवैधानिक, अनैतिक हथकंडे अपनाकर अपदस्थ करने का षड़यंत्र रचती रही है। यह बात किसी से छुपी नहीं है। जनता को भाजपा के एक-एक षड़यंत्र की जानकारी है। राज्य के परिपक्व मतदाता भाजपा को विधानसभा चुनाव में सबक सिखाएंगे।
विनोद पांडेय ने कहा कि हाल में मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में आयोग की टीम ने झारखंड का दौरा किया था। विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ झामुमो ने भी दीपावली, छठ महापर्व को मद्देनजर रखते हुए इसके बाद चुनाव कराने का आग्रह किया था।

# विकसित देशों के निःशुल्क पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए आगे आएं झारखंड के विद्यार्थी



- शोध कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कार्य अनुभव का वर्णन करते हुए आवेदन तैयार करें : डॉ पवन कुमार

**रांची।** अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी जैसे देशों में पीएचडी पाठ्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क है। साथ ही, शोधार्थी की जरूरतों की पूर्ति के लिए अच्छा स्टाइपेंड भी मिलता है। इसलिए झारखंड के विद्यार्थियों को वहां के शोध कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रयास करना चाहिए। इन देशों में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश आसान नहीं है और 100 विदेशी आवेदकों में से केवल पांच छह ही चयनित हो पाते हैं। इसलिए अपना बायोडाटा, शोध कार्य का पूर्व अनुभव और किसी विशेष प्रयोगशाला या विश्वविद्यालय में ही शोध कार्य क्यों करना चाहते हैं इसका जस्टिफिकेशन भी बढ़िया से तैयार करना चाहिए।
उपरोक्त विचार स्टोनी ब्रुक विश्वविद्यालय (न्यूयॉर्क, अमेरिका) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पवन कुमार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में मंगलवार को एक जागरुकता व्याख्यान देते हुए रखे। उन्होंने कहा कि शोध कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कार्य अनुभव का वर्णन करते हुए आवेदन तैयार करना एक महत्वपूर्ण कौशल है। इसमें छात्र-छात्राओं को मास्टरी हासिल करना चाहिए। जिस प्रयोगशाला या संस्थान में वे प्रवेश चाहते हैं, उसके बारे में पूरी जानकारी संस्थान के वेब पेज या अन्य ऑनलाइन कंटेंट से प्राप्त की जा सकती है।
डॉ कुमार ने कहा कि अमेरिका में वैज्ञानिक पदों पर भर्ती के लिए पढ़ाई के विषय के अलावा, उम्मीदवार के प्रकाशित शोध पत्र, रुचि और कार्य के प्रति समर्पण को विशेष तवज्जो दी जाती है। यही कारण है कि पशु दैहिकी में मास्टर डिग्री और भैषज विज्ञान में पीएचडी डिग्री होने के बावजूद मेरा नियुक्ति माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हुई। डॉ पवन ने अमेरिका में मास्टर, पीएचडी और पोस्ट डॉक्टरल प्रोग्राम के बारे में विद्यार्थियों की जिज्ञासा का उत्तर भी दिया। हर प्रकार के सहयोग और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया।
रांची वेटरनरी कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र डॉ पवन ने अमेरिका के ब्लड सेंटर आफ विस्कंसिन और यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग से दो पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च किया है। एनिमल इम्यूनिटी में विशिष्ट योगदान किया है।

# सामाजिक परिवर्तन पुरस्कार से सम्मानित हुईं डॉ. भारती कश्यप

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची :** पूर्वी भारत की प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भारती कश्यप को गत 7 अक्टूबर, 2024 को नई दिल्ली में महिला नेत्र रोग विशेषज्ञ सोसायटी द्वारा सामाजिक परिवर्तन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके सामाजिक योगदान के लिए प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता एवं भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। वर्ष 1991 में डाक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के बाद से ही वह नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में जागरूकता और समाज सेवा से जुड़ गयी थी। अब तक करीब बीस लाख से अधिक स्कूली छात्रों को इसका फायदा झारखंड में मिला है।
यह वह दौर था जब लोगों में नेत्रदान के प्रति कोई जागरूकता नहीं थी। इस सामाजिक आवश्यकता को समझते हुए डॉ भारती कश्यप ने लोगों को मृत्युपरांत नेत्रदान के लिए उप्रेरित करने और जागरूकता फैलाने का काम किया। इससे समाज में इसके प्रति लोगों का ध्यान गया। डॉ. कश्यप के प्रयासों से झारखंड (तब एकीकृत बिहार) ने 1996 में अपना पहला मरणोपरांत



नेत्रदान देखा। और तब से उनके प्रयासों से राज्य में सैकड़ों नेत्रदान हुए हैं।
साल 2014 में डॉ. भारती कश्यप ने झारखंड में वैश्विक जानलेवा बीमारी - सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ अभियान की शुरूआत करके महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। इस पहले से असमय काल कवलित होने वाली हजारों महिलाओं को बचाया जा सका। इस दिशा में उन्होंने कम लागत वाली एक कारगर झारखंड मॉडल को तैयार किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा निदेर्शों के तीसरे भाग को संशोधित करते हुए बहुआयामी कम लागत वाली लेकिन प्रभावी रणनीति झारखंड मॉडल की अवधारणा तैयार की। जो झारखंड की महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित हुआ है।

# सीएमपीडीआई ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 5जी तकनीक का किया प्रदर्शन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** टाइडल वेव प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सीएमपीडीआई ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस-2024 में 5जी तकनीक का प्रदर्शन किया। कंपनी विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से ह्यकैसे 5जी तकनीक खनन उद्योग में क्रांति ला रही हैह्ल का प्रदर्शन कर रही है। प्रत्येक श्यूज केस' खनन में सुरक्षा, दक्षता और परिचालन परिशुद्धता में सुधार करने में 5जी की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अक्टूबर को इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन किया।
कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पी.एम. प्रसाद प्रदर्शनी में सीएमपीडीआई के स्टॉल पर पहले आगंतुक थे। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी एवं बीसीसीएल के निदेशक (टी/पीएंडपी) तारिक सज्जाद, सीएमपीडीआई के जीएम (एमई) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।




### सीएमपीडीआई ये कर रहा प्रदर्शित

- 5जी नेटवर्क इंफ्रा
- मिशन क्रिटिकल कम्युनिकेशन (एमसीएक्स)
- 5जी सक्षम रिमोट ड्रोन ऑपरेशन
- एआई सक्षम वीडियो एनालिटिक्स के साथ 5जी कैमरा
- 5जी आईओटी पर्यावरण सेंसर।
- 5जी आईओटी मशीनरी सेंसर।
- सीपीई का उपयोग करके लीगेसी डिवाइस के साथ बैकवर्ड कम्पैटिबिलिटी
- 5जी सक्षम स्वचालित ड्रिलिंग ऑपरेशन।
- एआई सक्षम ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम
- 5जी सक्षम ढलान स्थिरता रडार सिस्टम
- 5जी सक्षम रिमोट मेंटेनेंस सपोर्ट के साथ एआर।
- 5जी सी-वी2एक्सआ आधारित टकराव से बचाव प्रणाली
- लोड हॉल डम संचालन का डिजिटल ट्विन

5जी रियल टाइम संचार को सक्षम बनाता है। वाई-फाई और टेट्रा जैसी पारंपरिक वायरलेस तकनीकों से सबसे चुनौतीपूर्ण वातावरण में दूरस्थ निगरानी और नियंत्रण की अनुमति देता है। यह निर्बाध स्वचालन भी सुनिश्चित करता है, जोखिम को कम करता है। भविष्य के लिए तैयार संचालन को सक्षम करता है, जिससे यह खनन के डिजिटल भविष्य के लिए अपरिहार्य हो जाता है।
कोयला मंत्रालय ने आईएमसी-2023 के दौरान नई दिल्ली से नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की अमलोरी ओपन कास्ट खदान में 5जी तकनीक (5जी सक्षम ड्रोन, एआई संचालित कैमरा, वाहन ट्रैकिंग सिस्टम, मिशन क्रिटिकल वॉयस और वीडियो संचार) का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया था। यह उल्लेख करना उचित है कि सीएमपीडीआई ने अमलोरी ओपन कास्ट खदान में कोयला खनन में भारत के पहले निजी 5जी नेटवर्क की अवधारणा बनाई और इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त

### सड़ी-गली अवस्था में कुएं से मिली युवती की लाश

**गढ़वा।** जिले के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोचेया में लाल बच्चा पेट्रोल पंप के पीछे कुआं से सड़ी गली अवस्था में एक युवती का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना तब मिली, जब कुआं के नजदीक खेत जुताई की जा रही थी। शव की बदबू दूर तक आ रही थी। वही ग्रामीणों ने कुएं की ओर जाकर देखा तो एक युवती का लाश सड़ी गली अवस्था में कुएं में तैर रही था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह को दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से युवती का शव कुएं से बाहर निकाला। शव की पहचान बिशुनपुरा कोचेया निवासी एस कुमार मेहता की करीब 16 वर्षीय पुत्री सोनम कुमारी के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि 7 अक्टूबर की रात में हमारी लड़की रामायण सीरियल देखने निकली थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी थी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि परिजनों ने इसकी सूचना मुझे बीते 14 अक्टूबर को दी थी। 15 अक्टूबर की दोपहर में उनकी लड़की का शव कुएं में पाए जाने की बात सामने आई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टुमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दी है।

### मिशन बदलाव ने डायन बिसाही वाले मामले व लड़ाई को सुलझाया

**गुमला** : मिशन बदलाव बटकुरी की बैठक मिशन बदलाव के क्रांतिकारी सदस्य चंदन उरांव जी की अध्यक्षता में आहूत हुई। जहां पर आम चौपाल लगाया गया आम चौपाल के बीच ग्रामीणों के मूलभूत समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। श्री चंदन उरांव ने कहा कि मिशन बदलाव के द्वारा गांव से शहर सभी जगह पर चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान के लिए पहल किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भूषण भगत, कालेश्वर गोप, ने कहा पूरे गांव में अंधविश्वास की कई ऐसे मामले हैं जिसके वजह से ग्रामीणों का भेदभाव और भाईचारा खत्म हो रहा है। उपरोक्त बैठक में एक मामला डायन बिसाही का चौपाल में उजागर हुआ। जहां पर मिशन बदलाव के चंदन उरांव भूषण भगत ने ग्रामीणों के साथ सर्व समिति से निर्णय लिया कि, अंधविश्वास संबंधी जो भी जादू टोना भगत और जो अन्य अंधविश्वास संबंधित पाखंडी काम करते हैं, वैसे लोग अगर गांव में आते हैं तो ऐसे लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई किया जाएगा और जो भी ग्रामीण भगत जादू टोना के बहकावे में आकर भाईचारा और प्रेम को खत्म करते हैं ऐसे लोगों को पुलिस को सूचना दिया जाएगा। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया की भटकुरी में विरसमणी उरांव और मिथुन उरांव और कुछ परिवारों के बीच डायन बिसाहि मामला को लेकर लड़ाई चल रहा था। लगातार वाद विवाद होने से ग्रामीणों में भय का माहौल वयाप्त था। ग्रामीण हमेशा इन सभी अंधविश्वासों से लेकर परेशान थे सभी लोगों को चौपाल में बुलाकर दोनों परिवारों के समक्ष मामला का निष्पादन किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर में दो युवक घायल

**गुमला** : गुमला पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप सोमवार की रात 8:00 बजे अज्ञात वाहन के टक्कर से अरमई बेहरा टोली निवासी 28 वर्षीय अनमोल उरांव और 26 वर्षीय राजू उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल भिजवाया वहीं घटना के बाद अज्ञात वाहन पालकोट की ओर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों युवक रायडीह प्रखंड के सीलम पंचायत के पांदन टोली गांव कर्मा पर्व मनाने गए थे। पर्व मना कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे तभी कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप पीछे से एक अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए और सड़क पर गिरकर बेहोश हो गये।

---

**विधानसभा आम चुनाव 2024 : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता का किया गया आयोजन**

# इको फ्रेंडली होगा निर्वाचन से जुड़ा कार्य

## जिला अन्तर्गत कुल 1245 मतदान केन्द्रों पर 20 नवम्बर को होगा मतदान




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**देवघर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर एवं पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुग की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेसवार्ता के माध्यम से आप सभी मीडिया बंधुओं के साथ सभी मतदाताओं को निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराना है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि दूसरे चरण के तहत देवघर जिला अन्तर्गत देवघर, सारठ एवं मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत मतदान सुनिश्चित किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि दिनांक-22.10.2024 को गैजेट नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की तिथि दिनांक-29.10.2024 निर्धारित की गयी है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30.10.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01.11.2024 तय गयी है, मतदान की तिथि-20.11.2024 निर्धारित की गयी है। इसके अलावा मतगणना की तारीख 23.11.2024 चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि 25.11.2024 निर्धारित की गयी है।

इसके अलावे प्रेसवार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि जिला अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव में लगभग 1120613 मतदाता हैं, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इसके अलावे मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत 409 मतदान, सारठ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 376 मतदान केन्द्र एवं देवघर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 460 मतदान केन्द्रों की संख्या है। इस प्रकार देवघर जिला अन्तर्गत कुल 1245 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु सभी बूथों पर एएमएफ की सुविधा सुनिश्चित की जायेगी। वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावे भयमुक्त, शांतिपूर्ण व सुरक्षित मतदान को लेकर एफएसटी-33, भीएसटी-12, एसएसटी-39, एटी-04, एईओ-04 एवं वीवीटी-06 टीम का गठन किया गया। साथ ही देवघर जिला अन्तर्गत विभिन्न सीमाओं पर कुल 05 (अंधरीगादर, दर्दमारा, दुम्मा, जयपुर मोड़ व जमुआ) आदि चेक पोस्ट बनाये गये हैं। आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि सी-विजिल एप की जानकारी देते हुए कहा कि इस ऐप के जरिए आमजन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेंगे। यह एप निर्वाचन की घोषणा की तिथि से प्रभावी होगी और मतदान के एक दिन बाद तक बनी रहेगी। कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए कहीं भी आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी दे सकेगा। सी विजिल एप चुनावी गड़बड़ियों पर तत्काल लगाम लगाने में सहायक होगा। इस एप के आने से नागरिकों को चुनाव के संबंध में शिकायत दर्ज कराने के लिए पीठासीन अधिकारी के कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। शिकायत के लिए जागरूक नागरिक को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की एक तस्वीर या अधिक से अधिक दो मिनट का वीडियो रिकॉर्ड कर इस एप पर भेजना है। इसमें शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सबूत आधारित शिकायत का निस्तारण अधिकतम 100 मिनट में किया जा सकेगा।

प्रेसवार्ता में उपरोक्त के अलावा निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी देवघर श्री रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री शैलेष कुमार सिंह, निवार्ची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री नरेश रजक, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री राहुल कुमार भारती, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्री संतोष कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार विद्यार्थी एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि व संबंधित विभाग कर्मी आदि उपस्थित थे।

## बिजली चोरी कर हो रहा अवैध भूमि पर शेड निर्माण, बिजली विभाग ने दी दबिश



**पूर्व पार्षद के आवेदन पर अंचल अधिकारी ने नहीं लिया कोई संज्ञान**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 18 स्थित हातिल फर्नीचर बिल्डिंग के समीप सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को लेकर पूर्व पार्षद रंजन सिंह द्वारा आंचल प्रशासन को अवगत कराए जाने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है। इस बीच मंगलवार को बिजली विभाग ने उक्त निर्माण स्थल पर दबिश दी।

जहां बिजली चोरी का खुलासा हुआ है। विभाग के अधिकारी यहां काफी देर तक रुके रहे मगर भूखंड के स्वामी सामने नहीं आए। निर्माण कार्य का देखरेख कर रहे सुरक्षा कर्मी ने बताया कि कोई गांधी नामक शख्स का यह निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं पूर्व पार्षद रंजन सिंह द्वारा अंचल अधिकारी को सौंपे गए मांग पत्र में आदित्यपुर दो निवासी आलोक दुबे द्वारा सरकारी जमीन कब्जा किए जाने का जिक्र किया गया है। आवेदन में बताया गया है कि उक्त स्थल पर महज एक कट्ठा जमीन ही रजिस्ट्री योग्य जमीन है, जबकि करीब तीन कट्ठा जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि पूर्व पार्षद के आवेदन पर आंचल प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई। इस बीच बिजली चोरी का खुलासा होने के बाद अब देखना यह दिलचस्प होगा कि विभाग कार्रवाई किस पर करती है।

## विकास के लिए हमेशा से कृत संकल्पित रही हूं : डॉ. नीरा



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**कोडरमा** : कोडरमा की लोकप्रिय विधायक डॉ. नीरा यादव ने डोमचांच नगर पंचायत के ढाब रोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप नगर अन्तर्गत होनेवाले 17 विभिन्न कई विकास योजनाओं का सामूहिक एकीकृत शिलान्यास एक जगह पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर किया। एक ही जगह कार्यक्रम स्थल पर शिव मंदिर से रामचन्द्र पासवान के घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-01,सुरेन्द्र मेहता के घर से रामेश्वर विश्वकर्मा घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-13, सुरेश मिर्धा के घर से संजय राम एवं बाजार हाट तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-09, दीना कान्दू के घर से शिव सागर शितला माता मंदिर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-06, राजशेखर सिंह के घर से मनोज मेहता एवं जीतू सिंह, प्रदीप सिंह घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-06, गुहारी तालाब (गिरीडीह रोड) से ढाब रोड तक पी०सी०सी० एंव पेबर ब्लॉक निर्माण वार्ड नं0-08, रिधि सिद्धि मंदिर के सामने पेबर ब्लॉक निर्माण वार्ड नं0-13, रजाक मियाँ के घर से प्राथमिक विद्यालय महथाडीह तक पी०सी०सी० एंव पेबर ब्लॉक निर्माण वार्ड नं0-03, बिक्की साव के घर सरकारी पेन नाग बाबा मंदिर के आगे प्राथमिक विद्यालय तक तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-03, महेशपूर बंजरगबली मंदिर से केदार सूण्डी के घर होते हुए डोमन सुण्डी के घर पास के तालाब तक रोड एंव क्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-13, गुहदर पार्क निर्माण कार्य वार्ड नं0-13, भागवत मेहता के घर से विघनविनाशिनी मंदिर होते हुए ढाब रोड तक पी०सी०सी० रोड निर्माण कार्य वार्ड नं.-07, ढाब रोड से शितला माता मंदिर तक पेबर ब्लॉक निर्माण कार्य वार्ड नं0-06, नाग बाबा मंदिर से श्रीराम चौक तक पी०सी०सी० निर्माण कार्य वार्ड नं0-03, राहूल साव के घर से नाग बाबा मंदिर तक पी०सी०सी० निर्माण कार्य वार्ड नं0-03, अशोक मेहता के घर से राजू मेहता के घर तक ढक्कन सहित नाली निर्माण वार्ड नं0-05,अशोक मेहता के घर से राजू मेहता के घर पी०सी०सी० निर्माण वार्ड नं0-05 शिलान्यास शामिल था।

कार्यक्रम के दौरान नीरा यादव ने कहा कि जब भी जरूरत पड़ी मै हमेशा आप लोगों के साथ खड़ी रही हूं। आपके जरूरतों और मांगो को देखते हुए इस योजनाओं का एकीकृत शिलान्यास किया जा रहा है। इसके बनने के बाद आप लोगों को जरूर सुविधाएं मिलेगी।

## अवैध बालू लदी दो गाड़ियों को पुलिस ने किया जब्त

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** सरायकेला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत अवैध बालू खनन के खिलाफ खनन विभाग व जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई किया जा रहा है लेकिन फिर भी अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में बालू घाटों से अवैध बालू खनन का खेल जारी है। पुलिस ने छापेमारी कर भाटिया बस्ती व आरआईटी मोड़ से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर और टाटा 407 गाड़ी को जप्त किया है।

हालांकि दोनों गाड़ियों से एक चालक भागने में सफल रहा, लेकिन दूसरा चालक को पकड़ा गया है। इस संबंध में आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर छापामारी करते हुए थाना क्षेत्र के भाटिया बस्ती व आरआईटी मोड़ के पास से एक ट्रैक्टर और एक टाटा 407 गाड़ी को जब्त किया है। उन्होंने बताया की मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर और टाटा 407 गाड़ी बिना चालान का बालू ले जा रहा है इस सूचना के बाद भाटिया बस्ती के पास दोनो गाड़ियों को रोका गया। इसके पूर्व ही गाड़ी चालक पुलिस को देखते ही भागने लगे जिसमे की एक चालक को धर दबोच लिया गया है लेकिन दूसरा चालक भागने में सफल रहा। जिसके बाद दोनों गाड़ियों को थाने लाया गया। और उसके विरुद्ध अवैध खनन का मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।




## सेक्रेड हार्ट स्कूल में मनी पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की जयंती



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**झुमरीतिलैया** : सेक्रेड हार्ट स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति और भारतरत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6वीं और 7वीं के छात्रों ने डॉ. कलाम की जीवन यात्रा और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य प्रमोद शर्मा द्वारा डॉ. कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. कलाम के संघर्षमय जीवन और उनकी महान उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि डॉ. कलाम का जन्म तमिलनाडु के रामेश्वरम के एक छोटे से गांव में हुआ था और उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा हासिल की। एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में अपनी पढ़ाई पूरी कर वे वैज्ञानिक बने और भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम योगदान दिया। पोखरण परमाणु परीक्षण से लेकर इसरो में बैलिस्टिक मिसाइल और रॉकेट विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे उन्हें मिसाइल मैन का खिताब मिला। शर्मा ने यह भी कहा कि उनकी असाधारण नेतृत्व क्षमता और निस्वार्थ सेवा के कारण उन्हें सर्वसम्मति से भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया।कार्यक्रम में छात्रों ने भी डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं।

### फरार आरोपी के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

**कटकमसांडी** : (पेलावल ओ० पी०) थाना कांड सं0-20/2020 दिनांक-27-01-2020 धारा-304(इ)/34 भा०द०वि० के प्राथमिकी अभियुक्त एहसानुल हक, पिता मुबारक हुसैन, ग्राम रोमी, थाना कटकमसांडी (पेलावल ओ०पी०), जिला हजारीबाग के घर दिनांक-15.10.2024 को पेलावल ओ० पी० के पुलिस पदाधिकारी पु० अ०नि० देवानंदराणा के द्वारा उक्त अभियुक्त के घर ढोल बाजे के साथ विधिवत द० प्र० स० की धारा-82 के तहत इश्तेहार चिपकाया गया। साथ ही कांड संख्या 54/24 दिनांक 1.4.2024 धारा 147 148 149 341 321 324 325 307 370 338 452 302 504 506 भा०दि०वि० के निम्नलिखित अभियुक्तों के घर पर पु०अ०नि० उपेंद्र सिंह द्वारा 15.10.2024 को इश्तिहार चिपकाया गया।

## धारदार हथियार से युवक की हत्या



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू** : जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूणाडीह में एक युवक की सोए अवस्था में तेज धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन एवं स्थानीय लोगों ने पुलिस के वरीय अधिकारियों को मौके पर आने और खोजी कुत्ता से जांच करने की मांग को लेकर 4 घंटे तक डेड बॉडी को उठने नहीं दिया।

हालांकि बाद में थाना प्रभारी अंचित कुमार के समझाने पर लोगों का आक्रोश शांत हुआ और पुलिस डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भेजा। युवक की पहचान इसी टोल के निवासी 24 वर्षीय सकेंद्र साव पिता सरेश साव के रूप में हुई है। घटना के पीछे जमीन विवाद और पैसों के लेनदेन की चर्चा है। पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई है और जल्द खुलासा होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह सकेंद्र साव सोमवार रात पुराने घर से भोजन करके सोने के लिए नवनिर्मित पक्के मकान में चला गया था मंगलवार की सुबह उसकी डेड बॉडी मकान के बरामदे में खून से लथपथ पाई गई। उसके सिर पर तीन जगह गड़ासा से वार करने के निशान पाए गए।

घटना के क्रम में युवक बचने और भागने का प्रयास कर रहा होगा। ऐसे में उसकी बॉडी मकान के पिलर के पास मिली। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और डेड बॉडी को कब्जे में लेने की कोशिश की तो परिजन और स्थानीय लोगों ने शव उठने नहीं दिया और पुलिस के सीनियर अधिकारी को मौके पर बुलाने और खोजी कुत्ता से जांच करने की मांग पर अड़ गए। हालांकि थाना प्रभारी ने लोगों को समझा बूझकर डेड बॉडी को उठाई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी के अनुसार मामला पैसों के लेनदेन और जमीन विवाद से जुड़ा हो सकता है। घटना मंगलवार अहले सुबह 4 बजे की लगती।

## योजना से शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है : डीडीसी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**देवघर।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला सह अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समापन समारोह मंगलवार को विकास भवन के सभागार में हुआ। उप विकास आयुक्त नवीन कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी-पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है। श्री कुमार ने कहा कि योजना से महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। यह योजना तीन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इसमें महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय और मानव संसाधन मंत्रालय शामिल हैं। इस योजना के मुख्य घटकों में पीसीपीएनडीटी एक्ट को लागू करना, राष्ट्रव्यापी जागरुकता और प्रचार अभियान चलाना एवं विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित कार्य करना है।

उप विकास आयुक्तन ने कहा कि बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर, संवेदनशील और जागरूक बनाकर और सामुदायिक एकजुटता के माध्यम से उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया जा रहा है। पीसीपीएनडीटी एक्ट गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम भारत में कन्या भूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुमार्ने की सजा का प्रावधान है।

कार्यशाला में सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा ने जानकारी दी कि भूण हत्या, जन्म पूर्व लिंग परीक्षण और अन्य किसी भी माध्यम से बेटियों की हत्या को अपराध के तहत दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को कानूनी सजा एवं लाइसेंस रद्द करने और जेल भेजने का प्रावधान है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बेटियां की सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा स्वास्थ्य और बेहतरी के लिए हमें सामाजिक रुप से हम सभी लोगों को आगे आना होगा।

लिंगानुपात की सुधार और बेटियों को उसका पूरा अधिकार देना हम सबों की सामूहिक जिम्मेवारी है। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान मैट्रिक व इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, सीडीपीओ के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला**



संक्षिप्त

## वाहन से टकराई कार, दो लोग घायल

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के गोल बिल्डिंग के समीप मंगलवार को एक कार ने दूसरे वाहन में टक्कर मार दी।इस दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया गया कि एसयूवी कार संख्या बीआर 08 पी 4971 गोविंदपुर की तरफ से धनबाद आ रही थी।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को निजी नर्सिंग होम पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है ।

## बुजुर्ग का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो।** बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र स्थित एक नाला से पुलिस ने मंगलवार को 85 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद किया है।मृतक का पहचान पुनर्वास महतो टोला निवासी रामनरेश सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने शव को नाला से निकालकर जांच-पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।कयास लगाया जा रहा है कि बुजुर्ग क्कि अंधेरे में शार्ट कट रास्ता से जा रहा होगा और पैर फिसलने से नाला में गिर गया होगा।वृद्ध होने की वजह से वह नाला से निकल नहीं पाया और मौत हो गई।

## शाह अहमद अली व शाह मोहम्मद का वार्षिक उर्स संपन्न

**जमशेदपुर।** मानगो जाकिरनगर वेस्ट के खानकाह शरफ मे शाह अहमद अली व शाह मोहम्मद फिरदौसी का दो दिवसीय वार्षिक उर्स उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर परचमकुशाई का आयोजन किया गया। फातिहा गौसे आज का भी आयोजन हुआ। बाद नमाज मगरिब मिलादुन नबी समारोह का आयोजन खानकाह के जनशीं शाह हस्सान अहमद उसमानी के नेतृत्व मे किया गया। जाकिर हुसैन (कटक) ने नात प्रस्तुत किया। आलम फिरदौसी (धनबाद) ने मनकबत पेश किया। कटक के मौलाना अब्दुल हफीज नूरी ने कहा कि कयामत तक बोली जाने वाली किताब का नाम कुरान है। उन्होंने कहा कि रब मिल जाए तो सब मिल जाए। मुबारकपुर जामा अशरफिया के मुफ्ती मो. बद्र आलम मिसबाही ने अपने वक्तव्य मे कहा अल्लाह के लिए जो भी कार्य किया जाए तो दोनों दुनिया संवर जाए। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने जिस हिकमत से मनुष्य को पैदा किया कि विज्ञान भी हैरान है।

## व्यापक स्तर पर चला मतदाता जागरुकता अभियान

**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव 2024 में पूर्वी सिंहभूम जिले में 13 नवंबर को मतदान होना है। जिले के सभी मतदाताओं को मतदान तिथि एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देने के उद्देश्य से शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के निजी और सरकारी स्कूल में चुनावी जागरुकता पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। साथ ही मतदान और लोकतंत्र से संबंधित विषयों के साथ दीवार पेंटिंग गतिविधियां, मतदान के महत्व पर चर्चा, वाद-विवाद बच्चों के बीच आयोजित किया गया। वहीं, जेएसएलपीएस द्वारा पंचायत स्तरीय मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। सभी 231 पंचायतों में एसएचजी सदस्यों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने और अपने-अपने समुदायों में मतदाता भागीदारी को प्रोत्साहित करने की शपथ ली।

# बोकारो जिले की सभी चार विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होंगे मतदान

## आचार संहिता लागू, प्रशासन निर्भीक व निष्पक्ष चुनाव कराने को तैयार : उपायुक्त

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार 34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर, नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 01 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने यहां पत्रकारों से कहीं।

**14,87,103 मतदाता करेंगे मतदान**

श्रीमती जाधव ने बबताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 14,87,103 है। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 76,50,24 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 72,20,46 है। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 33 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 15,904 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग मतदाता 18,731 एवं 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 4,700 है।

**100 मिनट के अन्दर शिकायतों का समाधान**

उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव से संबंधित शिकायत अथवा जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नं.- डायल 1950 सेवा शुरू की गई है, जो सुबह 9.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक कार्यरत रहेगी। निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्घंन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप बनाया गया है, जिसके द्वारा प्राप्त शिकायतों का समाधान 100 मिनट के अंदर किया जाएगा।

**पत्रकार वार्ता में ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका, निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह- अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह- एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह- डीसीएलआर चंदनकियारी प्रभाष दत्ता, निवार्ची पदाधिकारी बेरमो सह- एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहयोगी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह- सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।



### शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना जरूरी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के मतदाता चुनाव के दन घरों से बाहर आयें, लोकतंत्र को समृद्ध बनाने में अपना दायित्व निभायें, यह बहुत जरूरी है। क्योंकि, हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में जिले में चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 72 प्रतिशत मतदान हुए, जबकि बोकारो विधानसभा के बोकारो शहरी, चास नगर निगम क्षेत्र में मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं रहा। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन से इसे लेकर बात की जाएगी और उनके कर्मचारी मतदान में अच्छी भागीदारी निभाएं, इसका प्रयास किया जाएगा।

### आदर्श आचार संहिता लागू

उन्होंने कहा कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिले भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। चौबीसों घंटे सातों दिन कंट्रोल रूम कम्पोजिट कंट्रोल रूम में क्रियाशील है। रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित हो चुका है। मतदान के 48 घंटा पहले लाउडस्पीकर, चुनावी सभा, प्रसार-प्रचार पर रोक रहेगी। सभी उम्मीदवारों को हलफनामा देना होगा। प्रत्याशियों को अपराधिक रिपोर्ट भी देना होगा।

### 828 भवनों में 1581 मतदान केंद्र

उपायुक्त सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी 04 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 828 भवनों में कुल मतदान केंद्र 1581 बनाये गए हैं। इनमें 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 206 भवनों में 341 मतदान केंद्र, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 213 भवनों में 355 मतदान केंद्र, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 204 भवनों में 588 मतदान केंद्र तथा 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 205 भवनों में 297 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### बाजार समिति चास में होगी मतगणना

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, आईटीआई मोड़, चास को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाया गया है।

## आपसी झगड़े में पति ने पत्नी को चाकू मार किया घायल, हालत नाजुक

### बोकारो थर्मल क्षेत्र में नई बस्ती की घटना



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत नयी बस्ती में पति ने चाकू से वार कर अपनी ही पत्नी को गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे की है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि नसी बस्ती निवासी रुपेश यादव का अपनी पत्नी 35 वर्षीय झलवा देवी से किसी बात को लेकर विवाद एवं झगड़ा गया.विवाद बढ़ने पर रुपेश ने चाकू लेकर पत्नी के उपर कई वार ताबड़तोड़ कर दिये, जिससे वह कई स्थानों पर चाकू के घाव से घायल होकर घर के ही आंगन में बेहोश होकर गिर पड़ी। पति रुपेश ने झलवा देवी की गर्दन, उसके पैर, हाथ की उंगली और पीठ पर कई स्थानों पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। बाद में घर के अन्य परिजनों एवं आसपास के ग्रामीणों ने घायल झलवा देवी को इलाज के लिए डीवीसी बोकारो थर्मल हॉस्पिटल पहुंचाया। सूचना पाकर गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव भी डीवीसी हॉस्पिटल पहुंच घटना की जानकारी ली।

डीवीसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने महिला का प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बोकारो के बीजीएच रेफर कर दिया। डीवीसी हॉस्पिटल में पति रुपेश यादव ने लोगों से कहा कि उसकी पत्नी छत पर कपड़ा सुखाने के क्रम में गिरकर घायल हो गई है। स्थानीय थाना की पुलिस महिला का बयान नहीं ले पाई है।

## विभिन्न योजनाओं का हुआ शिलान्यास

**धनबाद** । झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने मंगलवार को अपने क्षेत्र में योजनाओं के शिलान्यास की झड़ी लगा दी।चुनाव की घोषणा से ठीक पहले उन्होंने कई योजनाओं का शिलान्यास किया।पंडरा क्षेत्र के लोगों के लिए रानी तालाब के जिर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया।यहां के लोगों की यह वर्षों पुरानी मांग थी।रानी तालाब का जिर्णोद्धार लघु सिंचाई प्रमंडल धनबाद की से 3 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कालूबथान, यशपुर व पंचेत में कई सड़कों का शिलान्यास किया गया।विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने बताया कि रानी तालाब का जिर्णोद्धार व सौंदयीकर्रण होने से क्षेत्र के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा ।

## आत्मदाह की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** भाजपा नेता विकास सिंह को मानगो की पुलिस ने उनके आवास आशियाना अन्नतारा से गिरफ्तार कर लिया। पूरे दल बल के साथ पुलिस पहले विकास सिंह घर घेर लिया, इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। विकास सिंह का कहना है कि मंगलवार के दिन बजरंगबली की पूजा करने मंदिर जाते हैं। मंदिर जाने की तैयारी कर ही रहे थे, जैसे ही मंदिर जाने के लिए दरवाजा खोला, दरवाजे के बाहर पहले से पुलिस घात लगा कर बैठी हुई थी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। विकास सिंह के पास से केरोसीन और माचिस भी पुलिस ने बरामद किया। बताते चलें कि विकास सिंह ने झूठे मामले में फंसाने का आरोप कदमा थाने की पुलिस पर लगाया था और कदमा थाना प्रभारी के चैंबर में आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। इसी को देखते हुए मानगो थाने की पुलिस ने मंगलवार को विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया। विकास सिंह ने मौजूद अफसर से गिरफ्तारी का कारण पूछा तो गिरफ्तारी करने पहुंचे पुलिस के अधिकारी ने कहा साहब से बात कर लीजिए। विकास सिंह ने कहा मंत्री के दबाव में उनके आंदोलन को दबाने के साथ-साथ उन्हें और उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ना विगत पांच वर्षों से दी जा रही है। जिला प्रशासन बन्ना गुप्ता के सामने नतमस्तक हो गया। विकास सिंह ने कहा अगर जमानत नहीं मिली तो जेल में रहते हुए भी स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से हर तरह की लड़ाई लड़ूंगा।

## जनवादी लेखक संघ बोकारो की शोकसभा में डॉ तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जनवादी लेखक संघ, बोकारो के संरक्षक, झारखंड राज्य परिषद के सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नर नारायण तिवारी के आकस्मिक निधन पर जनवादी लेखक संघ, बोकारो के तत्वावधान में सेक्टर 4 डी में एक स्मृति सभा का आयोजन वरिष्ठ कवि और जलेस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य गोपाल प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें नगर के कई प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने शिरकत की। वरिष्ठ कथाकार प्रह्लाद चंद्र दास, ललन तिवारी, डा परमेश्वर भारती, चांद मुंगेरी, अरुण पाठक, कुमार सत्येन्द्र, संगीता कुमारी, मीरा योगी, शांति भारत, आकाश खूंटी



तथा प्रदीप कुमार दीपक आदि ने अपने प्रिय साथी के साथ बिताए क्षणों को तो साझा किया ही उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डाला। साहित्यकार विनोद कुमार दूबे ने ऑनलाइन अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।लगभग 45 वर्षों तक साथ - साथ रचनाधर्मिता निभाने वाले वरिष्ठ कवि - कथाकार ललन तिवारी ने कई मार्मिक प्रसंगों की तथा उनकी प्रथम पुस्तक ₹क्रांति रथ₹ की चर्चा की। प्रह्लाद चंद्र दास ने कहा कि उनके निधन से जलेस, बोकारो ने एक ओजस्वी और प्रखर वक्ता खो दिया। गजलकार चांद मुंगेरी ने कहा कि बोकारो साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कवि गोपाल प्रसाद बहुत ही भावुक हो गए। जनवादी लेखक संघ में आने के पूर्व वे किस तरह जनवादी शब्द से चिढ़ते थे और उसके सदस्यों विशेष रूप से गोपाल प्रसाद की आलोचना करते थे, वह वाकया उन्होंने सुनाया और कहा कि इसके बाद वे धीरे धीरे जलेस से जुड़ते गए और उसका सदस्य बने। फिर तो जनवाद ने उन्हें ऐसा जकड़ा कि अंत तक न उसके सदस्य और पदाधिकारी बने रहे। क्रांति रथ और मनीषा मंजरी उनके दो काव्य संग्रह हैं और एक पुस्तक मानवीय चिंतन लेखों का संग्रह है। उपस्थित सभी साथियों ने उन्हें याद किया और अंत में दो मिनट मौन रहकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जलेस, बोकारो के जिला सचिव अजय यतीश ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बीएसएल के सतर्कता विभाग ने दिया क्षमता-निर्माण प्रशिक्षण




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो** । सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान -2024 के अन्तर्गत मंगलवार को बोकारो स्टील प्लांट के फ्रंटलाइन अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में आयोजित किया गया, जिसमे विभिन्न विभागों के अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा एवं मनीष जलोटा मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) के साथ संतोष कुमार गुप्ता सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) उपस्थित थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य बी एस एल के अधिकारियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, शासन, आचरण नियम, साइबर सुरक्षा, क्रय इत्यादि के विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था। इस इंटरैक्टिव कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों के साथ ज्ञान तथा जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने किया।

## मनोज स्वर्गियारी बने बोकारो के नए पुलिस कप्तान, पूज्य प्रकाश अब भी इलाजरत

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**बोकारो।** झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अधिसूचना के आलोक में वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी मनोज स्वर्गियारी को बोकारो जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

वह इसके पूर्व धनबाद के रेल पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित थे। बोकारो के निवर्तमान एसपी पूज्य प्रकाश को पुलिस मुख्यालय, रांची में योगदान देने का आदेश जारी हुआ है। ज्ञात हो कि पूज्य प्रकाश पिछले कई दिनों से बीमारी के कारण लंबी छुट्टी पर थे। इस कारण बोकारो एसपी का पद प्रभार पर चल रहा था। धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी प्रभार में थे। सूत्रों के अनुसार, पूज्य प्रकाश का मुंबई में अभी भी इलाज चल रहा है। असम के रहने वाले मनोज स्वर्गियारी ने 2016 में यूपीएससी परीक्षा में 1058वीं रैंक हासिल की थी। पहली बार उन्होंने भारतीय रेलवे ट्रैफिक सेवा (आईआरटीएस) में योगदान दिया था। वह 2009 में साइंस स्ट्रीम से क्लास 12 के फर्स्ट रैंक टॉपर थे। आईआईटी गुवाहाटी से उन्होंने इंजीनियरिंग की। उसके बाद दोबारा प्रयास में वह यूपीएससी परीक्षा निकालकर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में चयनित हुए और अब उन्हें बोकारो का 40वां एसपी नियुक्त किया गया है।

## सतर्कता को ले बताई अधिकारियों व कर्मियों की जिम्मेदारी



**बोकारो।** सतर्कता जागरूकता अभियान - 2024 के अन्तर्गत सामग्री प्रबंधन विभाग के सम्मेलन कक्ष में मंगलवार को मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम , मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा तथा मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ ज्ञानेश झा की उपस्थिति में प्रिवेंटिव विजिलेंस के एबीएमएस विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में कुल 30 अधिकारियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2024 के अंतर्गत तीन महीने तक चलने वाले अभियान का एक हिस्सा था। एबीएमएस जागरूकता सत्र में संकाय के रूप में शनि रंजन, सहायक महा प्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एबीएमएस के पृष्ठभूमि और कार्यान्वयन जैसे विभिन्न पहलुओं तथा अधिशासियों और कर्मचारियों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। चित्रा पाराशर, वरीय प्रबंधक (सतर्कता) के द्वारा क्रय मामलों के प्रसंस्करण में क्या करें और क्या न करें विषय पर सभी प्रतिभागियों के साथ केस स्टडीज के माध्यम से चर्चा की गई।

## बोकारो में दूसरे दिन भी ठप रही 108 एंबुलेंस सेवा, मरीज परेशान

**बोकारो।** बोकारो में 108 एंबुलेंस ठप होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एंबुलेंस कर्मचारी वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज हैं और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे जिला में संचालित करीब 27 एंबुलेंस का परिचालन पूरी तरह से ठप है। कर्मियों ने मंगलवार को उपायुक्त विजया जाधव से मुलाकात करने समाहरणालय गए, लेकिन कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी।

कर्मचारियों का कहना है कि जब पुरानी कंपनी मेसर्स चिकित्सा हेल्थ केयर लिमिटेड की जगह पर सिकंदराबाद की कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज काम कर रही थी। टेंडर समाप्त होने पर मेसर्स चिकित्सा ने दो महीने का वेतन नहीं दिया। अब ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की भी निविदा समाप्त हो गई और अब नई एजेंसी मेसर्स सम्मान फाउंडेशन को 108 एंबुलेंस काम सौंपा गया है। कर्मचारियों में फिर से वेतन फंसने का भय व्याप्त है। बोकारो जिला 108 एंबुलेंस चालक संघ के वरीय सदस्य राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें आज तक पीएफ की सुविधा नहीं मिल रही है। काम का कोई समय भी निर्धारित नहीं है। यहां 12 घंटे की ड्यूटी करने के बाद भी अधिक समय तक काम करना पड़ रहा है। वहीं कर्मचारी स्थाई करने की भी मांग कर रहे हैं। कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

# शिक्षकों ने मनाई मिसाइल मैन कलाम की जयंती

## आधुनिक भारत के महान निर्माताओं में से एक थे कलाम : झा

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** झारखण्ड प्लस 2 शिक्षक संघ जिला इकाई बोकारो की आनलाइन बैठक जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई,जिसमें वक्ताओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम के 93 वें जन्मदिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के लिए उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। बैठक को संबोधित करते हुए झारखण्ड +2 शिक्षक संघ, जिला इकाई बोकारो के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक ने कलाम साहब की काबिलियत एवं सकारात्मक सोच को याद किया। अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने डॉ ए पी जे अब्दुल के जीवन से मिली प्रेरणा का जिक्र किया।

उन्होंने कलाम साहब के जीवन के गौरवशाली क्षणों को साझा किया। उन्होंने कलाम साहब के मार्गदर्शकों को भी याद किया और लोगों को असफलता की जिम्मेदारी स्वयं लेने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डॉ कलाम के संघर्षों को याद किया।

अपने संबोधन में सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम को आधुनिक भारत के महान निमार्ताओं में से एक करार दिया तथा उनके द्वारा संपूर्ण देश में सकारात्मकता की क्रांति लाने के लिए उन्हें याद किया। कोषाध्यक्ष राजदेव साहू ने डॉ कलाम के वैज्ञानिक सोच को नमन किया।राज्य प्रतिनिधि संतोष कुमार महतो ने महान वैज्ञानिक को याद किया।सदस्य अमर कुमार महतो ने कलाम साहब को महान युगद्रष्टा करार दिया। अतिथि के रूप में दिल्ली से जुड़े इंजीनियर प्रतीक कुमार सिंह ने कलाम साहब के महान उपलब्धियों को याद करते हुए उनके सहयोगी राजू खत्री के साथ आज दिल्ली में कलाम साहब का जन्म दिवस मनाने के पल को याद किया। संबोधित करते हुए सदस्य अभिषेक मैती ने डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के ऊपर उनके शिक्षकों के सकारात्मक प्रभाव का जिक्र किया। सदस्य जय प्रकाश रजक एवं चंचल कुमारी ने डॉ कलाम साहब के द्वारा इसरो एवं डीआरडीओ में किए गए क्रांतिकारी कार्यों को सम्मानपूर्वक याद किया।

## एंबुलेंस चालकों की हड़ताल जारी

**धनबाद।** धनबाद के सरकारी (108) एंबुलेंस चालकों व कर्मचारियों की हड़ताल मंगलवार को भी जारी है। एंबुलेंस चालक लंबित वेतन भुगतान सहित छह सूत्री मांगों को लेकर सोमवार रात आठ बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। एंबुलेंस चालकों ने मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना दिया और अपनी मांगों के समर्थन व सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। हड़ताल के कारण मरीजों की परेशानी बढ़ गई है।

# दो अरब 30 करोड़ की आबादी को कब मिलेगी भूख से निजात?



ललित गर्ग

**हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए।**

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार ह्ल आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बबार्दा को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लिए ह्लप्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाह्ल व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है।

विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दशार्ती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बबार्दी सुनिश्चित हो रही है।

कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है ह्लह्ल अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं।

गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें। सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दशार्ता है।

हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?




## संपादकीय

### ढोल में पोल न हो

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधीकरण बुजुर्गों के लिए अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आंकलन कर रही है। इससे तकरीबन साढेरूचार करोड़. परिवारों के छह करोड़. बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। यह आवेदन आधारित योजना है। इसके लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना पोर्टल या आयुष्मान एप पर पंजीकरण करना होगा। 70 या उससे अधिक उम्र वाला हर बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड. प्राप्त करने व तथा विस्तारित योजना शुरू होने पर सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त कराने के पात्र होंगे। पहली सितम्बर तक साढ़े बारह हजार से अधिक निजी अस्पतालों समेत 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचिबद्ध किया जा चुका है। वर्तमान में दिल्ली, ओड़िशा तथा पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में इसे लागू किया जा रहा है। जो लोग पहले से केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं, पूर्वसैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र बल का लाभ उठा रहे हैं, वे दोनों में विकल्प चुन सकते हैं। आम जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा से गंभीर रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा व आयुष्मान जैसी सुविधाओं की शुरूओआत का उद्देश्य किफायती दर पर सबको इलाज मिलने की व्यवस्था उन्होंने ही दी है। हालांकि जितना इसका प्रचार किया गया, यह उतनी सफल नहीं हो पाई। खासकर देश के पिछड़े. राज्यों व इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओंको उपलब्ध कराना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। हालांकि इस नई योजना के तहत अस्पतालों की संख्या काफी बढ़ाई गई है। वरना अब तक लोगों को अपने मरीज को लेकर बड़े. कस्बों या नजदीकी शहर की तरफ भागना पड़ता रहा है। दवाओं और निजी अस्पतालों के मोटे-मोटे बिलों को चुकाने लायक सामर्थ्य अभी अपने यहां बड़े. वर्ग की नहीं है। जिन्हें उम्र संबंधी दिक्कतों से लेकर गंभीर रोगों का इलाज कराने के लिए परिवार का मुंह ताकना पड़ता है। इस योजना के चलते उम्मीद की जा सकती है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, जो अपने बुजुर्गों के इलाज में पैसों की कटौती करने को मजबूर है, अब उनका बेहतर इलाज करवा सकेगा। परंतु मह'वपूर्ण तथ्य याद रखना होगा कि इन अस्पतालों में दवाओं, चिकित्सकों व सहयोगी कर्मचारियों का अकाल न रहने पाए। वरना योजनाओं का लाभ बुजुर्गों को प्राप्त नहीं हो सकता।

## चिंतन-मनन

### अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया।

संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतःस्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है। यह बाहरी भली-बुरी परिस्थितियां मनुष्य के मनोबल, आस्था और अंतःप्रेरणाओं की प्रतीक हैं।


## गुजरात हादसा : कब तक जिंदा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर



नरेन्द्र भारती

कब तक जिन्दा दफन होते रहेंगे बेकसूर मजदूर यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है बेशक प्रतिवर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है । केवल मात्र एक दिन बडे-बड़े सैमिनार, गोष्ठियां की जाती है मजदूरों के हितों को सुरक्षित करने के लिए बड़े दावे किये जातें है मगर 364 दिन मजदूरों के बारे में कोई नहीं सोचता कि मजदूरों के साथ कैसे-कैसे हादसे होते रहते है ।प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं हर जगह मजदूर काल का ग्रास बन रहे है। ताजा हादसा 12 अक्टूबर को गुजरात के मेहसाणा के कड़ी कस्बे मे घटित हुआ जहाँ काम करते समय 9 मजदूर जिन्दा दफन हो गए सभी मजदूरों के शव निकाल दिए है दफन होने वाले मजदूर 25 से तीस साल के थे'मजदूरों ने सपने मे भी नहीं सोचा होगा की उनकी इतनी दर्दनाक मौत होगी'देश में मजदूरों के साथ हादसे कब थमेगें यह एक यक्ष प्रशन है। हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के नाम पर सैकडों योजनाए चलाई जाती है मगर उन्हे उनका हक नहीं मिलता। देश में हर रोज मजदूर बेमौत मर रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार उत्तरकाशी में बेकसूर मजदूरों ने 17दिन और 16 रातें कैसे निकाली थी यह मजदूर ही जानते होंगे' खौफनाक मंजर को कभी नहीं भूल पाएंगे' 17 दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए थे' मजदूरों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था की जिस सुरंग का निर्माण कर रहे हैं उसमें कैद हो जाएंगे' करोड़ों देश वासिओं की दुआएं रंग लाई और मजदूरों को नया जीवन मिल गया और 12दिन सुरंग की कैद से मुक्त हो गए थे' 12 तारीख को एक तरफ रविवार को दीपावली के दिन जहाँ पूरा भारतवर्ष दिवाली की खुशियाँ मना रहा था वहीं दूसरी तरफ उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निमार्णाधीन सुरंग में बहुत ही भयंकर दुःखद हादसा हुआ था जब सुरंग ढहने से 41मजदूर सुरंग के अंदर फंस गए थे' उत्तरकाशी के सिल्कयारा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरंग में फंसे 41 मजदूर जिंदगी व मौत के बीच झूल रहे थे सरकार द्वारा मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जारी रेस्क्यू अभियान का 17 दिन ऑपरेशन जारी रहा था और मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया था' देश प्रतिदिन समाचार पत्रों में मजदूरों के मरने की खबरें सुखियां बनती है मगर सरकारें मूकदर्शक बनी तमाशा देख रही हैं। देश में मजदूरों के साथ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहें हैं ।हर साल दिवस मनाए जाते है मगर धरातल की सच्चाइयां बहुत ही भयानक है मजदूरों का शोषण किया जाता है। मजदूरों के साथ होने वाले यह हादसे बहुत ही त्रासदी है ।कहीं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं ।हादसों की बजह से बच्चे अनाथ हो रहे है ।मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष लाखों मजदूर दबकर मारे जा रहे हैं उद्योगों में जलकर मारे जा रहे हैं। मगर केन्द्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाती लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है ।देश के कारखानों में मजदूर मर रहे हैं, इमारतों के नीचे दबकर मजदूर काल का ग्रास बन रहे है ।हादसों को देखकर रौगंटे खडे. हो जाते हैं देश के राज्यों में चल रहे ईटों के भठठों में मजदूर मारे जा रहे हैं ।मजदूरों के पसीने से ही ईंटें पकती हैं मगर भठठा मालिक मजदूरों का शोषण कर रहे हैं मजदूर खून-पसीना बहाकर काम करते है ।मगर बदले में मेहनताना नाममात्र दिया जाता है ।मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपया कमा रहे है ।आकडों के मुताबिक बीते सालों में देश में हजारों मजदूर मारे जा चुके है ।हादसों नं सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं। बीते वर्ष में रायबरेली के उंचाहार में एटीपीसी संयत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100के लगभग घायल हो गए थे ।500 मैगावाट इकाई के बायलर में यह हादसा हुआ था उस समय 200 कामगार मौजूद थे सरकारों ने मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती है मगर मुआवजा इसका हल नहीं है ।एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था जहां टाज्सफारमर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रशनचिन्ह लगा दिया है इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होगें ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपूर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाईवे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से दस श्रमिक जिंदा जल गए थे ।गत वर्ष एक निमार्णाधिन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से चार मजदूर बेमौत मारे गए ।यहां पर 11 मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक दीवार गिर गई सात मजदूर तो भागकर बच गए मगर बेचारे चार मजदूर जिन्दा दफन हो गए थे ।इन मजदूरों पर 42 मीटर लंबी दीवार गिर गई यह बहुत ही दुखद हादसा था। मुम्बई के अलीबाग में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 9 मजदूर मारे गए और 19 घायल हो गए थे। और दूसरी घटना में 24 फरवरी 2014 को कुल्लु के मणीकर्ण में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी जो के एक ठेकेदार के पास काम कर रहा था इस दर्दनाक हादसे में एक अन्य मजदूर घायल हो गया था। गोवा के कनाकोना शहर में फिर एक निमार्णाधीन इमारत गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई थी। जब यह इमारत ढही उस समय 40 लोग काम कर रहे थे इस घटना ने सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। हांलाकि इसयह कोई पहला हादसा नहीं है पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं गत वर्ष महाराष्ट्र में एक इमारत के गिरने से 75 मजदूरों की असमय मौत गई थी और 60 मजदूर घायल हो गए थे आखिर कब तक मजदूर इमारतों में जमीदोज होते रहगें ।कुछ दिन पहले निमार्णाधीन यह इमारत ताश मे पतों की तरह ढह गई यहां ज्यादातर मजदूर ही रह रहे थे ।यह बहुत ही दर्दनाक हादसा था जिसने एक साथ इतने लोगों को लील लिया । प्रशासन मुआवजे का मरहम लगाता है मगर जो बेमौत मारे गये क्या वे लौट आएगें यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। सरकार ऐसी घटनाओ के बाद मुआवजों की घोषणा करने तथा जांच के आदेश देने में देरी नहीं करती लेकिन यदि पहले ही इन लोगों पर करवाई कर ली जाए तो ऐसे हादसे रुक सकते है मगर सरकारों की तन्द्रा तो हादसे के बाद ही टूटती है। आखिर कितने हादसों के बाद प्रशासन अपनी जिम्मेवारी निभायेगा इस प्रशन का जबाब सरकार को देना होगा। इमारतो का निर्माण करने वाले ठेकेदारों को सजा ए मौत देनी चाहिए जो इन हादसों के लिये प्रत्यक्ष रुप से जिम्मेवार है। जो चंद चादी के सिक्कों के की चाहत के लिए मजदूरों की जिन्दगियां ले रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेना चाहिए जो मानव की जान लेने से भी नहीं हिचकचाते ऐसे जल्लादों को सरेआम फांसी देनी चाहिए।

## जंगली जानवर : नैसर्गिक संरचनाओं को न उजाड़ें



पंकज चतुर्वेदी

ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में जंगल में मंगल होता है। घने वन झूमते हैं और हर जानवर के लिए पर्याप्त भोजन होता है, लेकिन इस बार अकेले उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ऐसे मौसम में बस्ती की तरफ आ रहे हैं और उनकी भिड़ंत इंसान से हो रही है। मुरादाबाद- अमरोहा के सैकड़ों किसान तेंदुए के डर से खेत नहीं जा रहे तो लोगों ने दिन में भी जंगल या एकांत से गुजरना छोड़ दिया है। हापुड़ और मेरठ में भी घनी बस्ती में तेंदुआ पालतू जानवरों का शिकार कर चुका है। बिजनौर में तेंदुआ 25 से अधिक जान ले चुका है। पीलीभीत के आसपास एक हजार से अधिक तेंदुओं के घूमने की बात जंगल महकमा कह रहा है। उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता।

यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन करना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है। तेंदुए जैसे जानवर को क्या जलवायु अपरिवर्तन से जूझने में दिक्कत हो रही है? यह सच है कि जब जंगल का जानवर बस्ती में दिखता है तो इंसान में भी ड़र की भावना आती है। एक तो समझना होगा कि तेंदुआ बस्ती की तरफ या क्यों रहा है, दूसरा यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी जानवर इंसान पर हमला करने के लिए गांव-शहर में आता नहीं, फिर इस बात का ऐसा निदान खोजा जा सकता है कि प्रकृति की यह सुंदर देन अपने नैसर्गिक पर्यवास में निरापद रहे। चीता हमारे सामने उदाहरण है कि आजादी के बाद कैसे वह हमारे देश से लुप्त हुआ था। आज भले ही तेंदुए की संख्या पर्याप्त है, लेकिन जब उसका इंसान से टकराव बढ़ेगा तो जाहिर है कि उसके प्रजनन, भोजन, पर्यवास सभी पर कुप्रभाव पड़ेगा, खासकर जब जलवायु परिवर्तन की मार अब जानवरों पर बुरी तरह से पड़ रही है। यह बात गौर करने की है कि कुछ साल पहले तक तेंदुए के शावक जनवरी से मार्च तक दिखाई देते थे, लेकिन इस बार भारी बरसात में अर्थात जुलाई में जगह-जगह शावक दिख रहे हैं। जाहिर है कि बदलते मौसम ने तेंदुए के प्रजनन काल में बदलाव कर दिया है। हो यह रहा है कि बाघ के कारण तेंदुए जंगल छोड़ने पर जब मजबूर होते हैं तो वे बस्ती-शहर के पास डेरा डालते हैं, जहां तापमान बढ़ने का कुप्रभाव सबसे अधिक है और इस ने उनक काई मूल स्वभाव में परिवर्तन ला दिया है। घने जंगल कम होने से तेंदुए के इलाके में बाघ का कब्जा हो गया और जब पानी और घास पर जीने वाले जीव, जोकि मांसाहारी जानवरों के भोजन होते हैं, उनकी पर्याप्त संख्या होने के बावजूद तेंदुए को अधिक गरम इलाके में आना पड़ रहा है। जान लें कि जंगल का जानवर इंसान से सर्वाधिक भयभीत रहता है और वह बस्ती में तभी घुसता है जब वह पानी या भोजन की तलाश में बेहाल हो जाए। चूंकि तेंदुआ कुत्ते से लेकर मुर्गी तक को खा सकता है अतः जब एक बार लोगों की बस्ती की राह पकड़ लेता है तो सहजता से शिकार मिलने के लोभ में बार-बार यहां आता है। घने जंगल में बिल्ली मौसी के परिवार के बड़े सदस्य बाघ का कब्जा होता है और इसीलिए परिवार के छोटे सदस्य जैसे तेंदुए या गुलदार बस्ती की तरफ भागते हैं। विडंबना है कि जंगल के संरक्षक जानवर हों या फिर खेती-किसानी के सहयोगी मवेशी, उनके के लिए पानी या भोजन की कोई दूरगामी नीति नहीं है। तेंदुआ एक अच्छा शिकारी तो है ही, किसी इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता का मानक चिह्न भी होता है। दुर्भाग्य है कि आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। जंगली बिल्लियों के कुनबे के मूलभूत गुणों से विपरीत इनका स्वभाव हालात के अनुसार खुद को ढाल लेने का होता है। जैसे कि ये चूहों और साही से लेकर बंदरों और कुत्तों तक किसी भी जानवर का शिकार कर सकते हैं। वे गहरे जंगलों और मानव बस्तियों के पास पनप सकते हैं। यह अनुकूलन क्षमता, इन्हें कहीं भी छिपने और इंसान के साथ जीने के काबिल बना देती है, लेकिन जब तेंदुए जंगलों के बाहर उच्च मानव घनत्व वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं, तो हमें लगता है कि वे भटक गए हैं।

हम भूल जाते हैं कि यह उनका भी घर है, उतना ही हमारा भी है। तेंदुआ अपना जंगल छोड़ कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करता था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उसमें बसने वाले जानवरों के प्राकृतिक पर्यवास के नष्ट होने से इंसानी दखल से दूर रहने वाले जानवर सीधे मानव के संपर्क में आ गए। यदि इंसान चाहता है कि वह तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का निवाला ना बने तो जरूरत है कि नैसर्गिक जंगलों को छेड़ा ना जाए, जंगल में इंसानों की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगे। खासकर जंगलों में नदी-नालों को खनिज या रेत उत्सर्जन के नाम पर नैसर्गिक संरचनाओं को उजाड़ा न जाए।



शरद पूर्णिमा को चंद्रमा पूरा नजर आने से इसे महा पूर्णिमा भी कहते हैं। चंद्रमा इस दिन 16 कलाओं से युक्त रहता है। ये कलाएं मनुष्य के लिए सुख-सिद्धि दायक एवं उन्नति कारक मानी है। सर्वार्थसिद्ध और अमृत सिद्ध का संयोग भी इस दिन बन रहा है। खरीद-फरोख्त और नए कार्य आरंभ से लेकर पूजा-पाठ, दान-पुण्य इस दिन होंगे। महंत श्री कृष्णादास के मुताबिक शास्त्रों के अनुसार इस दिन चंद्रमा की 16 कलाएं खिलती हैं। जिनमें औषधीय गुण माने हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी इसे उत्तम माना है। व्रत-उपवास के साथ लोग रात्रि में खीर बनाकर भगवान विष्णु को सबसे पहले भोग लगाते हैं। चंद्रमा का इसलिए भी महत्व है कि इसे समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में से एक मानते है।

# शरद पूर्णिमा

## 16 कलाओं की चांद वाली पूनम रात

आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहते हैं। इसे रास पूर्णिमा भी कहते हैं। ज्योतिष की मान्यता है कि संपूर्ण वर्ष में केवल इसी दिन चंद्रमा षोडश कलाओं का होता है। धर्मशास्त्रों में इस दिन कोजागर व्रत माना गया है। इसी को कौमुदी व्रत भी कहते हैं। रासोत्सव का यह दिन वास्तव में भगवान कृष्ण ने जगत की भलाई के लिए निर्धारित किया है, क्योंकि कहा जाता है इस रात्रि को चंद्रमा की किरणों से सुधा झरती है। इस दिन श्री कृष्ण को कार्तिक स्नान करते समय स्वयं (कृष्ण) को पति रूप में प्राप्त करने की कामना से देवी पूजन करने वाली कुमारियों को चीर हरण के अवसर पर दिए वरदान की याद आई थी और उन्होंने मुरलीवादन करके यमुना के तट पर गोपियों के संग रास रचाया था। इस दिन मंदिरों में विशेष सेवा–पूजन किया जाता है। इस दिन प्रातः काल स्नान करके आराध्य देव को सुंदर वस्त्राभूषणों से सुशोभित करके आवाहन, आसान, आचमन, वस्त्र, गंध, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, सुपारी, दक्षिणा आदि से उनका पूजन करना चाहिए। रात्रि के समय गौदुग्ध (गाय के दूध) से बनी खीर में घी तथा चीनी मिलाकर अर्द्धरात्रि के समय भगवान को अर्पण (भोग लगाना) करना चाहिए। पूर्ण चंद्रमा के आकाश के मध्य स्थित होने पर उनका पूजन करें तथा खीर का नैवेद्य अर्पण करके, रात को खीर से भरा बर्तन खुली चांदनी में रखकर दूसरे दिन उसका भोजन करें तथा सबको उसका प्रसाद दें।

पूर्णिमा का व्रत करके कथा सुनानी चाहिए। कथा सुनने से पहले एक लोटे में जल तथा गिलास में गेहूं, पत्ते के दोनों में रोली तथा चावल रखकर कलश की वंदना करके दक्षिणा चढ़ाए। फिर तिलक करने के बाद गेहूं के 13 दाने हाथ में लेकर कथा सुनें। फिर गेहूं के गिलास पर हाथ फेरकर मिश्राणी के पांव स्पर्श करके गेहूं का गिलास उन्हें दे दें। लोटे के जल का रात को चंद्रमा को अर्घ्य दें। शरद पूर्णिमा से ही स्नान और व्रत प्रारम्भ हो जाता है। माताएं अपनी संतान की मंगल कामना से देवी–देवताओं का पूजन करती हैं। इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के अत्यंत समीप आ जाता है। कार्तिक का व्रत भी शरद पूर्णिमा से ही प्रारम्भ होता है। विवाह होने के बाद पूर्णिमा (पूर्णमासी) के व्रत का नियम शरद पूर्णिमा से लेना चाहिए। शरद ॠतु में मौसम एकदम साफ रहता है। इस दिन आकाश में न तो बादल होते हैं। और न ही धूल–गुबार। इस रात्रि में भ्रमण और चंद्रकिरणों का शरीर पर पड़ना बहुत ही शुभ माना जाता है। प्रति पूर्णिमा को व्रत करने वाले इस दिन भी चंद्रमा का पूजन करके भोजन करते हैं। इस दिन शिव–पार्वती और कार्तिकेय की भी पूजा की जाती है। यही पूर्णिमा कार्तिक स्नान के साथ, राधा–दामोदर पूजन व्रत धारण करने का भी दिन है।

शरद पूर्णिमा की कथा

एक साहूकार की दो पुत्रियां थीं। वे दोनों पूर्णमासी का व्रत करती थीं। बड़ी बहन तो पूरा व्रत करती थी पर छोटी बहन अधूरा। छोटी बहन के जो भी संतान होती, वह जन्म लेते ही मर जाती। परन्तु बड़ी बहन की सारी संतानें जीवित रहतीं। एक दिन छोटी बहन ने बड़े–बड़े पण्डितों को बुलाकर अपना दुख बताया तथा उनसे कारण पूछा। पण्डितों ने बताया–तुम पूर्णिमा का अधूरा व्रत करती हो, इसीलिए तुम्हारी संतानों की अकाल मृत्यु हो जाती है। पूर्णिमा का विधिपूर्वक पूर्ण व्रत करने से तुम्हारी संतानें जीवित रहेंगी। तब उसने पण्डितों की आज्ञा मानकर विधि–विधान से पूर्णमासी का व्रत किया। कुछ समय बाद उसके लड़का हुआ, लेकिन वह भी शीघ्र ही मर गया। तब उसने लड़के को पीढ़े पर लेटाकर उसके ऊपर कपड़ा ढक दिया। फिर उसने अपनी बड़ी बहन को बुलाया और उसे वही पीढ़ा बैठने को दे दिया। जब बड़ी बहन बैठने लगी तो उसके वस्त्र बच्चे से छूते ही लड़का जीवित होकर रोने लगा। तब क्रोधित होकर बड़ी बहन बोली–तू मुझ पर कलंक लगाना चाहती थी। यदि मैं बैठ जाती तो लड़का मर जाता। तब छोटी बहन बोली– यह तो पहले से ही मरा हुआ था। तेरे भाग्य से जीवित हुआ है। हम दोनों बहनें पूर्णिमा का व्रत करती हैं तू पूरा करती है और मैं अधूरा, जिसके दोष से मेरी संतानें मर जाती हैं। लेकिन तेरे पुण्य से यह बालक जीवित हुआ है। इसके बाद उसने पूरे नगर में ढिंढोरा पिटवा दिया कि आज से सभी पूर्णिमा का पूरा व्रत करें, यह संतान सुख देने वाला है।

## शरद पूर्णिमा की रात क्यों खाते हैं खीर?



इस बार 16 अक्टूबर, बुधवार को शरद पूर्णिमा का पर्व है। शरद पूर्णिमा पर खीर खाने की परंपरा भी है। इस प्रथा के पीछे धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व दोनों ही हैं। शरद पूर्णिमा की रात चांद अपनी पूरी सुंदरता बिखेरता है। इस रात चांद से निकलने वाली शीतल किरणें हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होती हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस रात चांद से अमृत बरसता है। इस रात खूले आसमान के नीचे खीर बनाई जाती है। चांद से निकलने वाली किरणें सीधे खीर पर पड़ती है।

चांद की किरणों के प्रभाव से खीर में औषधीय गुण शामिल हो जाते हैं। इस खीर को खाने से सांस संबंधी बीमारियों में राहत मिलती है। दमा रोगियों के लिए यह खीर अमृत समान ही होती है इसीलिए कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा बड़े पैमाने पर दमा रोगियों के लिए खीर बनाई जाती है।



## शरद पूर्णिमा पर करें लक्ष्मी की उपासना

शरद पूर्णिमा की रात को सबसे उज्जवल चांदनी छिटकती है। चांद की रोशनी में सारा आसमान धुला नज़र आता है। ऐसा लगता है मनो बरसात के बाद प्रकृति साफ और मनोहर हो गयी है। माना जाता है कि इसी धवल चांदनी में मां लक्ष्मी पृथ्वी भ्रमण के लिए आती हैं। शास्त्रों के अनुसार शरद पूर्णिमा की मध्य रात्रि के बाद मां लक्ष्मी अपने वाहन उल्लू पर बैठकर धरती के मनोहर दृश्य का आनंद लेती हैं। साथ ही माता यह भी देखती हैं कि कौन भक्त रात में जागकर उनकी भक्ति कर रहा है। इसलिए शरद पूर्णिमा की रात को कोजागरा भी कहा जाता है। कोजागरा का शाब्दिक अर्थ है कौन जाग रहा है। मान्यता है कि जो इस रात में जगकर मां लक्ष्मी की उपासना करते हैं मां लक्ष्मी की उन पर कृपा होती है। शरद पूर्णिमा के विषय में ज्योतिषीय मत है कि जो इस रात जगकर लक्ष्मी की उपासना करता है उनकी कुण्डली में धन योग नहीं भी होने पर माता उन्हें धन–धान्य से संपन्न कर देती हैं।



### शरद पूर्णिमा का महत्व

ऐसी मान्यता है कि माता लक्ष्मी का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसलिए देश के कई हिस्सों में शरद पूर्णिमा को लक्ष्मी पूजन किया जाता है। द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ तब मां लक्ष्मी राधा रूप में अवतरित हुई। भगवान श्री कृष्ण और राधा की अद्भुत रासलीला का आरंभ भी शरद पूर्णिमा के दिन माना जाता है। शैव भक्तों के लिए शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कुमार कार्तिकेय का जन्म भी शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था। इसी कारण से इसे कुमार पूर्णिमा भी कहा जाता है। पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में इस दिन कुमारी कन्याएं प्रातः स्नान करके सूर्य और चन्द्रमा की पूजा करती हैं। माना जाता है कि इससे योग्य पति प्राप्त होता है।

## औषधियों गुणों से भरपूर होती है शरद पूर्णिमा की चांदनी



चंद्रमा मन का कारक है और उसकी चांदनी शीतलता पहुंचाती है। लेकिन यही चांदनी मानव के स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाती है। मानव के अवगुणों को मिटाने के लिए भी चंद्रमा की चादनी सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। वर्ष की चार सर्वश्रेष्ठ पूर्णिमाओं में एक मानी जाने वाली शरद पूर्णिमा सबसे अधिक लाभदायक है। 18 अक्टूबर को आर्श्विन पूणिर्मा के दिन शरद पूर्णिमा है। पंडित विष्णु सरस बताते हैं कि पौराणिक कथाओं के अनुसार शरद पूर्णिमा पर भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला की थी और इसी दिन चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से सुसज्जित होकर धरती को पूर्णतया प्रकाशमय कर देता है। उनके मुताबिक कालरात्रि, शिवरात्रि,दारूण रात्रि एवं मोह रात्रि यह चार रात्रि होती है जिनमें शरद पूर्णिमा को मोह रात्रि भी कहा जाता है।

### औषधि पूर्ण होती है चांदनी

शरद पूर्णिमा के दिन चांद की चांदनी औषधीय गुणों से सराबोर होती है। इस बारे में आयुर्वेदाचार्य राहुल चक्रवर्ती बताते हैं कि जिस प्रकार सूर्य की रोशनी शरीर को रोगमुक्त बनाती है। उसी प्रकार चांद की चांदनी भी इस दिन शरीर के लिए सबसे अधिक लाभकारी होती है। इस दिन की चांदनी में औषधीय तत्वों का समावेश होता है। इस दिन चांदनी में जरूर बैठना चाहिए।


इस दिन चंद्रमा को यदि एकटक त्राटक रेखा में देखा जाए तो आंखों का बहुत अच्छा अभ्यास होता है। इस दिन चंद्रमा की रोशनी में सुई में धागा डालने से भी नेत्रों की ज्योति बढ़ती है।

### जरूर खाएं चांदनी की खीर

पं.महेश चंद वशिष्ठ बताते हैं कि शरद पूर्णिमा की औषधीय गुणों की चांदनी के कारण इस दिन खीर बनाकर चांदनी में रखना चाहिए और सवेरे उसे अवश्य खाना चाहिए। यह शरीर के लिए काफी लाभकारी होती है।

## शरद पूर्णिमा का शास्त्रों में महत्व

पौराणिक मान्यताएं एवं शरद ॠतु, पूर्णाकार चंद्रमा, संसार भर में उत्सव का माहौल। इन सबके संयुक्त रूप का यदि कोई नाम या पर्व है तो वह है शरद पूनम। वह दिन जब इंतजार होता है रात्रि के उस पहर का जिसमें 16 कलाओं से युक्त चंद्रमा अमृत की वर्षा धरती पर करता है। वर्षा ॠतु की जरावस्था और शरद ॠतु के बाल रूप का यह सुंदर संजोग हर किसी का मन मोह लेता है। प्राचीन काल से शरद पूर्णिमा को बेहद महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। शरद पूर्णिमा से हेमंत ॠतु की शुरुआत होती है। इसके महत्व और उल्लास के तौर–तरीकों के संबंध में ज्योतिषाचार्य प्रेमनारायण शास्त्री के अनुसार शरद पूनम का महत्व शास्त्रों में भी वर्णित है। वे बताते हैं कि इस रात्रि को चंद्रमा अपनी समस्त कलाओं के साथ होता है और धरती पर अमृत वर्षा करता है। रात्रि 12 बजे होने वाली इस अमृत वर्षा का लाभ मानव को मिले इसी उद्देश्य से चंद्रोदय के वक्त गगन तले खीर या दूध रखा जाता है जिसका सेवन रात्रि 12 बजे बाद किया जाता है। मान्यता तो यह भी है कि इस तरह रोगी रोगमुक्त भी होता है। इसके अलावा खीर देवताओं का प्रिय भोजन भी है। शरद पूर्णिमा को कोजागौरी लोक्खी (देवी लक्ष्मी) की पूजा की जाती है। चाहे पूर्णिमा किसी भी वक्त प्रारंभ हो पर पूजा दोपहर 12 बजे बाद ही शुभ मुहूर्त में होती है। पूजा में लक्ष्मीजी की प्रतिमा के अलावा कलश, धूप, दुर्वा, कमल का पुष्प, हर्तकी, कौड़ी, आरी (छोटा सूपड़ा), धान, सिंदूर व नारियल के लड्डू प्रमुख होते हैं। जहां तक बात पूजन विधि की है तो इसमें रंगोली और उल्लू ध्वनि का विशेष स्थान है।




## शरद पूर्णिमा की रात जागने पर मिलेगा धन!

शरद पूर्णिमा अर्थात कोजागरी व्रत आश्विन शुक्ल मध्य रात्रि व्यापिनी पूर्णिमा में किया जाता है। ज्योतिषिय नियमों के अनुसार इसी दिन चन्द्र अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। कुछ क्षेत्रों में इस व्रत को कौमुदी व्रत भी कहा जाता है। इस दिन के संदर्भ में एक मान्यता प्रसिद्ध है कि इस दिन भगवान श्री कूष्ण ने गोपियों के साथ महारास रचा था। इस दिन चन्द्रमा कि किरणों से अमृत वर्षा होने की मान्यता प्रसिद्ध है। इसी कारण इस दिन खीर बनाकर रात्रि काल में चन्द्र देव के सामने चांदनी में व मां लक्ष्मी को अर्पितकर अगले दिन प्रातः काल में ब्रह्मण को प्रसाद वितरण व फिर स्वयं प्रसाद ग्रहण करने का विधि–विधान है। इस दिन एरावत पर आरूढ़ हुए इन्द्र व महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है। इससे अवश्य ही लक्ष्मी और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। इस दिन मनुष्य विधिपूर्वक स्नान करके उपवास रखे और जितेन्द्रिय भाव से रहे। मां लक्ष्मी की प्रतिमा को स्थापित कर भिन्न–भिन्न उपचारों से उनकी पूजा करें, तदनंतर सायंकाल में चन्द्रोदय होने पर घी के 100 दीपक जलाए। इस रात्रि की मध्यरात्रि में देवी महालक्ष्मी अपने कर–कमलों में वर और अभय लिए संसार में विचरती हैं और मन ही मन संकल्प करती हैं कि इस समय भूतल पर कौन जाग रहा है? जागकर मेरी पूजा में लगे हुए उस मनुष्य को मैं आज धन दूंगी।स प्रकार यह शरद पूर्णिमा, कोजागर व्रत लक्ष्मीजी को संतुष्ट करने वाला है। इससे प्रसन्न हुई मां लक्ष्मी इस लोक में तो समृद्धि देती ही हैं और शरीर का अंत होने पर परलोक में भी सद्गति प्रदान करती हैं।

# कैबिनेट की बैठक में 22 एजेंडे की स्वीकृति

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न कैबिनेट की बैठक में बिहार खनिज समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण संशोधन नियमावली-2024 की स्वीकृति सहित 22 एजेंडों पर मुहर लगी।

कैमूर और रोहतास जिले के 177 बसावट (132 गांव) के 21644 घरों को सीधे ग्रिड से विद्युतिकरण के लिए "पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना" के तहत 117 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। नये तीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों में इलेक्ट्रॉनिक साधनों लैपटॉप, स्मार्टफोन सहित अन्य उपकरण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसके लिए 190 करोड़ 63 लाख 20 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। बापू टावर के संचालन, रख-रखाव एवं अनुश्रवण के लिए एक करोड़ 63 लाख 5104 की वार्षिक व्यय पर निदेशक संग्रहालय बापू टावर पटना के कार्यालय का गठन सहित कुल 20 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

तत्कालीन क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर जनार्दन प्रसाद सुकुमार की सेवा से बर्खास्तगी के दंड को वापस लिया गया है और उन्हें सेवा में पुनः स्थापित किया गया है। सदर अस्पताल बांका के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नादरा फातिमा को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। बिहार फार्मासिस्ट संवर्ग के मूल कोटि के पदों पर नियुक्ति एवं सेवा शर्त निर्धारण के लिए बिहार फार्मासिस्ट संवर्ग संशोधन नियमावली-2024 के गठन की स्वीकृति दी गई है।



लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के तहत कार्य निरीक्षक संवर्ग की कर्मियों के प्रबंधन, नियुक्ति तथा सेवा शर्त विनियमन के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण क्षेत्रीय कार्य निरीक्षक संवर्ग भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली-2024 की स्वीकृति दी गई है। मोकामा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए 33 पदों के सृजन की स्वीकृति एवं इस वित्तीय वर्ष में एक करोड़ 25 लाख तथा अगले वित्तीय वर्ष में 02 करोड़ 39 लाख 51 हजार रुपये प्रतिवर्ष की राशि के व्यय की स्वीकृति दी गई है। पैक्स चुनाव को लेकर सरकार ने 18 करोड़ 64 लाख 3000 रुपये की स्वीकृति दी है। बिहार तकनीकी सेवा आयोग को प्रतियोगी परीक्षाओं के निष्पादन के लिए 6 करोड़ रुपये आकस्मिकता निधि से देने की स्वीकृति दी गई है।

### आइओ को मिलेगा लैपटॉप व स्मॉर्टफोन

नये तीन आपराधिक कानूनों के प्रावधानों में कांड के जांच में तेजी के लिए इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त अनुसंधान कार्य यथा- घटना स्थल के निरीक्षण, गवाहों के बयान के अभिलेखन, तालाशी और जब्ती की कार्रवाई का ब्योरा भी डिजिटल अभिलेख के रूप में संधारित करना अनिवार्य हो गया है। इसको देखते हुए पुलिस के सभी आइओ को लैपटॉप और स्मार्टफोन मुहैया कराया जायेगा। इसको देखते हुये इन गजट की खरीद पुलिस अधिकारी द्वारा करनी और इसकी प्रतिपूर्ति के लिए 190.63 करोड़ की राशि स्वीकृति की गयी है।

# उम्रकैद काटने जेल जायेंगे मुन्ना शुक्ला सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आज करेंगे सरेंडर

प्रात: नागपुरी संवाददाता

पटना। बिहार के पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड मामले में उम्रकैद की सजा मिलने के बाद बुधवार 16 अक्टूबर को पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला पटना जिला कोर्ट में सरेंडर करेंगे। इसी दिन पूर्वी चंपारण के मंटू तिवारी भी आत्मसमर्पण कर सकते हैं। इसके बाद दोनों दोषियों को जेल भेजा जाएगा।



**हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा** : आईजीआईएमएस में 13 जून 1998 को बिहार सरकार के मंत्री रहे बृजबिहारी प्रसाद की हत्या की गई थी। इस मामले में मुन्ना शुक्ला समेत छह आरोपितों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। हाईकोर्ट ने इसमें सभी को बरी कर दिया था। उसके बाद इसके खिलाफ बृहबिहारी प्रसाद की पत्नी रामा देवी और सीबीआई की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी। चार अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने हत्याकांड में मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी पर उम्रकैद की सजा बरकरार रखी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का फैसला पलट दिया था।

**कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की थी घटना** : इधर, इसी मामले में आरोपी सूरजभान सिंह, राजन तिवारी व अन्य को अदालत ने बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अलोक में दुर्गा पूजा के बाद आत्मसमर्पण की बातें कही जा रही थीं। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि 16 अक्टूबर को मुन्ना शुक्ला सरेंडर कर देंगे। इस हत्याकांड ने तब बिहार में खूब सुर्खियां बटोरी थी। ऐसा कहा जाता है कि इस घटना को खूंखार क्रिमिनल श्रीप्रकाश शुक्ला ने अंजाम दिया था। यह एक तरह से कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की घटना थी।

## दवा व्यवसायी से मांगी 50 लाख की रंगदारी

**सीतामढ़ी।** डुमरा थाना क्षेत्र के पकटोला गांव में बदमाशों ने दवा व्यवसायी, पुत्र व भाई के मोबाइल फोन पर मैसेज भेज कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। रंगदारी की राशि नहीं देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। घटना सोमवार रात की बतायी गयी है। पीड़ित व्यवसायी पकटोला गांव निवासी दिपेश मुखिया ने डुमरा थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में बताया है कि वह अपने घर पर था, तभी रात के 11:48 बजे अज्ञात मोबाइल नंबर 7083205426 से मेरे मोबाइल नंबर पर मैसेज आया। इसमें लिखा था कि 50 लाख रुपये देने का एग्रीमेंट करो, नहीं तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। कुछ देर बाद मेरे भाई चुल्हाई मुखिया के मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजा।

## सोयी अवस्था में नौकर को मारी गोली, मौत

**लखीसराय।** अपराधियों ने मंगलवार की रात बथान पर सोये युवक छोटू कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक नंदपुर गांव के रामाश्रय सिंह उर्फ हादो सिंह का नौकर था। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। रामाश्रय सिंह उर्फ हादो सिंह ने बताया कि अपराधी उन्हें निशाना बनाने आये थे।

# शौचालय के टैंक में गिरने से दो भाइयों समेत तीन की मौत

**दरभंगा।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बेला वार्ड नंबर तीन में शौचालय के टैंक में पाइप लगाने के दौरान स्लैब टूटने से हॉज में गिरकर दो भाइयों सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही विश्वविद्यालय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएमसीएच एसडीएम विकास कुमार एवं सदर एसडीपीओ वन अमित कुमार भी पहुंचे। मृतक की पहचान बेला वार्ड नंबर तीन निवासी सुशील कुमार, सुधीर राम व नवल कुमार के रूप में हुई है। सुशील और सुधीर सगे भाई हैं। घटना में संजय राम गंभीर रूप से जख्मी है, जिसका इलाज एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि स्व। रामप्रीत राम का पुत्र संजय राम अपने शौचालय के टैंक में पाइप लगाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान शौचालय के टैंक का स्लैब टूट गया। स्लैब के टूटने से संजय टैंक में गिर गया। उसे बचाने के लिए टैंक में सुशील एवं नवल उतर गया। शोर सुनकर सुधीर भी टैंक में उतरा। टैंक में जहरीले गैस की वजह से चारों बेहोश हो गये। स्थानीय लोगों ने चारों को बाहर निकाला। हालांकि इस दौरान सुशील, सुधीर व नवल की मौत हो चुकी थी। संजय की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां वह इलाजरत है।स्थानीय लोगों ने बताया कि जख्मी संजय के पिता का निधन कुछ दिन पूर्व ही हुआ है।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में चुनावी ...

स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में और दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। श्री कुमार ने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 1 नवंबर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार में उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह भी मौजूद थे।

### झारखंड: चुनावी खर्च पर...

निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की प्रभावी निगरानी के लिए व्यापक निर्देश जारी किया है।

निर्वाचन आयोग की ओर से चुनावी खर्च पर निगरानी करने के लिए व्यय पर्यवेक्षकों, सहायक व्यय पर्यवेक्षकों, उड़न दस्ते (एफएस), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी), वीडियो निगरानी दल (वीएसटी), वीडियो देखने वाले दल (वीवीटी), लेखा दल (एटी), मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी), जिला व्यय निगरानी समिति (डीईएमसी), जिला शिकायत समिति का गठन और प्रवर्तन एजेंसियां तैनात की जाएंगी। इसके अलावा, इसमें राज्य पुलिस विभाग, राज्य आबकारी विभाग, राज्य वाणिज्य विभाग, आयकर विभाग (इन्वेस्टमेंट), सीबीआईसी, डीआरआई, सीजीएसटी, ईडी, एफआईयू-आईएनडी, एनसीबी, बीसीएएस, सीआईएसएफ, आरपीएफ, बीएसएफ, आईसीजी, डाक विभाग और राज्य वन विभाग को शामिल किया गया है।

फ्री में शराब बांटने पर प्रतिबंध : निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर दी जानकारी में यह भी कहा गया है कि झारखंड में चुनावी प्रक्रिया के दौरान फ्री में शराब के वितरण, संदिग्ध तरीके से उत्पादन और बिक्री, अवैध तरीके से भंडारण आदि पर प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने झारखंड राज्य आबकारी विभाग को चुनाव प्रक्रिया के दौरान शराब और मुफ्त सामान के रूप में प्रलोभन के उत्पादन, वितरण, बिक्री और भंडारण की निगरानी करने का निर्देश दिया है। पूरे राज्य में फ्लाइंग स्क्वॉड, मोबाइल टीमों के कामकाज और संचालन पर जीपीएस ट्रैकिंग और सी-विजिल ऐप के इस्तेमाल से कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

चुनाव के लिए प्रत्याशियों को खोलना होगा नया बैंक खाता : अपने निर्देश में निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा है कि अधिक पारदर्शिता और चुनाव खर्च की निगरानी में आसानी के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को एक अलग बैंक खाता खोलना होगा और केवल उसी खाते से अपना चुनाव खर्च उठाना होगा। आयकर विभाग के जांच निदेशालय को राज्य के हवाई अड्डों पर हवाई खुफिया यूनिट्स को सक्रिय करने और झारखंड में बड़ी मात्रा में धन की आवाजाही की जांच के लिए खुफिया जानकारी एकत्र करने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पूरे चुनाव प्रक्रिया के दौरान 24 घंटे टोल फ्री नंबरों के साथ नियंत्रण कक्ष और शिकायत निगरानी केंद्र संचालित रहेंगे।

एक लाख से अधिक की संदिग्ध निकासी पर सख्त कार्रवाई : इसके साथ ही, निर्वाचन आयाग ने जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) को चुनावी प्रक्रिया के दौरान झारखंड के बैंकों से 1 लाख रुपये से अधिक की असामान्य और संदिग्ध नकदी निकासी या जमा के बारे में जानकारी प्राप्त करने और उचित सत्यापन के बाद आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस दौरान यदि 10 लाख रुपये से अधिक की रकम की निकासी होती है, तो डीईओ ऐसी जानकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को भेजेंगे। प्रत्याशियों के चुनाव व्यय की प्रभावी निगरानी के लिए एफआईयू-आईएनडी से सीबीडीटी के साथ नकद लेनदेन रिपोर्ट (सीटीआर) और संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) साझा करने का अनुरोध किया गया है। डीईओ की जानकारी के आधार पर आयकर विभाग संबंधित कदम उठाने के साथ सख्त कार्रवाई करेगा।

### मतों की गिनती....

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, "पिछले कुछ चुनावों में अगर हम पूरे कैनवास को एक साथ देखें तो 2-3 चीजें एक साथ हो रही हैं। सबसे पहले एग्जिट पोल आता है, जिसे हम नियंत्रित नहीं करते हैं, लेकिन इतना कहूंगा कि आत्मनिरीक्षण की जरूरत है कि सैंपल साइज क्या था, सर्वे कहां हुआ इन सब पर गौर करने की जरूरत है।"

**'यह सब बकवास है'**: मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि नतीजे वाले दिन सुबह 8.05-8.10 से ही नतीजे दिखाए जाने लगते हैं, वह टीवी चैनलों पर दिखाए जाने वाले नतीजों का जिक्र कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि यह बकवास है, क्योंकि पहली गिनती (ईवीएम की) सुबह 8.30 बजे शुरू होती है। हम सुबह 9.30 बजे वेबसाइट पर नतीजे डालना शुरू करते हैं इसलिए, जब वास्तविक नतीजे आने शुरू होते हैं, तो उनमें अंतर होता है। यहीं से समस्या शुरू हो जाती है। यह ऐसा मुद्दा है जिस पर कुछ विचार-विमर्श की आवश्यकता है। दरअसल हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस समेत सोशल मीडिया पर काफी सवाल उठाए गए थे। शुरुआती नतीजों में कांग्रेस काफी आगे थी, जबकि बीजेपी पिछड़ रही थी, चुनाव आयोग का डेटा देरी से जारी हो रहा था, जिसपर कांग्रेस नेताओं ने सवाल खड़े किए थे कि डेटा क्यों सामने नहीं आ रहा है।

### अल्जीरियाई विवि ने...

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य सभी स्तरों पर शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाना है। यह नीति विदेशी शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग के रास्ते भी खोलती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत पश्चिमी संस्थानों की तुलना में बहुत कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है और अफ्रीकी छात्रों को कई छात्रवृत्तियां और फेलोशिप भी प्रदान करता है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी विभागों और अल्जीरिया के युवाओं को भारत सरकार की विभिन्न पहलों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत-अल्जीरिया संबंध अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने से काफी दूर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत और अल्जीरिया के युवा इसे हासिल करेंगे और वे अंततः हमारे लोगों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ाने के लिए सेतु बनेंगे। राष्ट्रपति बुधवार को मॉरिटानिया के लिए रवाना होंगी।

### रांची के उपायुक्त...

मृत्युंजय कुमार बरनवाल बने मनरेगा आयुक्त : झारखंड आजीविका संवर्धन सोसायटी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार बरनवाल को मनरेगा आयुक्त बनाया गया है। वहीं वरुण रंजन इससे पहले झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के एमडी पद पर कार्यरत थे।

बोकारो के एसपी पूज्य प्रकाश को हटाया गया : झारखंड में चुनाव की घोषणा से पहले ही बोकारो के एसपी पूज्य प्रकाश को भी हटाया दिया गया है। उनकी जगह मनोज स्वर्गियारी को जिले का नया पुलिस कप्तान बनाया है। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई।

### झारखंड चुनाव पर...

भाजपा जहां जनता दल (यूनाइटेड) और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली है। वहीं वह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की अगुवाई वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने पर भी विचार कर सकती है।

**सीट शेयरिंग पर भी बात** : झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले को लेकर भी जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, झारखंड की 81 विधानसभा सीटों में से 67 सीटों पर बीजेपी उम्मीदवार खड़े कर सकती है। वहीं, 14 सीटें गठबंधन में शामिल पार्टियों के खाते में जाने की संभावना है। 2019 के विधानसभा चुनावों में, झामुमो ने 81 में से 30 सीटें जीती थीं, कांग्रेस ने 16 और राजद ने एक सीट जीती थी। तीनों दलों ने बहुमत के साथ गठबंधन सरकार बनाई थी। भाजपा ने 2014 में 37 सीट जीती थी लेकिन 2019 में वह 25 सीटों पर सिमट गई थी। आजसू पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ा था और वह दो सीट ही जीत सकी थी।

### अकेले चुनावी...

चुनाव आयोग के इस फैसले का स्वागत करते हुए मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी दोनों राज्यों में अकेले ही विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी प्रयास करेगी कि उनके लोग बीएसपी के साथ जुड़े रहें। इधर-उधर न भटकें।

चुनाव आयोग की सराहना की : चुनाव को जल्दी और छोटे करवाने के लिए मायावती ने चुनाव आयोग की तारीफ की है। मायावती ने कहा कि चुनाव जितना कम समय हो और पाक-साफ हो उतना अच्छा है। चुनाव में धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल न हो इसका पूरा दारोमदार चुनाव आयोग पर है।

झारखंड में दो चरणों में होंगे विस चुनाव : चुनाव आयोग ने झारखंड में दो चरणों में विधानसभा चुनाव करवाने की घोषणा कर दी है। इसके लिए पहले चरण में 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान किया जाएगा। पहले चरण में 43 सीटों पर वोटिंग होगी, तो दूसरे चरण में 38 सीटों पर मतदान होगा। इस बार चुनाव आयोग चुनाव को छोटा और कम समय में करने का प्रयास किया है। 81 विधानसभा सीटों वाली झारखंड में 2019 के विधानसभा चुनाव पांच चरणों में हुए थे। लेकिन इस बार चुनाव दो चरणों में निपटा दिया जाएगा।

### 'चुनाव से पहले...

फ्री की स्कीमों के चुनाव से पहले के वादों के बढ़ते खतरों के बाद भी चुनाव आयोग इस प्रथा को रोकने में कामयाब नहीं हो पाया है। इसमें कहा कि चुनाव इस तरह से कराए जाएं जिससे लोकतंत्र की अखंडता बनी रहे। याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि चुनाव से कुछ समय पहले ही फ्री की योजनाओं पर रोक लग जानी चाहिए। ऐसी रोक सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों पर लागू होनी चाहिए।

बता दें कि महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक में ऐसी स्कीमें काफी ज्यादा देखी गई हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में एंट्री पर लगने वाले सारे टोल टैक्स लाइट मोटर व्हीकल के लिए माफ कर दिए हैं। इसके अलावा लड़की बहिन स्कीम की भी घोषणा की गई थी। इतना ही नहीं झारखंड में भी ऐसी ही स्कीमों का एलान किया गया है। हरियाणा के चुनावों में भी राजनीतिक पार्टियों ने कई तरह की स्कीमों का एलान किया था। सत्तारूढ़ दल से लेकर कांग्रेस पार्टी भी इसमें शामिल है।

### गढ़वा में भाजपा नेता...

जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए। इस लाठीचार्ज की घटना से उग्र भीड़ पुलिस पर जमकर पत्थरबाजी की। जिसमें पुलिस को पीछे हटना पड़ा। वहीं भीड़ ने पुलिस की दो वाहनों को क्षतिग्रस्त कर पलट दिया था। वहीं बैरिकेटिंग सहित पुलिसकर्मियों के छोड़े गये बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट सहित बैरिककेटिंग में आग लगायी गयी थी।

**पत्थरबाजी में पुलिस अधिकारी हुए घायल** : इस पूरे घटनाक्रम में के बाद उग्र भीड़ की ओर से पथराव की घटना में एएसपी राहुल देव बड़ाइक के चोटिल होने और आंसू गैस छोड़ने के साथ ही हवाई फायरिंग की घटना के बाद रविवार की देर शाम तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इसी बीच देर शाम करीब आठ बजे गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, विधायक आलोक चौरसिया, रंका एसडीएम रुद्र प्रताप सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मदगड़ी गांव के पूजा पंडाल पहुंच पहुंचे। जहां पूजा समिति व विशेष समुदाय के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर विवादित सड़क से प्रतिमा का विसर्जन किये जाने की सहमति बनी। सहमति के बाद डीसी, एसपी व पुलिसकर्मियों के साथ विवादित रास्ते के अलावे अन्य रास्तों पर मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। वहीं रात एक बजे कनहर नदी में माता रानी की प्रतिमा को विसर्जित किया गया।

**इन पर भी हथियार लेकर हमला करने का आरोप** : दंडाधिकारी की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी में उपरोक्त नौ लोगों के भड़काऊ भाषण से प्रेरित होकर इनके साथ मिलकर नामजद 43 लोगों पर सुनियोजित तरीके से षडयंत्र रचकर धार्मिक उन्माद फैलाने के लिये हथियार से लैस होकर पुलिस पर हमला करने, सरकारी संपत्ति का नुकसान सहित सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने का आरोप है।

### जम्मू कश्मीर के...

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को डल झील के किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सुबह 11:30 बजे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। समारोह स्थल के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सुरक्षा को इस कार्यक्रम में कई वीवीआईपी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए इंडिया गठबंधन के घटकों को निमंत्रण भेजे गए हैं।

### इस्लामाबाद पहुंचे...

उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं।" जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं।

सुषमा स्वराज ने की थी पाकिस्तान की यात्रा : इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर 'हार्ट ऑफ एशिया' सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे। सुषमा स्वराज ने उस यात्रा में तत्कालीन पाक विदेश मंत्री सरताज अजीज से बातचीत की थी। सुषमा स्वराज और अजीज की वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया जिसमें दोनों पक्षों ने समग्र द्विपक्षीय संवाद शुरू करने के अपने फैसले की घोषणा की थी।

पीएम मोदी ने लाहौर की थी औचक यात्रा : सुषमा की यात्रा से कुछ दिन बाद ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काबुल से भारत लौटते समय लाहौर की 150 मिनट की औचक यात्रा की। मोदी ने अपने तत्कालीन समकक्ष नवाज शरीफ के पैतृक आवास का दौरा किया और शांति के तरीकों पर चर्चा की। हालांकि, पाकिस्तान की धरती से आतंकवादियों के भारत पर हमलों ने संबंधों को नुकसान पहुंचाया। जयशंकर के पाकिस्तान के लिए रवाना होने से पहले भारत ने कहा कि वह एससीओ की विभिन्न प्रणालियों में सक्रियता से शामिल है।

### वैश्विक स्तर पर...

वैश्विक संस्थाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी।" मोदी ने सुरक्षा, सम्मान और समानता को केंद्र में रखते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विधायिका से ऐसे मानक बनाने का आग्रह किया जो समावेशी, सुरक्षित और भविष्य की चुनौतियों के अनुकूल हों, जिसमें नैतिक एआई और निजी जानकारी की गोपनीयता मानक शामिल हैं। मोदी ने कहा कि संघर्षों से त्रस्त दुनिया में आम सहमति और संपर्क की आवश्यकता है और भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, "चाहे वह प्राचीन रेशम मार्ग हो या आज का प्रौद्योगिकी मार्ग, भारत का एकमात्र मिशन दुनिया को जोड़ना और प्रगति के नए द्वार खोलना है।" प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ – विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया।

उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी को भी देखा। मोदी ने मौजूद तकनीकी क्रांति के लिए मानव-केंद्रित आयाम की जरूरत पर जोर दिया तथा जिम्मेदार और टिकाऊ नवाचार का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज के मानक भविष्य की दिशा तय करेंगे और इसलिए सुरक्षा, सम्मान और समानता के सिद्धांत हमारी चर्चाओं के केंद्र में होने चाहिए। मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे।

उन्होंने कहा, "जब दूरसंचार और इससे जुड़ी तकनीकों की बात आती है तो भारत सबसे ज्यादा सक्रिय देशों में से एक है।" भारत की उपलब्धियों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि भारत में 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। देश में पूरी दुनिया के 40 प्रतिशत से ज्यादा डिजिटल लेनदेन होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने दिखाया है कि कैसे डिजिटल संपर्क अंतिम छोर तक आपूर्ति के लिए एक प्रभावी उपकरण बन गया है। भारत के अनुभव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तेजी से क्रियान्वयन के बाद अब देश भर में अधिकतर स्थानों पर 5जी दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध हैं और 6जी पर काम पहले ही शुरू हो चुका है।

भारत में डिजिटल के विकास के आधार : प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत में डिजिटल विकास के चार प्रमुख आधार हैं, जिनमें सस्ता डिवाइस उपलब्ध कराना, देश के हर कोने में कनेक्टिविटी प्रदान करना, सस्ता डेटा और डिजिटल फर्स्ट को प्राथमिकता देना है। पिछले 10 साल में इन प्रमुख बिंदुओं पर अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

## विविध

### 50 प्रतिशत बढ़ें आठ जरूरी दवाओं के दाम, दीपावली से पहले झटका

**नई दिल्ली।** सरकार ने दीपावली से पहले आम लोगों को बड़ा झटका दिया है। भारतीय राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने 'असाधारण परिस्थितियों' और 'जनहित' का हवाला देते हुए सोमवार (14 अक्टूबर) को आठ दवाओं की अधिकतम कीमतें बढ़ा दी हैं। बताते चलें कि, एनपीपीए केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तहत फार्मास्यूटिकल्स विभाग के अंतर्गत आता है। एनपीपीए का गठन 1997 में दवाओं की अधिकतम कीमतों का निर्धारण करने के लिए किया गया था। इसके पास आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत सरकार द्वारा जारी 'ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर' (डीपीसीओ) के अंतर्गत दवा की लागत तय करने का अधिकार है।

एनपीपीए 'अनुसूचित दवाओं' की अधिकतम कीमतें तय करता है, जो भारत की आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची के अंतर्गत आती हैं। वर्तमान में इसमें 350 से अधिक दवाओं के 960 फॉर्मूलेशन शामिल हैं। यह भी बता दें कि एक दवा में एक से अधिक फॉर्मूलेशन हो सकते हैं। इन दवाओं को एनपीपीए द्वारा तय की गई कीमत से अधिक पर नहीं बेचा जा सकता।



कीमतों में मौजूदा सीमा से 50 फीसदी की बढ़ोतरी : सोमवार को जिन दवाओं की कीमतें बढ़ाई गई हैं, उनमें साल्बुटामोल (अस्थमा), इंजेक्शन के लिए स्ट्रेप्टोमाइसिन पाउडर (टीबी), लिथियम (बाइपोलर डिऑर्डर के लिए), और पिलोकार्पिन आई ड्रॉप (ग्लूकोमा के लिए) जैसी दवाएं शामिल हैं। इनकी कीमतों में मौजूदा सीमा से 50 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

एनपीपीए नियमित अभ्यास के तौर पर बीते साल के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आधार पर 1 अप्रैल से शुरू होने वाले प्रत्येक वित्त वर्ष में अधिकतम कीमतें बढ़ाता है। उदाहरण के लिए, एनपीपीए ने डब्ल्यूपीआई को ध्यान में रखते हुए, 1 अप्रैल 2024 या उसके बाद बेची जाने वाली दवाओं के लिए 0.00551% की कीमत में बढ़ोतरी की अनुमति दी। लेकिन 14 अक्टूबर को एनपीपीए ने 50% बढ़ोतरी के लिए 'असाधारण' परिस्थितियों का हवाला दिया।

### राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास की अचानक बिगड़ी तबीयत, एसजीपीजीआई में कराये गये भर्ती




**लखनऊ।** आज यानी मंगलवार शाम को अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें लखनऊ के एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार तबीयत बिगड़ने साथ-साथ उनकी शुगर बढ़ गई। अभी उनकी जांच की जा रही है। चेकअप के बाद आगे की स्थिति और इलाज के बारे में पता चल सकेगा। हालांकि अभी औपचारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि, 86 साल के आचार्य सत्येंद्र दास राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी हैं। सत्येंद्र दास 1992 से राम जन्मभूमि में रामलला के पुजारी हैं। आचार्य सत्येंद्र दास का जन्म उत्तर प्रदेश के अयोध्या के पास एक धार्मिक परिवार में हुआ था।

### बढ़ेगी भारतीय सेना की ताकत, यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को अमेरिका के साथ एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग के माध्यम से अमेरिकी रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'जनरल एटॉमिक्स' से लंबी अवधि के 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदे जाएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसकी लागत करीब चार अरब डॉलर होगी। इसका उद्देश्य चीन के साथ विवादित सीमाओं पर भारतीय सेना की युद्धक क्षमता को बढ़ाना है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में भारत के शीर्ष रक्षा और रणनीतिक अधिकारियों की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जो दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रतीक है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से महज कुछ सप्ताह पहले ड्रोन खरीद के इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने एमक्यू-9बी 'हंटर किलर' ड्रोन की खरीद को मंजूरी दी थी।

इस बातचीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 'जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन' के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल भी समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन की खरीद पर लगभग चार अरब अमेरिकी डॉलर की लागत का अनुमान है। भारत विशेष रूप से चीन के साथ विवादित सीमा पर मुख्य रूप से सशस्त्र बलों की निगरानी व्यवस्था को बढ़ाने के लिए ड्रोन खरीद रहा है।

# समुद्री बलों के लिए महत्वपूर्ण होगा नौसेना रडार स्टेशन पर परिचालन : राजनाथ सिंह



**हैदराबाद (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जिले के दमगुडेम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बहुत कम आवृत्ति (वीएलएफ) रडार स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान कहा कि नौसेना के वीएलएफ स्टेशन में जब परिचालन शुरू हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह देश में नौसेना का दूसरा वीएलएफ संचार ट्रांसमिशन स्टेशन है। तेलंगाना सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आईएनएस कट्टाबोम्मन रडार स्टेशन अपनी तरह का पहला स्टेशन था।

इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजनाथ ने कहा कि मैं, इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े हुए सभी हितधारक को अपनी ओर से बधाई देता हूँ। इसके साथ ही मैं तेलंगाना सरकार का, विशेषकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए रेवंत रेड्डी जी का भी उनके विशेष योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि जब यह वीएलएफ स्टेशन अपने निर्माण के बाद कार्यात्मक हो जाएगा तो, यह हमारे समुद्री सेना के लिए अनेक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मेरी नज़र में, इस प्रकार के उच्च तकनीक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान ही नहीं होते, बल्कि इनका रणनीतिक भूमिका इन्हें राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देता है।

राजनाथ ने कहा कि चाहे वह साधारण परिस्थिति हो या फिर असाधारण परिस्थिति, हर स्थिति में किसीभी कमांड सेंटर का उससे जुड़े हुए सभी लोगों के बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह का होना बहुत जरूरी है। और इस प्रकार के संचार के लिए ऐसे केंद्र बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम की आज जन्म जयंती भी है। डॉ. कलाम ने भारत के डिफ़ेन्स सेक्टर में जो महान योगदान किया है उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इतिहास भी इस बात का गवाह है, कि जिस भी देश ने दुनिया मेंअपनी विशेष पहचान बनाई, जो शक्तिशाली बने, उन्होंने एक समय में समुद्र पर हावी होना जरूर किया। फ्रांसीसियों, पुर्तगालियों और अंग्रेजों ने समुद्र में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई। इस रणनीतिक प्रभुत्व, तथा, संसाधनों की प्रतिस्पर्धा में, अगर भारत को अपना ब्याज सुरक्षित करना है, तो हमारे पास प्लेटफार्म और उपकरण का होना तो जरूरी है ही, उसके साथ-साथ एक संचार प्रणाली का मज़बूत होना भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार भारतीय नौसेना को, लगातार और भी ज्यादा मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, तथा उसके लिए जो भी आवश्यक कदम है, वह उठाने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जहाँ तक इस प्रोजेक्ट की बात है, तो चाहे इसके निर्माण की बात हो, या फिर इस प्रोजेक्ट के निर्माण के बाद, इसके प्रोजेक्ट की बातहो, हर क्षेत्र में पर्यावरणीय स्थितियाँ का पूरा ध्यान रखा गया है। हमने इस बात का भी ध्यान रखा है, कि इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण के समय, अगर कहीं जरूरत हुई तो, प्रभावित नागरिकों के पुनर्वास की भी व्यवस्था सुनिश्चित करना की जाएगी।

# गुजरात में 'शुद्धिकरण', दिल्ली में हुई सप्लाई, 5000 करोड़ रुपये की कोकीन बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आपूर्ति करने से पहले शुद्धिकरण के लिए दक्षिण अमेरिकी देशों से लगभग 1,300 किलोग्राम दवाएं गुजरात की एक दवा कंपनी में लाई गईं थीं। दिल्ली और गुजरात में नशीली दवाओं के सिलसिलेवार भंडाफोड़ के बीच यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, अब तक गुजरात और दिल्ली से 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 13,000 करोड़ रुपये से अधिक है, जिसमें नवीनतम कम से कम 518 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी है, जिसकी कीमत लगभग 5000 करोड़ रुपये है। यह बरामदगी गुजरात और दिल्ली पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद की गई, इस दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नई बरामदगी दिल्ली में 700 किलोग्राम कोकीन की बरामदगी से जुड़ी है। गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी से कोकीन की ताजा बरामदगी के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोमवार को कहा कि दिल्ली भेजे जाने से पहले खेप को रसायनों के साथ मिलाकर परिष्कृत किया गया था। गुजरात से गिरफ्तार आरोपियों में विजय भेसनिया, अश्वनी रमानी और ब्रिजेश कोठिया शामिल हैं, जो अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के सह–मालिक हैं। अधिकारियों ने बताया कि बाकी दोनों में से मयूर देसाले कंपनी में उत्पादन का काम देख रहे थे, जबकि अमित ने मुख्य आपूर्तिकर्ताओं और दवा कंपनी के मालिकों के बीच मध्यस्थता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।


# राजस्थान में डेंगू से अब तक छह की मौत, दहशत में लोग

जयपुर। राजस्थान में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इस साल डेंगू से छह लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में 14 साल का लड़का भी शामिल है। 14 साल के गिरिराज को अलवर के एक अस्पताल में तेज बुखार के साथ भर्ती किया गया था। मरीज में डेंगू की पुष्टि की गई। हालांकि, दो दिन के उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और अस-?पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, सोमवार को मरीज की हालत फिर बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी मिली है कि डेंगू से मरने वाला गिरिराज अपने माता–पिता का इकलौता बेटा था। अब तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में डेंगू से 6 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें एक आरएएस अधिकारी, एक डॉक्टर, एक नर्सिंग छात्रा और एक व्यापारी शामिल हैं। उदयपुर में आरएएस अधिकारी तारू सुराणा की करीब 17 दिन तक डेंगू का इलाज चलने के बाद 5 अक्टूबर को मौत हो गई।

# बहराइच हिंसा : सीएम योगी से इंसाफ चाहते हैं मृतक के परिजन, कहा : हमें न्याय चाहिए

लखनऊ। बहराइच हिंसा में मारे गए शख्स के परिवार ने सीएम योगी आदित्यनाथ से आरोपियों का एनकाउंटर करने की बात कही। मृतक की पत्नी ने कहा कि जैसे मेरे पति को मारा, वैसे ही उन्हें भी मारा जाए। जब उनसे पूछा गया कि क्या सीएम योगी से न्याय मिलेगा तो उन्होंने कहा कि ये तो हमें जाकर ही पता चलेगा कि न्याय करते हैं या नहीं। हमें तो खून के बदले खून चाहिए। वहीं जब उनसे पूछा गया कि पुलिस ने जो कार्रवाई की है, आप उससे संतुष्ट हैं या नहीं तो इस पर मृतक की पत्नी ने कहा कि हम पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। जब तक उन लोगों को सजा नहीं मिलती, हम संतुष्ट नहीं होंगे। वहीं परिवार के एक सदस्य ने कहा कि हमें न्याय मिलना चाहिए। हमने देखा कि उसकी हालत क्या थी। उस दौरान मेरे साथ कोई और नहीं था। न पुलिस और न ही कोई और। पूरी लापरवाही पुलिस की रही। उन्होंने आगे पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन और एसओ की लापरवाही नहीं होती तो कुछ नहीं होता। अगर लाठीचार्ज नहीं होता तो कुछ नहीं होता। हम गिरफ्तारी से संतुष्ट नहीं है। हमें उसका एनकाउंटर चाहिए। मृतक की मां ने कहा कि मेरा बेटा तो चला गया, अब हम क्या करेंगे। हमें बस न्याय मिलना चाहिए। वहीं मृतक के भाई ने कहा कि सीएम योगी से मिलने जा रहे हैं, उनको पूरी बात बताएंगे। हम पुलिस की कार्रवाई से खुश नहीं हैं। पुलिसवालों की लापरवाही का ही ये नतीजा है। मै वहीं मौजूद था जब हत्या हुई थी। हमें न्याच चाहिए।

# इस साल शरद पूर्णिमा पर ध्रुव योग में चंद्रमा से अमृत वर्षा



नई दिल्ली। सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का विशेष महत्व है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा शरद पूर्णिमा होती है। शरद पूर्णिमा व्रत को कौमुदी व्रत, कोजागरी व्रत और रास पूर्णिमा भी कहते है। इस दिन चांद अपनी पूरी 16 कलाओं से युक्त होता है। मान्यता है कि इस चंद्रमा की चांदनी अमृत से युक्त होती है। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन मां लक्ष्मी रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और देखती हैं कि कौन जाग रहा है। जो जाग रहा होता है, उन्हें मां सुख–समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। इस साल शरद पूर्णिमा पर ध्रुव योग में चंद्रमा से अमृत वर्षा होगी। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार, पूर्णिमा तिथि 16 को रात 08-40 बजे पर होगा। आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि का समापन 17 अक्टूबर को शाम 04-55 बजे पर होगा। इस दिन चंद्रमा के निकलने का समय शाम 05 बजकर 05 मिनट पर होगा। शरद पूर्णिमा पर ध्रुव योग के साथ उत्तराभाद्र और रेवती नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इस दिन चंद्रमा मीन राशि में रहेंगे। इस दिन रात में गाय के दूध की खीर बनाकर अर्द्ध रात्रि को भगवान को भोग लगाकर खीर को चांदनी रात में रखा जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से चंद्रमा की किरणों से खीर में अमृत प्राप्त होता है। आधी रात में चंद्रमा को भी अर्घ्य देना चाहिए। पूर्णिमा की चांदनी औषधि गुणों से युक्त होती है। इसमें रखी खीर का सेवन करने से चंद्र ग्रह संबंधी दोष जैसे कफ सर्दी छाती के रोग, मानसिक कष्ट या डिप्रेशन की समस्या और हार्मोनल संबंधी बीमारी में लाभकारी है।

# लगा पटाखे फूट रहे हैं, तभी लोग चिल्लाने लगे फायरिंग हुई, फायरिंग हुई

## -बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में घायल बोला-ऐसा लगा कोई पटाखा पैर के पास फूटा

मुंबई। बाबा सिद्दीकी हत?याकांड के दौरान ही पैर में गोली लगने से घायल हुए युवक राज कनौजिया की स्थिति खतरे से बाहर है। उसने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर दुख जताया और वारदात के बारे में बताया कि गोली लगने के बाद अब वह दो महीने तक किसी भी तरह के एक?शन से दूर रहेगा, जिसके चलते अगले साल फरवरी में होने वाली उसकी बहन की शादी में शामिल होना मुश्किल हो जाएगा। कनौजिया का कहना है कि जब गोली चली तो उसे लगा कि पैर के पास आकर कोई पटाखा फूटा है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टर्स ने उसकी सर्जरी की है। राज ने बताया कि दशहरा होने के चलते उसकी छुट्टी शाम 5 बजे हो गई थी। वह सिलाई का काम करता है। देव मां के दर्शन करने के लिए वह यहां आया था और दुकान पर खड़े होकर जूस पी रहा था। तभी अचानक वहां भगदड़ मच गई। इसी दौरान राज के पैर में कुछ आकर टकराया। देखा तो उसके पैर से खून निकल रहा था। लोग इधर–उधर भागने लगे। लोग चिल्लाने लगे, फायरिंग हुई है, फायरिंग हुई है। एक पैर पर लंगड़ाते हुए वह किसी तरह मंदिर में पहुंचा। कुछ लोगों ने मुझे अंदर ले गए फिर मुझे अस्पताल ले जाया गया।



# 90 साल का भी हो जाऊंगा तो भी लोगों के लिए काम करता रहूंगा: शरद पवार



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का आज ऐलान होना है। चुनाव आयोग दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके तारीखों का ऐलान करेगा। इस बीच वरिष्ठ नेता और एनसीपी के शरद पवार ने कहा कि भले ही मेरी उम्र 84 साल है, लेकिन मैं रुकने वाला नहीं। यही नहीं भले ही उम्र 90 साल हो जाए, लेकिन मैं काम करता रहूंगा। शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाकर ही रहेंगे और इसके लिए हर वक्त काम करते रहेंगे। उनका इशारा अजित पवार की ओर था। शरद पवार फिलहाल एनसीपी-(एसपी) के नेता हैं। शरद पवार ने एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार की ओर से घोषित लड़की बहिन योजना पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि बहन तो बारामती में भी थी, लेकिन वहां उसके सामने चुनाव लड़ा गया। यही नहीं उन्होंने कहा कि पहले तो बहन के खिलाफ चुनाव प्रचार हुआ और लड़ाई की गई। इसके बाद जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आ गए तो वे बहन को याद करने लगे। शरद पवार ने कहा कि हमारे सामने सवाल है कि आखिर महाराष्ट्र किसके हाथों में रहना चाहिए। यह आम लोगों के हाथ में रहे या फिर किसी और को कमान मिले।

उन्होंने कहा कि आप जब भी अखबार खोलते हैं तो एक नई स्कीम पढ़ते हैं। कभी यह बहनों के बारे में होती है। हर कोई बहन का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि मजे की बात तो यह है कि बीते दस सालों में बहनों को याद नहीं किया गया। देवेंद्र फडणवीस के समय में पूरे पांच साल बीत गए और बहनों की याद नहीं आई। उनकी याद उस वक्त आई, जब लोकसभा चुनाव में 48 में से 31 सीटें महाविकास अघाड़ी ने जीत लीं। उन्होंने कहा कि आम जनता इन नेताओं से ज्यादा तेज है। बारामती में भी एक बहन सामने थी, लेकिन जनता ने बहन का साथ दिया। इस दौरान शरद पवार ने खुद के डटने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि मैंने 60 सालों से एक भी छुट्टी नहीं ली है। मैंने 14 बार चुनाव लड़ा। 7 बार लोकसभा में उतरा और इतनी ही बार विधानसभा चुनाव लड़ा है। लगातार आप लोगों की सेवा में ही लगा रहता हूं।

# हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद बढ़ी रार, सैलजा ने की पड़ताल की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित हार ने पार्टी में कलह बढ़ा दी है। चुनाव में कुमारी सैलजा और भूपिंदर सिंह हुड्डा के बीच सीधा टकराव था। इसके अलावा तीसरा धड़ा रणदीप सिंह सुरजेवाला का था। अब यह कलह फिर से सतह पर नजर आ रही है। सैलजा ने तो हाईकमान से मांग की है कि संगठन में बदलाव किया जाए। इस तरह फिर से उनका सीधा निशाना भूपिंदर सिंह हुड्डा पर ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को हुड्डा का ही करीबी माना जाता है।

सिरसा की सांसद ने कहा कि इन नतीजों ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को निराश किया है, लेकिन वह हताश नहीं हैं। हाईकमान हार की पड़ताल करेगा। सैलजा का कहना है कि इस हार पर चिंता करने की बजाय पार्टी को उसके कारणों की पड़ताल करना चाहिए और मंथन करना होगा।

उन्होंने संगठन में बदलाव पर जोर दिया और कहा कि बीते 10 सालों में संगठन ठीक से काम नहीं कर रहा है। सैलजा ने कहा कि पार्टी की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी कार्यकर्ताओं से बात करेगी और उनकी राय ली जाएगी। यह पूछा जाएगा कि आखिर आप हार के क्या कारण मानते हैं। सैलजा ने कहा रिपोर्ट आने के बाद ही हाईकमान फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि हमारी जो हार हुई है, उसका अनुमान तो किसी को भी नहीं था। फिर भी किसी नतीजे तक पहुंचने से पहले हम फीडबैक लेंगे।

वहीं आपसी कलह पर राहुल गांधी के गुस्से वाली खबरों को सैलजा ने खारिज किया है। उन्होंने कहा कि अब तक इस पर उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें कि हरियाणा चुनाव की बड़ी वजह कलह को ही माना जा रहा है। चर्चा है कि भूपिंदर सिंह हुड्डा के हाथ में ही चुनाव की पूरी कमान होने से सैलजा और रणदीप सुरजेवाला ने दूरी बना ली।

इसके अलावा कैप्टन अजय सिंह यादव जैसे नेता भी उपेक्षा का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में कुमारी सैलजा की ओर से बदलाव की मांग ने रार को नए सिरे से तेज कर दिया है। बता दें कि सभी एग्जिट पोल्स में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन जब नतीजे आए तो कांग्रेस नेता समेत राजनीतिक पंडित भी हैरान रह गए।



# नेशनल कॉन्फ्रेंस फारुख अब्दुल्ला को भेज सकती है राज्यसभा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू और कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद करीब चार साल बाद चार राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उमर अब्दुल्ला को 16 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। सूत्रों के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस को तीन राज्यसभा सीटें जीतने की उम्मीद है। गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में 90 में से 48 सीटें हासिल कर बहुमत हासिल किया। सीपीआई-एम, आप और पांच निर्दलीय सहित अन्य दल गठबंधन का समर्थन कर रहे हैं, जिससे कुल मिलाकर संख्या 55 हो गई है। सूत्रों ने बताया कि 29 सीटों के साथ भाजपा को एक राज्यसभा सीट मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सुप्रीमो फारूक अब्दुल्ला को राज्यसभा भेज सकती है, जबकि बीजेपी अपने किसी वरिष्ठ नेता को उच्च सदन में भेज सकती है। सूत्रों ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह और कविंदर गुप्ता, जिन्हें चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया गया था, वे भाजपा के राज्यसभा नामांकन के लिए सबसे आगे हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस अपने अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला को चार राज्यसभा सीटों में से एक से मैदान में उतारकर संसद भेज सकती है। जम्मू-कश्मीर सरकार में केवल 10 मंत्री हो सकते हैं, जिसमें सीएम भी शामिल हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपने सबसे खराब प्रदर्शन में केवल छह सीटें जीतीं।

# नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा 'यूरोपा' का अध्ययन करने के लिए रॉकेट किया लॉन्च

- **यह यान यूरोपा साल 2030 तक पहुंचेगा, 290 करोड़ किमी की यात्रा तय करेगा**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा यूरोपा के अध्ययन के लिए रॉकेट लॉन्च किया है। फ्लोरिडा के केप केनवरल स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से यूरोपा क्लिपर नाम का स्पेसक्राफ्ट के फॉल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया। इस यान को यूरोपा तक पहुंचने में 2030 तक का समय लगेगा। यूरोपा क्लिपर एक रोबोटिक सोलर पावर्ड यान है। यह बृहस्पति ग्रह की कक्षा यानी ऑर्बिट में 2030 में प्रवेश करेगा। इस दौरान यह 290 करोड़ किलोमीटर की यात्रा करेगा। इस यात्रा में उसे करीब साढ़े पांच साल लगेंगे। इस लॉन्चिंग को पहले किया जाना था लेकिन हुरीकेने मिल्टन की वजह से टाल दिया गया था। बृहस्पति ग्रह की ऑर्बिट में पहुंचने के बाद नासा का यह यान तीन साल में यूरोपा चंद्रमा के नजदीक से 49 बार गुजरेगा। इसकी सबसे नजदीकी यात्रा यूरोपा मून की सतह से 25 किलोमीटर ऊंचाई की होगी। यूरोपा क्लिपर को वहां पर धरती से 20 हजार गुना ज्यादा मैग्नेटिक फील्ड का सामना करना पड़ेगा साथ ही भयानक रेडिशन का भी।

इस मैग्नेटिक फील्ड की वजह से सौर कण को बृहस्पति खींचता है इसलिए रेडिशएन बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में यूरोपा क्लिपर को खतरा भी है। यूरोपा क्लिपर में 2750 किलोग्राम ईंधन है। जो इसे बृहस्पति तक लेकर जाएगा।

यूरोपा क्लिपर स्पेसक्राफ्ट को नासा ने बहुत बड़ा बनाया है। यह 100 फीट लंबा है। इसके सोलर पैनल और एंटीना खुल जाते हैं, तब इसकी चौड़ाई कुल मिलाकर 58 फीट होती है। तब यह एक बास्केटबॉल कोर्ट के आकार का हो जाता है। इसका वजन करीब 6000 किलोग्राम है। बृहस्पति ग्रह के पास 95 चंद्रमा है। बर्फीला यूरोपा चौथा सबसे बड़ा चांद है। यह धरती के व्यास का एक चौथाई है। इसकी सतह पर नमकीन पानी का बर्फीला समंदर है। इस चंद्रमा पर पृथ्वी से दोगुना पानी है। यह उम्मीद भी लगाई जाती है कि यहां पर जीवन मौजूद हो सकता है या पनप रहा हो या कभी पहले रहा हो।

यूरोपा का व्यास 3100 किलोमीटर है। पृथ्वी के बाद इस चंद्रमा पर जीवन का संकेत मिल सकता है क्योंकि इसकी सह पर 15 से 25 किलोमीटर मोटी बर्फ की चादर है। जिसके नीचे 60 से 165 किलोमीटर गहरा समंदर है। इस समंदर में जीवन की उम्मीद है। यूरोपा क्लिपर हमारे सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह की यात्रा पर है।

# मध्य प्रदेश के ग्वालियर में डेंगू का प्रकोप एक हजार के पार पहुंची मरीजों की संख्या

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में डेंगू धीरे-धीरे फैलता जा रहा है। मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। जहां ग्वालियर में मरीजों का आंकड़ा एक हजार को पार कर चुका है। स्वास्थ्य विभाग और नगरीय निकाय हालात पर काबू पाने सक्रिय हैं। साफ सफाई अभियान से लेकर जमाव वाले पानी की जांच हो रही है। घर-घर सर्वे भी हो रहा है। राज्य के विभिन्न इलाकों में बीते कुछ दिनों में डेंगू के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। ताजा आंकड़े के अनुसार ग्वालियर में 1000 से ज्यादा, भोपाल में 450, इंदौर में 440 और जबलपुर में 325 डेंगू के मामले सामने आए हैं। डेंगू पर नियंत्रण पाने के लिए नगरीय निकाय और स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय हैं। घर-घर सर्वे कर साफ सफाई का अभियान भी चलाए हुए हैं मगर यह कोशिशें नाकाफी साबित हो रही है। उसका कारण भी है क्योंकि फागिंग मशीन हर इलाके में नहीं पहुंच पा रही है, जिससे मच्छरों की संख्या कम नहीं हो पा रही है, वहीं जगह-जगह पानी का जमाव है। यह स्थितियां मच्छरों की संख्या बढ़ाने में मददगार है।

इस स्थिति पर ग्वालियर की उच्च न्यायालय खंडपीठ ने भी चिंता जाहिर की है। खंडपीठ की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि ग्वालियर में दलदली खुली भूमि पर जो पानी भरा है उस पानी को खत्म किया जाए, बीमारी को रोकने का एक मजबूत सिस्टम बनाया जाए। इसके साथ ही जो मरीज सामने आते हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती करने के अलावा गंभीर मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था की जाए। बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए नियमित सफाई और दवा के छिड़काव के साथ फॉगिंग मशीन का उपयोग करना जरूरी है।




जबलपुर के मलेरिया विभाग के अधिकारी का कहना है कि आमतौर पर सितंबर में डेंगू का असर कम होता है मगर इस बार बारिश का सिलसिला ज्यादा दिन चला है, ऐसी स्थिति में सतर्क रहने की जरूरत ज्यादा है। जबलपुर में ही पिछले साल के मुकाबले इस बार डेंगू के मरीज दोगुने से ज्यादा सामने आए हैं। आने वाले दिनों में मरीजों संख्या ज्यादा न बढ़े इसके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

# तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश, चार लोगों की हुई मौत

**चेन्नई (एजेंसी)।** दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव का क्षेत्र अभी उसी क्षेत्र में बना हुआ है और कल उत्तरी तमिलनाडु की ओर बढ़ने की संभावना है।

वहीं कल शाम से चेन्नई शहर और उपनगरों सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में छिटपुट से लेकर भारी बारिश हुई और कल शाम से राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये मौतें बिजली गिरने और दीवार गिरने के कारण हुईं और राज्य सरकार ने सोमवार देर रात ही पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार सुबह कहा कि इस प्रणाली पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है और आज तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक स्पष्ट रूप से चिह्नित कम दबाव का क्षेत्र बन जाएगा। इसके बाद इसमें तब्दीली होने और उत्तर तमिलनाडु, पुडुचेरी और इससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों की ओर पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव में तमिलनाडु और पुडुचेरी में आज अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी, जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होगी, जिससे तमिलनाडु और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून के आगमन का मार्ग प्रशस्त होगा।

मौसम विभाग के अनुसार कि बुधवार को तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और उत्तर तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, 17 अक्टूबर को आंतरिक तमिलनाडु में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन (जिन्होंने मौसम कार्यालय द्वारा विभिन्न पूर्वानुमान मॉडलों के आधार पर आज भारी बारिश और कल 20 सेमी से अधिक अत्यधिक भारी वर्षा की भविष्यवाणी के बाद मानसून की तैयारियों की समीक्षा की) ने आज चेन्नई और तीन आसपास के जिलों में सभी स्कूलों और कॉलेजों के लिए अवकाश घोषित किया है और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों को अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहने का निर्देश दिया है। भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर संबंधित कलेक्टरों द्वारा कुड्डालोर, विल्लुपुरम और अन्य जिलों में स्कूलों और कॉलेजों के लिए भी छुट्टियां घोषित की गईं। श्री स्टालिन ने चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू जिलों में किए गए एहतियाती इंतजामों की भी समीक्षा की इन जिलों में आज के लिए ऑरेंज अलर्ट और तीन अन्य जिलों के साथ कल के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरी तमिलनाडु और आंतरिक जिलों सहित राज्य के कुल 15 जिलों में आज भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, चेन्नई क्षेत्रीय मौसम निदेशक एस. बालचंद्रन ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित रहने की अपील की है, क्योंकि पूरे राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी नहीं किया गया है। चेन्नई और पड़ोसी जिलों सहित उत्तरी तमिलनाडु के तटों पर भारी बारिश होगी।

कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, क्योंकि आज भारी बारिश और कल अत्यधिक बारिश की संभावना है। इस बीच, मध्य क्षेत्र सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में कल शाम से छिटपुट से लेकर व्यापक स्तर पर बारिश हुई, जिससे मुख्य सड़कों पर बारिश का पानी जमा हो गया। चेन्नई शहर और उपनगरों में भी कल रात से छिटपुट बारिश हुई और पूरी सरकारी मशीनरी तथा ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बारिश के कहर से निपटने के लिए सभी एहतियाती इंतजाम किए हैं।



# पर्ल ग्रुप की पोंजी स्कैम से निवेशकों के चेहरे पर आई खुशी

**ईडी ने निवेशकों की रकम वापस करने का अभियान शुरू किया है ▶▶ यह पोंजी स्कैम करीब 50 हजार करोड़ रुपये का है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 50 हजार करोड़ रुपये के पर्ल ग्रुप पोंजी स्कैम मामले में अब 10 साल बाद निवेशकों के चेहरे पर खुशी लौटनी शुरू हो गई है। इस स्कीम में फंसे करीब 6 करोड़ निवेशकों को प्रवर्तन निदेशालय ने उनकी धनराशि वापस करने के लिए अभियान शुरू किया है।

ईडी ने कहा कि उसने पर्ल एग्रो ग्रुप की 700 करोड़ रुपये की कुर्क की गई संपत्तियों की डिटेल जस्टिस लोढ़ा कमिटी के साथ शेयर की है। लोढ़ा कमिटी का गठन सुप्रीम कोर्ट ने किया था। यह कमिटी जब्त की गई संपत्तियों के निपटान और पीड़ितों को धनराशि वापस करने का काम करती है।





### सेबी ने लगाया था बैन

पर्ल एग्रो ग्रुप ने 18 वर्षों में 59 मिलियन (5.9 करोड़) निवेशकों से 49,100 करोड़ रुपये लिए थे। यह रकम अवैध रूप से ली गई थी। सेबी ने इस ग्रुप पर इस प्रकार से पैसा इकट्ठा करने को लेकर बैन लगा दिया था। इस मामले की जांच एक दशक पहले उस समय शुरू हुई थी जब सीबीआई ने फरवरी 2014 में पहली बार एफआईआर दर्ज की थी। ईडी की जांच में पता चला कि पर्ल ग्रुप के प्रमोटरों ने एक पोंजी स्कीम शुरू की थी। इसमें उन्होंने निवेशकों को प्लॉट आवंटित करने का वादा किया था। हालांकि, रिटर्न देने के बजाय प्रमोटरों ने कोलकाता में रजिस्टर्ड फर्जी संस्थाओं को धनराशि ट्रांसफर कर दी। फिर इन कंपनियों से नकदी के रूप में पैसा निकाला गया और हवाला चैनलों का उपयोग करके दुबई भेजा गया। इसके बाद इन पैसे को होटल और रिजॉर्ट खरीदने के लिए कई देशों में निवेश किया गया।

जांच में पता चला कि ऑस्ट्रेलिया में संपत्ति खरीदने में बड़ा निवेश किया गया था। 2018 में श्ष्ठ ने पीएसीएल और उसके प्रमोटर निर्मल सिंह भंगू की ऑस्ट्रेलिया में 462 करोड़ रुपये की दो संपत्तियां जब्त कीं। चार साल बाद भारत में भंगू के ग्रुप की संस्थाओं और सहयोगियों से जुड़ी 244 करोड़ रुपये की और संपत्तियां जब्त की गईं। इस मामले की जांच अभी भी जारी है।

### कई राज्यों में हुई तलाशी

पिछले हफ्ते ईडी ने इस राशि का पता लगाने के लिए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और उत्तराखंड में 44 स्थानों पर तलाशी ली। हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक श्ष्ठ ने गुरुग्राम में स्त्रः ग्रुप के प्रोजेक्ट स्त्रः पर्ल, स्त्रः सिटी, स्त्रः प्राइम के घर खरीदारों को पहले लॉट में 78 फ्लैट लौटाना शुरू कर दिया है, जिनकी कीमत 20 करोड़ रुपये से अधिक है।

## बेहतर वित्तीय यात्रा के लिए दिवाली से लें सीख, निवेश को अनुष्ठान की तरह आदत बनाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हर साल देशभर में हर किसी को सबसे बड़े त्योहार दिवाली का इंतजार रहता है। यह एक ऐसा अवसर होता है, जो लोगों को इसके लिए महीनों पहले से तैयारी करने पर मजबूर कर देता है। रोशनी का त्योहार समृद्धि के बारे में तो है ही, यह कुछ वित्तीय सबक लेने का अवसर भी है। अधिकांश घर दिवाली से ठीक पहले सफाई में लग जाते हैं, कई लोग इसे रंगवाने के अलावा मरम्मत भी कराते हैं। दिवाली की तैयारी बिल्कुल वैसे ही की जाती है, जैसे आप पर्सनल फाइनेंस के लिए करते हैं। बचत या निवेश के बारे में सोचने से पहले आप यह सोचें कि अपने फाइनेंस से भविष्य में क्या उम्मीद करते हैं। इसका अर्थ यह है कि भविष्य के लिए अपने वित्तीय लक्ष्य बनाएं। इनमें कम और लंबे समय के लक्ष्य शामिल होने चाहिए। अल्पावधि में नए साल की छुट्टियों की योजना और सेवानिवृत्ति व लंबी अवधि में कर्ज मुक्त होने जैसी चीजें शामिल होनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि हर लक्ष्य से मेल खाने के लिए स्पष्ट समय और राशि आपके पास है। यदि आपके पास बचत है तो यह बैंक और अन्य प्रकार के जमा में होनी चाहिए। निवेश भी विभिन्न प्रकार के साधनों में होना चाहिए। इनमें म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार भी हो सकते हैं। यह सुनिश्चित करें कि पैसे को ऐसे साधनों में लगाए हैं जो आपके निवेश उद्देश्य के साथ आपके द्वारा उठाए जा सकने वाले जोखिम से मेल खाते हों। दिवाली का एक पहलू लक्ष्मी पूजा है। इस पर अक्सर कम चर्चा होती है, लेकिन हर कोई समृद्धि के लिए इसका पालन करता है। पूजा के लिए शाम का समय होता है जिसका पालन किया जाता है और जो सही समय पर ही होता है। आप भी सही समय का इंतजार करें।

## ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ ट्राई की कार्रवाई, कीमतों में कटौती से सब्सिडी पर संकट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ नई नियामकीय कार्रवाई हो रही है। इसके तहत ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कंपनी द्वारा अचानक कीमत घटाए जाने पर चिंता जताई है।

कीमत में कटौती- ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी बॉस सेल के तहत एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच मॉडल की कीमत 74,999 रुपए से घटाकर 49,999 रुपए कर दी है।

एआरएआई की चिंता- एआरएआई ने ओला को 8 अक्टूबर को भेजे गए एक मेल में मूल्य में कटौती के बारे में सूचित न किए जाने को लेकर चिंता व्यक्त की है। इस तरह की चूक पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव योजना के तहत सब्सिडी पाने की पात्रता को प्रभावित कर सकती है।

ओला ने एआरएआई को अपने मॉडल की एक्स-फैक्ट्री कीमत 75,001 रुपए बताई है, जिसके आधार पर 10,000 रुपए की सब्सिडी का प्रमाण पत्र दिया गया है।

यदि कीमत 49,999 रुपए कर दी जाती है, तो सब्सिडी घटकर 7,500 रुपए रह जाएगी, क्योंकि 15 फीसदी की सीमा कम एक्स-फैक्टरी कीमत पर लागू होती है।

# लाखों का पैकेज व मॉडलिंग छोड़ शुरू किया देसी काम, अब करोड़ों की कर रही कमाई



**नई दिल्ली-** बिहार की आस्था सिंह ने 18 लाख की नौकरी छोड़कर किसानों की जिंदगी बदलने का बीड़ा उठाया है। मॉडलिंग को अलविदा कहकर उन्होंने ग्रामश्री किसान नाम से अपना कारोबार शुरू किया। यह आज 3 करोड़ रुपये के सालाना टर्नओवर तक पहुंच गया है। आस्था बिहार के किसानों को खेती, पशुपालन और मछली पालन का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही हैं। आइए, यहां उनकी सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

आस्था सिंह पटना की रहने वाली हैं। उनकी शादी साल 2010 में हुई थी। पति विवेक कुमार रेलवे में इंजीनियर हैं। 12वीं के बाद से ही आस्था ने पढ़ाई के साथ मॉडलिंग भी शुरू कर दी थी। पुणे से इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने एमबीए किया। इसके बाद कई नामी कंपनियों में काम किया। ओयो में सिटी हेड के पद पर रहते हुए उन्हें 18 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिलता था। इससे पहले आस्था भारती इंफ्राटेल लिमिटेड में एनर्जी मैनेजर और टाटा टेलीसर्विसेज में इंजीनियर रह चुकी थीं। साल 2019 में उन्होंने बिहार सरकार के पशु और मत्स्य संसाधन विभाग में प्रोजेक्ट यूनिट कंसल्टेंट का पद संभाला।

मुंबई में फोटोशूट के बाद आस्था का चयन मॉडलिंग प्रतियोगिता के लिए भी हुआ। लेकिन, परिवार की रजामंदी न मिलने के कारण आस्था फिलीपींस नहीं जा सकीं। इसके बाद उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। फरि आस्था ने किसानों की जिंदगी बदलने का दृढ़ निश्चय किया। जून 2019 में उन्होंने ग्रामश्री किसान की शुरुआत की। उन्होंने सबसे पहले एक यूट्यूब चैनल शुरू किया। यहां खेती-बाड़ी और पशुपालन से जुड़े वीडियो अपलोड किए। साल 2020 में उनका मोबाइल एप लॉन्च हुआ। 2021 में पटना में ग्रामश्री किसान का पहला सेंटर खोला गया। आज ग्रामश्री किसान के बिहार के 26 ब्लॉक में सेंटर हैं। इससे 6 हजार से ज्यादा किसान जुड़े हुए हैं। पटना स्थित ग्रामश्री किसान का सेंटर 3 एकड़ में फैला हुआ है। यहां किसानों को बकरी, गाय, मुर्गी और मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने और आने-जाने की सुविधा मुफ्त दी जाती है। इसके अलावा, किसानों को पशुओं का चारा, दाना और बाजार उपलब्ध कराने में भी मदद की जाती है। ग्रामश्री किसान के पोल्ट्री फार्म में 1000 मुर्गियां हैं, जबकि शुरुआत सिर्फ 100 मुर्गियों से हुई थी। इसी तरह, 2 गायों से शुरू हुआ आस्था का डेयरी फार्म आज 10 गायों वाला बन चुका है। आस्था के सेंटर में 50 बकरियां भी हैं। ग्रामश्री किसान को भारत और बिहार सरकार से मान्यता प्राप्त है। इस व्यवसाय को शुरू करने के लिए उन्होंने अपनी 27 लाख रुपये की जमा पूंजी लगाई थी। उनकी पार्टनर फर्म ने 30 लाख रुपये का निवेश किया। इसके अलावा, बिहार सरकार की स्टार्टअप पॉलिसी के तहत 10 लाख रुपये और भारत सरकार से 24 लाख रुपये की ग्रांट मिली।

# 11 साल में तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ गया अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड का बाजार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीवन के आधुनिक होने के बीच लोगों की भागदौड़ भी बढ़ गई है। इस बीच घरों में प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का दिनचर्या में कैसे घुसपैठ हो गई है, इसका पता ही नहीं चला है। यदि आप भी इसके आदि हैं, तो इससे तौबा कर लें। क्योंकि इससे न सिर्फ आपके घर का बजट बिगड़ रहा है बल्कि आपको खतरनाक बीमारियों के बीच भी धकेल रहा है। अभी एक रिपोर्ट आई है कि डायबिटीज के लगातार बढ़ते मामलों कसा सीधा संबंध अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से है। लेकिन इसका बाजार है कि बढ़ ही रहा है। साल 2022 में तो इसका बाजार बढ़ कर 2500 करोड़ रुपये के पार चला गया है।

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फूड साइंसेज एंड न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक नए अध्ययन से पता चलता है कि डीप फ्राई, बेक्ड और ग्रिल किए गए अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ एडवांस्ड ग्लाइकेशन एंड प्रोडक्ट्स (एजीई) से भरपूर होते हैं। यह सूजन का कारण बनते हैं और डायबिटीज सहित कई बीमारियों का खतरा पैदा करते हैं। चेन्नई स्थित मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) के डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. वी. मोहन के हवाले से न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने खबर दी है कि भारत में डायबिटीज से पीड़ित लोगों की संख्या 101 मिलियन है। साथ ही 5 से 19 वर्ष की आयु के 10 प्रतिशत से अधिक बच्चे प्री-डायबिटिक हैं। इनमें से अधिकतर का कारण अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड है।

भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। इंडियन काउंसिल फोर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनोमिक रिलेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2011 में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का बाजार 723 अरब रुपये का था। यह 2016 में करीब दूना होकर 1,488 करोड़ रुपये का हो गया। साल 2021 में तो यह बार तीन गुने से भी ज्यादा बढ़ कर 2,535 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस साल कुल प्रोसेस्ड फूड का बाजार तो बढ़ कर 6,000 करोड़ रुपये के भी पार चला गया। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स को कई श्रेणियों में विभाजित किया जाता है। इसमें चॉकलेट और शुगर कंफेक्शनरी, साल्टी स्नैक्स, बीवरेजेज, रेडीमेड और कंवीनिएंस फूड्स और ब्रेकफास्ट सीरियल्स शामिल हैं। देखा जाए तो इस समय भारतीय परिवारों में व्हाइट ब्रेड, स्वीटेंड ब्रेकफास्ट सीरियल्स, फ्रॉजन फूड, एनर्जी ड्रिंक, फ्लेवर्ड पोटेटो चिप्स, सोडा, फ्लेवर्ड कैंडी बार, ब्लेंडेड कॉफी ड्रिंक, फ्रायड चिकन, मेस्ड पोटेटो फ्लेक्स आदि का सेवन खूब बढ़ रहा है। ये सभी अल्ट्रा प्रोसेड फूड ही हैं। डॉ. मोहन बताते हैं जब हम खाद्य पदार्थों को तलते या ग्रिल करते हैं तो इससे ऑक्सीडेटिव पैदा होता है जो सूजन को बढ़ावा देता है। शरीर में पुरानी सूजन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और यहां तक कि कुछ प्रकार के कैंसर से जुड़ी होती है। अत्यधिक ट्रांस वसा वाले फूड स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

# टमाटर, प्याज और आलू ने बिगाड़ा बजट, आसमान पर पहुंचीं कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवरात्रि खत्म होने के बाद भी टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में कमी नहीं आई है। इन्होंने आम आदमी के घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। खुदरा बाजार में जहां आलू 40 रुपये किलो मिल रहा है तो वहीं टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलो पार पहुंच गई है। प्याज के दाम भी 60 रुपये किलो पर हैं। ऐसे में इन तीनों सब्जियों ने ही देश की महंगाई को प्रभावित कर दिया है।

टमाटर, प्याज और आलू की वजह से महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। नीति निर्माताओं के लिए खाद्य पदार्थों की बढ़ाई महंगाई एक चुनौती रही है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 45.9 प्रतिशत। बता दें कि आपूर्ति संबंधी झटके समग्र खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को प्रभावित करते हैं। हाल के महीनों में टीओपी की कीमतों में काफी उछाल आया है। खुदरा खाद्य और पेय पदार्थों में टीओपी की हिस्सेदारी 4.8 प्रतिशत और ओवरऑल सीपीआई में 2.2 प्रतिशत है, लेकिन उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव खुदरा मुद्रास्फीति को प्रभावित करता है।



इनकी कीमतें बढ़ने के कई कारण हैं। पहला मौसम, भंडारण की समस्याएं और तीसरा आपूर्ति संबंधी समस्याएं। कई बार मौसम की मार के कारण इनकी फसल प्रभावित होती है। इससे ये जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कोल्ड स्टोर की कमी और दूसरे कारण से इनका भंडारण सही नहीं हो पाता। ऐसे में ये जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं फसल होने के बाद इनकी आपूर्ति को लेकर भी कई बार समस्याएं होती हैं।

### सप्लाई चेन का बड़ा असर

इन सब्जियों की सप्लाई चेन में गड़बड़ी भी कीमतों में उतार-चढ़ाव का एक महत्वपूर्ण कारक है। स्टडी में पता चला है कि जिस मौसम में इनकी पैदावार कम होती है, उस समय इनकी कीमत बढ़ जाती है। वहीं जिस मौसम में पैदावार ज्यादा होती है, उस समय कीमत कम होती है। कई बार किसानों को अपनी फसल फेंकनी भी पड़ जाती है क्योंकि इन्हें खरीदने वाला कोई नहीं होता। उतार-चढ़ाव वाली मांग-आपूर्ति के कारण भी कीमतों पर असर पड़ता है।

### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक

रिजर्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि टमाटर, प्याज और आलू के प्रोडक्शन में तेजी से वृद्धि हुई है। साल 2022-23 में टमाटर का प्रोडक्शन 20.4 मिलियन मीट्रिक टन , प्याज का प्रोडक्शन 30.2 एमएमटी और आलू का प्रोडक्शन 60.1 एमएमटी होने का अनुमान है। भारत अब दुनिया में टमाटर और आलू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इसने दुनिया में प्याज के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में चीन को भी पीछे छोड़ दिया है और 2022 में वैश्विक उत्पादन में 28.6 प्रतिशत का योगदान दिया है।

### क्या अब कीमत कम होगी

सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक अगले कुछ दिनों में टमाटर की कीमत कम हो सकती है। 100 रुपये किलो पार कर चुका टमाटर 50 से 60 रुपये प्रति किलो पर आ सकता है। वहीं प्याज और आलू की कीमत में भी गिरावट देखने को मिलेगी। इसका कारण है कि बाजार में आलू और टमाटर की नई फसल आनी शुरू होगी।

# करन जौहर की धर्मा प्रोडक्शन में हिस्सेदारी लेगी रिलायंस

**मुंबई एजेंसी।** दोस्ताना, अग्निपथ, कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम, कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, माई नेम इज खान, ये जवानी है दीवानी, टू स्टेट्स, बदरीनाथ की दुलहनिया, राजी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी...। ये कुछ फिल्में हैं, जिनमें एक समानता है। ये फिल्में एक ही प्रोडक्शन हाउस ने बनाई है। यह है धर्मा प्रोडक्शंस। अब खबर आई है कि देश के सबसे अमीर मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस धर्मा प्रोडक्शंस में हिस्सेदारी खरीद सकती है।

हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज बॉलीवुड निर्माता और निर्देशक करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है। माना जा रहा है कि इस सौदे से ऑयल से लेकर टेलीकॉम सेक्टर में कारोबार करने वाली इस कंपनी की भारतीय कंटेंट प्रोडक्शन इंडस्ट्री में स्थिति मजबूत होगी। इस सौदे में किसकी कितनी हिस्सेदारी होगी, इसका पता अभी नहीं चल पाया है।




### करन जौहर कोशिश में हैं

इस रिपोर्ट के मुताबिक करण जौहर पिछले कुछ समय से धर्मा में अपनी हिस्सेदारी बेचने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वैल्यूएशन को लेकर मतभेदों के कारण यह सौदा हो नहीं रहा है। उल्लेखनीय है कि धर्मा में 90.7 प्रतिशत हिस्सेदारी करण जौहर और 9.24 प्रतिशत हिस्सेदारी उनकी मां हीरू की है। इसने अग्निपथ, कुछ कुछ होता है, कभी खुशी कभी गम, कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, माई नेम इज खान, ये जवानी है दीवानी, टू स्टेट्स, बदरीनाथ की दुलहनिया, राजी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी समेत कई लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों का निर्माण किया है।

ऐसा कहा जा रहा है कि हिंदी फिल्म उद्योग के सामने इस समय व्यापक वित्तीय चुनौतियां हैं। फिल्मों का प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ रहा है। थिएटर में दर्शकों की संख्या लगातार घट ही रही है। ऊपर से ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता बढ़ रही है। इसी कारण उपभोक्ताओं की पसंद में बदलाव शामिल हैं। अतीत में, रिलायंस ने बालाजी में अल्पमत हिस्सेदारी हासिल की थी। धर्मा के साथ भी इसी तरह की व्यवस्था की जा सकती है। संभावित हिस्सेदारी खरीद से रिलायंस के कंटेंट प्रोडक्शन पोर्टफोलियो को बढ़ावा मिलेगा, जिसमें वर्तमान में जियो स्टूडियो, वायकॉम 18 स्टूडियो, कोलोसियम मीडिया और बालाजी में अल्पमत हिस्सेदारी शामिल है। इस बारे में रिलायंस और धर्मा ने श्वञ्च के सवालों का जवाब नहीं दिया है। पहले बताया गया था कि धर्मा बहुलांश हिस्सेदारी बेचने के लिए उद्यमी संजीव गोयनका द्वारा समर्थित सारेगामा के साथ बातचीत कर रही है। 8 अक्टूबर को बीएसई फाइलिंग में सारेगामा ने कहा कि उसके पास रिपोर्ट करने के लिए कोई महत्वपूर्ण अपडेट नहीं है।

### क्या है धर्मा की आमदनी

धर्मा प्रोडक्शंस ने वित्त वर्ष 23 में राजस्व में लगभग चार गुना वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वर्ष के 276 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,040 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि, कंपनी के नवीनतम उपलब्ध वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, टॉफ़लर से प्राप्त 1,028 करोड़ रुपये के खर्च के कारण शुद्ध लाभ 59 प्रतिशत गिरकर 11 करोड़ रुपये रह गया।

# अब और महंगा हुआ अस्पताल में इलाज कराना

**ऑपरेशन के लिए सर्ज प्राइस के नाम पर काटी जा रही जेब**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर कोई शख्स किसी अस्पताल में इलाज कराने जा रहा है तो उसे आम दिनों के मुकाबले ज्यादा पैसा देना पड़ सकता है। दरअसल, काफी अस्पताल मरीजों से सर्ज प्राइस ले रहे हैं। अगर उस अस्पताल में पहले से ज्यादा मरीज भर्ती हैं तो नए मरीज को इलाज के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ सकता है। यह ठीक इस प्रकार है जैसे हवाई जहाज की टिकट में होता है।



हवाई जहाज में जैसे-जैसे पैसेंजर की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यात्रा से एक महीने या इससे पहले टिकट बुक कराने पर सस्ती टिकट मिलती है। अगर आपको कल ही जाना है तो टिकट महंगी हो जाएगी। क्योंकि फ्लाइट में यात्रियों की संख्या बढ़ रही होगी। यही तरीका अस्पताल अपना रहे हैं। इस तरीके से मरीजों के साथ बीमा कंपनियों को भी परेशानी हो रही है।

हेल्थ सेक्टर में एक नया चलन देखने को मिल रहा है। अगर किसी मरीज का कोई ऑपरेशन होना है और ऑपरेशन थिएटर उस समय लगभग भरे हुए हैं तो अस्पताल ऑपरेशन थिएटर के लिए पीक चार्ज या सर्ज चार्ज (एक्स्ट्रा चार्ज) ले रहे हैं।

जैसे-जैसे ऑपरेशन थिएटर भरेंगे, सर्च चार्ज बढ़ता जाएगा। इससे इलाज में अतिरिक्त खर्च आ रहा है। इससे मरीजों और इंश्योरेंस कंपनियों को बढ़ी हुई लागत उठानी पड़ रही है। ऐसे में बीमा कंपनियों जो पहले पूर्वानुमानित लागतों के साथ व्यापक पैकेज पेश करती थीं, अब अनबंडलिंग की पेशकश कर रही हैं। हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक इलाज का खर्च साल-दर-साल बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें महंगाई की दर सामान्य महंगाई की दर के मुकाबले 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ रही है। वहीं अस्पताल के ऐसे नए नियम इस इलाज को और महंगा बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे नए नियमों के कारण इलाज के खर्च में करीब 20 फीसदी की तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि रुटीन प्रोसिजर जैसे लेप्रोस्कोपी या हिस्टेरेक्टोमीज भी अब अस्पतालों के नए नियमों में जुड़ गए हैं। यानी इनमें भी पीक चार्ज लागू हो रहा है।

# बीआईटी मेसरा कर लालपुर सेंटर करालक प्रतिजोगिता





□ कलात्मक पेंटिंग आउर डिजिटल पोस्ट मेकिंग कर आयोजन

सोनू सपरवार

**रांची।** बीआईटी मेसरा कर लालपुर सेंटर कर तत्वावधान में ग्राफिक गाला बिसय उपरे कलात्मक पेंटिंग आउर डिजिटल पोस्ट मेकिंग कार्जकरम 15 अक्टूबर के आयोजित करल गेलक। ई कार्जकरम कर आयोजन विजुअल एंड आर्ट प्रोफार्मिंग सोसाइटी करलक।

कार्जकरम कर सुभारंभ संस्थान कर इंचार्ज डॉ प्रणव कुमार करलयं। ऊ ई प्रतिजोगिता में भाग लेवेक वाला सउब प्रतिभागीमन कर अद्भुत छमता उपरे आपन बात राखलयं। कहलयं कि आइज पढ़ाई कर अत्यधिक बोझ कर चलते छात्र ई किसिम कर गतिबिधिमन से आपने के दूर राखयंना। हालांकि संस्थान कर प्रतिभावान छात्रमनइके प्रतिजोगिता कर रूप देइ के बेहतर बनाएक कर काम कइर हयं। इकर में एक से बइढ़ के एक कलात्मक पोस्टर देखेक ले मिललक। ऊ सउब प्रतिभागीमन के बधाई देलयं। कार्जकरम कर संयोजक डॉ अमृता प्रियम आउर डॉ महुआ बनर्जी बतालयं कि पूरा प्रतिजोगिता में बिभिन्न परकार कर आयोजन करल गेलक। इकर में पोस्टर मेकिंग संगे कतई बिसय सामिल हय। निर्नायक कर भूमिका में डॉ सोमनाथ मुखर्जी, डॉ अमृता प्रियम, डॉ संजय कुमार आउर डॉ महुआ बनर्जी रहयं।दूसर मुकाबला कर बिसय क्विक वित रहे, जेकर प्रतिभागीमन आपन वाक्पटुता कर बेहतरीन परदरसन करलयं। निर्नायक कर भूमिका में डॉ उमेश प्रसाद आउर डॉ सोमित्रो चक्रवर्ती उपस्थित रहयं। ग्राफिक्स गाला में पहिल पुरस्कार वेदिका अग्रवाल के मिललक। दूसर अस्थान सुश्री संसिता झा आउर तीसर संजुक्त रूप से प्राची कुमारी आउर अनुष्का पाठक प्राप्त करलयं। क्विक वित में पहिल अस्थान कुमार पुष्कर प्राप्त करलयं। दूसर अस्थान शिवांगी तिवारी आउर तीसर अस्थान अनुष्का श्रीवास्तव प्राप्त करलयं। आयोजन में सोसाइटी कर सुश्री आर्य सिंघल, शिवांगी, सृष्टि राज, ऐंजल, प्रांजल, अरुणिमा, राजवीर, नैनसी, खुशी मोहनी उपस्थित रहयं। ईमन आयोजन में मुध भूमिका निभालयं।

## कोलेबिरा में ठेंगड़ी रोजगार मेला कर आयोजन

**सिमडेगा।** ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 कर आयोजन जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर सिमडेगा कर तत्वावधान में एसएस हाई स्कूल कोलेबिरा में होलक। इ मेला में कुल 12 कंपनी भाग लेलंय, जेकर में 6 ठो स्थानीय आउर 6 गो बाहरी कंपनी शामिल होय रहंय। स्थानीय कंपनी में कुल 350 भरती कर पेसकस करल गेलक, जबकि बाहरी कंपनी 950 भरती करेगा जोगदान देलंय। कार्जकरम में भाग लेवेक वला मनक सकारात्मक परतिकिरिया देखल गेलक। भविस में इ कार्जकरम आउर मेला के परखंड स्तर में आयोजित करेक प्रोत्साहन मिललक, जेकर में जादा से जादा के रोजगार देवक बात कहलंय। अइसन आयोजन से युवा मन के नोकरी कर अवसर मिलेला आउर छेतर कर विकास आउर कौसल में भी बढ़ोतरी होवेला।



## श्री श्याम मंदिर में आइज मनी सरद पूरनिमा उत्सव



**रांची।** रांची कर हरमू रोड कर श्री श्याम मंदिर में सरद पूरनिमा कर अवसर में खाटू नरेश कर विशेष उत्सव कर आयोजन 16 अक्तूबर के कय ठो कार्जकरम कर साथे होवी। श्री श्याम मित्र मंडल कर परथम महामंतरी विश्वनाथ नारसरिया मंगर के कहलंय कि खाटू धाम कर श्री श्याम मंदिर कर परंपरा अनुसार हरमू रोड कर श्री श्याम खाटू मंदिर में सरद पूरनिमा कर उत्सव होवी। इ दिन मुख्य समारोह 9 बजे शुरु होवी। खाटू नरेस कर अखंड पावन ज्योति जलाबंय आउर भजन कीरतन होवी।

# नवल टाटा हॉकी अकादमी नीदरलैंड दउरा ले फॉरेन एक्सपोजर टूर कर सुरुआत करलयं

**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) नीदरलैंड दउरा ले आपन फॉरेन एक्सपोजर टूर कर सुरुआत करेक कर घोसना कइर हयं। 24 गो प्रतिभासाली कैडेटमन कर एगो समूह, एनटीएचए कर कोचमन आउर सपोर्ट स्टाफ कर संगे, परतिष्ठित डेन बॉश हॉकी क्लब कर खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मक मैचमन में भाग लेवेक ले अकादमी कर प्रतिनिधित्व करी।

ई एक्सपोजर टूर जुवा खेलाड़ीमन ले आपन कउसल के निखराएक आउर एगो परतिष्ठित मंच में बहुमूल्य अंतररास्ट्रीय अनुभव प्राप्त करेक कर एगो अद्वितीय अवसर परदान करेला। डेन बॉश हॉकी क्लब कर ले ई एक्सपोजर टूर खेलाड़ीमन के सांस्कृतिक जानकारी परदान करेक, यूरोपीय पद्धतिमन कर अनुसार उनकर स्ट्रेंथ आउर कंडीसनिंग (एस एंड सी) के बेहतर बनाएक आउर अंतररास्ट्रीय अकादमी संरचनामन कर गहरा समझ परदान करेक ले तइयार करल जाए हे।



नीदरलैंड उत्कृस्ट हॉकी परंपरा ले जानल जाएला। कैडेटमन ले उच्च-परदरसन वाला बाताबरन में आपन छमता निखराएक ले आदर्स अस्थान होवी। ई टूर कर एगो केंद्रीय उद्देस सांस्कृतिक आदान-परदान हेके, जेकर से जुवा एथलीटमन के ई खेल कर बैसविक परकृति कर परत्यछ अनुभव करेक कर अवसर मिली। यूरोपीय खेलाड़ीमन कर संगे परसिछन लेवेक आउर परसिद्ध डच कोचमन से सीखेक कर माध्यम से, कैडेट बिभिन्न परसिछ्न तकनीकमन आउर रननीतिमन में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त करबयं।

ई टूर कर एगो महतपुर्न पहलू स्ट्रेंथ आउर कंडीसनिंग (एस एंड सी) कार्जकरममन उपरे जोर देवेक हय, जे यूरोप में बेयापक रूप से परचलित हय। कैडेटमन के यूरोपीय सइली कर सारीरिक परसिछन दिनचर्या से अवगत कराल जाई, जे एथलेटिक परदरसन के अनुकूलित करेक, रिकवरी के बढ़ायेक, आउर चोट से बचाएक ले डिज़ाइन करल जाए हे। ई एक्सपोजर न खली उनकर सहनसक्ति, फुर्ती, आउर ताकत के बिकसित करी, बल्कि उनके अंतररास्ट्रीय मानक के पूरा करेक ले उनकर समग्र फिटनेस मानकमन के भी बेहतर बनाई। नीदरलैंड में रहेक कर दउरान, कैडेट आउर कोचमन के दुनिया कर कुछ सउबसे उन्नत अकादमी सेटअप कर अवलोकन आउर अध्ययन करेक कर अवसर भेंटाई। ऊमन अकादमी कर निदेसक आउर कोचमन कर संगे बातचीत करे पारबयं ताकि खेलाड़ीमन कर बिकास ले बेवस्थित तरीका, कोचिंग पद्धति, आउर खेल बिगेयान कर एकीकरन कर बारे में गेयान प्राप्त कइर सकयं, जे एगो सतत उच्च-स्तरीय एथलीट समूह बनाएक ले महतपूर्न हेके। ई टूर एनटीएचए ले एगो उपलब्धि हेके, जे बिस्व अस्तरीय खेलाड़ीमन के तइयार करेक कर आपन प्रतिबद्धता के मजबूत करेला आउर उनके बैसविक मंच में सफलता प्राप्त करेक ले जरुरी साधन परदान करेला।

## रांची में काली पूजा कर भब्य आयोजन के लेइ के तइयारी सुरू



**रांची।** रांची महानगर काली पूजा समिति राजधानी रांची में काली पूजा कर भब्य आयोजन के लेइ के तइयारी सुरू कइर देइ हे। ई कड़ी में 20 अक्टूबर के बिहार क्लब में दूपहर 2 बजे से काली पूजा कर सफलता के लेइ के रननीति तय करेक ले बैठकी बुलाल जाए हे। इकर में 2024 ले महानगर काली पूजा कर नवा कमेटी कर गठन करल जाई। रांची महानगर काली पूजा समिति कर मुध संरछक आलोक कुमार दूबे, अध्यछ विनय सिंह कर नेतृत्व में महानगर काली पूजा समिति कर पदधारीमन बित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश कांग्रेस अध्यछ केशव महतो कमलेश, रांची विश्वविद्यालय कर कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, समाजसेवी लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता संगे आउर कतई गनमान्य बेक्तिमन से मुलाकात कइर के 20 अक्टूबर कर बैठकी में आवेक कर निमंत्रन देलयं। संगे, 31 अक्टूबर के काली पूजा कर आयोजन में मार्ग दरसन करेक कर अनुरोध भी करलयं। महानगर काली पूजा समिति कर प्रतिनिधमंडल में अजीत सिंह टिंकू, धीरज वर्मा, बबलू वर्मा, सपन साहू, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, मोहित रजक, यश वर्मा, प्रिंस सिंह भी मौजूद रहयं।

## एसबीयू में फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एक्सपर्ट टॉक कर करलक आयोजन

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) में फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एक्सपर्ट टॉक कर आयोजन सेबी कर सहयोग से करलक। कार्जकरम में बोलते मुध गोतिया सेबी कर सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर डॉ. सुजीत मुखर्जी बित्तीय बचत, निवेस, बैंक लोन, सिक्योरिटी मार्केट आउर म्यूचुअल फंड कर बिसय में उपस्थित सिछक आउर बिद्यार्थीमन कर बिस्तार से जानकारी देलयं। निवेस से जुड़ल समस्यामन आउर उकर निराकरन में सेबी कर भूमिका कर भी ऊ चरचा करलयं। एसबीयू कर महानिदेसक प्रो. गोपाल पाठक आपन संबोधन में निवेस में जागरुकता कर जरूरत उपरे जोर देलयं। संगे निवेस कर दउरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़ल खतरा कर प्रति आगाह करलयं। आइज कर दउर में बित्तीय घोटाला आउर उकर मकड़जाल में उलझत नवा पीढ़ी के ऊ इके निपटेक ले बित्तीय साछरता कर जरूरत बतालयं। कार्जकरम में फैकल्टी ऑफ़ कॉमर्स कर डीन डॉ. संदीप कुमार सेबी कर बिसय में उपस्थित श्रोतामन कर परिचय कराते अइसन आयोजनमन कर महत्ता उपरे परकास डाललयं। ऊ अइसन आयोजन के बिद्यार्थीमन कर जानकारी ले बेहतर करार देलयं। कार्जकरम में सोवागत करण प्रताप सिंह आउर धन्यवाद डॉ. कुणाल सिन्हा करलयं। ई अवसर में डॉ.अरविंद भंडारी, डॉ. एल.जी. हनी सिंह, डॉ. अतुल करण, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ. अंजली श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहयं। विवि कर प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान आउर डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ई कार्जकरम कर आयोजन ले आपन सुभकामना प्रेसित करलयं।



## सीसीएल कर जन आरोग्य केंद्र लगालक निःसुल्क स्वास्थ्य सिबिर

**रांची।** सीसीएल कर जन आरोग्य केन्द्र रांची कर पिस्का नगड़ी इस्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में निःसुल्क श्वसन तंत्र (रेस्पिरेटरी सिस्टम) जांच सिबिर कर आयोजन 15 अक्टूबर के करलक। उक्त सिबिर में बिसेसग्य चिकित्सकमन कर द्वारा 40 गो बिरिधमन कर जांच करल गेलक। उनके चिकित्सीय सलाह आउर जरुरत कर अनुसार निःसुल्क दवा भी देवल गेलक। आश्रम में बिसेस कइर के हीमोग्लोबिन, ब्लड सुगर, ईसीजी आउर हाइपरटेंसन कर निःसुल्क जांच करल गेलक।



मालूम होवी कि सीसीएल देस कर ऊर्जा जरूरतमन के पूरा करेक ले कोयला उत्पादन कर संगे-संगे आपन करमीमन आउर हितधारकमन कर स्वास्थ्य कर प्रति सजग हेके। ई किसिम कर निःसुल्क स्वास्थ्य सिबिरमन कर आयोजन बेरा-बेरा में करते रहेला।

सिबिर कर सफल आयोजन में सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन, सीएमओ (सीएसआर) डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. मेजर शिल्पी, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. अनीता होरो, डॉ. रजनी कुजूर, डॉ. दीपाली, डॉ. सत्यप्रकाश रंजन, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. प्रियंका झा आउर पारा मेडिकल स्टाफ कर जोगदान रहे।

## सितंबर में सब्जी मनक महंगाई दिखथे, थोक महंगाई 48.73 बढ़लक

सुनील महतो

**रांची।** सितंबर महीना में सब्जी मनक भाव बहुते बइढ़ जाय हय। सब्जी कर थोक महंगाई दर 48.73 परतिशत तक बइढ़ जाय हय। आलू आउर पेयाज कर भाव 78 परतिशत, बिलांती कर भाव 48 परतिशत तक बइढ़ जाय हय। खुदरा भाव में भी अदमी मनक चिंता बढ़ाय देय हय। इ रिजरप बैंक कर 5 परतिशत कर सीमा के भी पार कइर दे हय आउर सब्जी मनक भाव लगभग 36 परतिशत बइढ़ जाय हय। इ दर अगस्त में खाली 10 परतिशत रहे। सितंबर में खाद्य महंगाई 9.24 परतिशत होय जाय हय, जबकि अगस्त में इ दर 5.66 रहे। खुदरा भाव में लगभग 7.46 परतिशत कर बढ़ोत्तरी भेलक हय।



इ बात के सउब जानैन कि सब्जी कर किल्लत से भाव चढ़ेल। आलू आउर पेयाज आउर बिलांती कर उपज तो लगातार बढ़थे। 2022 तक इनकर पैदावार 63 परतिशत बइढ़ जाय हय। 2022-23 में भारत दुनिया में दूसर सबसे जादा आलू-बिलांती उत्पादक बइन जाय हेय, हुवें भारत पेयाज तक सउब कर से बढ़ उत्पादक बइन जाय हय, बावजूद इकर सब्जी मनक भाव बढ़ते जात हय।आंकड़ा कर अनुसार भारत में उपभोक्ता मनेक सब्जी कर खपत महीनावारी 3-4 परतिशत तक स्थिर हय। कुल उत्पादन कर खाली 8.6 परतिशत पेयाज आउर 2 परतिशत आलू-बिलांती निरयात होवेल। इकर मतलब हय कि पूरा घरेलू खपत में होवेल। लेकिन फिर भी एतना भाव कइसे बइढ़ जाय हय। एक रुपया में किसान सउब के खाली 33-37 पइसा मिलेल। आलू, पेयाज आउर बिलांती कर क्रांति से किसान मने अमीर नी बइन हंय। रिजरप बैंक कर अनुसार उपभोक्ता मनक खरचा में किसान सउब के खाली 33-37 पइसा मिलेला। थोक बेयपारी मने 32 से 37 पइसा कमात हंय आउर बाकी बचल खुदरा बेचवइया मने कमात हंय।सब्जी कर इ चक्कर में मौसम भी एक ठो बड़का भूमिका निभायेल। सब्जी कर भंडारण आउर आपूर्ति कर नया उपाय खोजेक होवी। इ इसथिति में किसान आउर उपभोक्ता दुइयो कर पोकेट खाली होवत हय।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com